राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 75 पृष्ठः 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com हिमाचल संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी व अन्य केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

# सिसोदिया की रिमांड 5 दिन बढ़ी

## ईडी ने कोर्ट से कहा- उनसे और सवाल करने हैं, अभी ईमेल-मोबाइल डेटा का एनालिसिस कर रहे, अब सिसोदिया को 22 मार्च तक ईडी की कस्टडी में रहना होगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**


**दिल्ली** शराब नीति केस में राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को मनीष सिसोदिया की रिमांड अवधि 5 दिन बढ़ा दी। अब सिसोदिया को 22 मार्च तक ईडी की कस्टडी में रहना होगा। हालांकि जांच एजेंसी ने कोर्ट से 7 दिन कस्टडी बढ़ाने की मांग की थी। ईडी ने कोर्ट में कहा कि एलजी ने जब इस मामले की शिकायत की तो सिसोदिया ने अपना फोन बदल दिया था, लेकिन एजेंसी ने उनके मोबाइल डेटा को फिर से निकाल लिया है। अब एजेंसी उनके ईमेल और मोबाइल फोन से निकाले गए डेटा का एनालिसिस कर रही है। अभी हमें सिसोदिया से और सवाल पूछने हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईडी ने कहा कि मामले से जुड़े दो लोगों को 18 और 19 मार्च को बयान दर्ज करने के लिए बुलाया गया है। उन्हें सिसोदिया के



सामने बैठाकर ई-मेल और मोबाइल से मिले डेटा के बारे में पूछताछ करनी है। इस पर कोर्ट ने कहा कि ईमेल से मिले डेटा के बारे में पूछताछ करने के लिए उन्हें कस्टडी में रखने की जरूरत नहीं है। ये तो आप जेल में भी कर सकते हैं।

**सिसोदिया के वकील ने कहा- ईडी अब सीबीआई की प्रॉक्सी बन गई है:** वहीं, सिसोदिया के वकील ने कोर्ट को बताया कि ईडी ने पूर्व डिप्टी सीएम के खिलाफ किसी क्राइम का जिक्र नहीं किया है। एजेंसी को बताना होगा कि प्रोसीड ऑफ क्राइम क्या हुआ? यह नहीं बताना है कि क्या अपराध हुआ। कन्फ्रंट कराने के लिए हिरासत की जरूरत नहीं होती। जब सीबीआई मामले में पूछताछ कर चुकी है तो ईडी को पूछताछ करने की क्या जरूरत है? ईडी अब सीबीआई की प्रॉक्सी एजेंसी के रूप में काम कर रही है।

### सिसोदिया ने एक साल में 14 फोन तोड़ेः ईडी





**जोहैब** ने कहा, 'एक साल के समय में 14 फोन इस्तेमाल किए गए और बदले गए। इन्हें तोड़ भी दिया गया। सिसोदिया ने उन फोन का इस्तेमाल किया, जिन्हें दूसरों ने खरीदा था। सिम कार्ड भी सिसोदिया के नाम पर नहीं था ताकि बाद में वो अपने बचाव में इस बात को इस्तेमाल कर सकें।'

### 'साउथ के ग्रुप ने आप नेताओं को 100 करोड़ घूस दी'

**ईडी** के वकील ने कहा कि 'दक्षिण के ग्रुप ने आप नेताओं को 100 करोड़ की घूस दी। एक ग्रुप बनाया गया ताकि दिल्ली में 30% शराब कारोबार को चलाया जा सके। दस्तावेज दिखाते हैं कि नायर ने सिसोदिया के प्रतिनिधि के तौर पर कविता से मुलाकात की। नायर कविता को यह बताना चाहता था कि सिसोदिया किस तरह से लिकर पॉलिसी को प्रभावित कर सकते हैं।'

### 'सिसोदिया शुरूआत से ही टालमटोल कर रहे'

**ईडी** के वकील ने दलील दी, 'एक फोन भी सिसोदिया के नाम पर नहीं था। एक सिम कार्ड देवेंदर शर्मा के नाम पर था। यह दिखाता है कि इस केस में बड़े पैमाने पर सबूतों को तबाह किया गया। आप खुद देखिए कि हम सिसोदिया की कस्टडी क्यों चाहते हैं। वह शुरूआत से ही टालमटोल कर रहे हैं।'

## राजस्थान में 19 नए जिलों के गठन का एलान



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में नए जिलों के गठन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 19 नए जिलों के गठन के साथ, राज्य में अब कुल 50 जिले हैं। इसी बीच मुख्यमंत्री गहलोत ने विपक्षी नेताओं की चुटकी लेते हुए कहा कि सभी लोग ताली बजाओ, जिले मेरे थोड़ी हैं, यह तो सभी के हैं, जिलो में सभी की तालियां एकसाथ बजनी चाहिए। तभी तो जिले बनाने में मजा आएगा।

मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि हमें राज्य में कुछ नए जिलों के गठन की मांगें मिलीं। हमने इन प्रस्तावों की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया था और हमें अंतिम रिपोर्ट मिल गई है... मैं अब राज्य में नए जिलों के गठन की घोषणा करता हूं।

## राहुल गांधी को सदन में माफी मांगनी होगीः अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को स्पष्ट कहा कि राहुल गांधी की माफी से कम कुछ भी स्वीकार्य नहीं है। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने कल पत्रकार वार्ता में कहा था कि वे लंदन में दिए अपने बयान पर सदन में अपनी बात रखना चाहते हैं। आज (शुक्रवार) कांग्रेस नेताओं ने लोकसभा में अध्यक्ष से राहुल गांधी को अपनी बात रखने देने का आग्रह किया। हालांकि हाउस के व्यवस्थित स्थिति में न होने के चलते कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया। अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी के नाम राहुल की व्याख्या अंग्रेजी के रिग्रेटफुल, ऑफुल, हेटफूल, अनग्रेडफुल लायर के तौर की। उन्होंने संसद के बाहर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आज देश पूछ रहा है कि क्या एक परिवार सदन और देश से बड़ा है। विदेशी धरती से संसद और देश का अपमान करने वाले राहुल गांधी को संसद में आने और देश से माफी मांगने में शर्म नहीं आनी चाहिए।

## कांग्रेस आज की नई मुगलः असम सीएम



**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**

**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस को आज की नई मुगल बताया। इस दौरान उन्होंने पार्टी पर भारत को दुर्बल करने का आरोप लगाया। असम सीएम ने कहा कि उन्होंने कहा कि पहले मुगलों ने देश को कमजोर किया। अब कांग्रेस दोबारा भारत को कमजोर करने का काम कर रही है। सरमा ने कहा कि कांग्रेस आज की नई मुगल है। अगर कहीं राम मंदिर बनता है तो उन्हें आपत्ति होती है। आप क्या मुगल के बच्चे हैं...। सरमा ने कहा कि औरंगजेब ने सनातन संस्कृति को समाप्त करने की कोशिश की, लेकिन वह हमारी सनातन संस्कृति को समाप्त नहीं कर पाया।

## ड्रग्स मामले में बिक्रमजीत मजीठिया को नोटिस



**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने ड्रग्स मामले में शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रमजीत सिंह मजीठिया को हाई कोर्ट से मिली जमानत के खिलाफ पंजाब सरकार की याचिका पर नोटिस जारी किया है। 30 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस सूर्यकांत ने इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। दरअसल, बिक्रमजीत सिंह मजीठिया को ड्रग्स मामले में नियमित जमानत देने के हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मजीठिया के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के कार्यकाल में एनडीपीएस एक्ट के तहत मोहाली में एफआईआर दर्ज की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में बड़ी राहत देते हुए मजीठिया के चुनाव लड़ने तक गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी।

## 'भारत को विकसित बनाने में बड़ा योगदान देंगे केरल के शिक्षित युवा'






**टीम एक्शन इंडिया/तिरुवनंतपुरम/नई दिल्ली**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार ने कहा कि केरल के शिक्षित और समर्पित युवा 'अमृत-काल' के दौरान भारत को एक विकसित देश बनाने में बहुत बड़ा योगदान देंगे। राष्ट्रपति तिरुवनंतपुरम में केरल सरकार द्वारा उनके सम्मान में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने रचना के माध्यम से कुदुम्बश्री@25: केरल में महिलाओं की समकालीन कहानियां और अनुसूचित जनजाति के व्यापक विकास से जुडी योजना, उन्नति का भी उद्घाटन किया। सभा को संबोधित करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि केरल का लिंगानुपात देश में अब तक सबसे अच्छा है। केरल में महिला साक्षरता सहित उच्चतम साक्षरता दर भी है। मातृ स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और शिशु मृत्यु दर को रोकने के मानकों पर केरल का प्रदर्शन देश में सबसे अच्छा है। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं को किसी भी समाज में महत्वपूर्ण भूमिका दी जाती है, तो इसका परिणाम उस समाज की समग्र बेहतरी में होता है। केरल में, महिलाओं को अधिक शिक्षित और सशक्त किया गया है जो कई मानव विकास सूचकांक पर केरल के बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है।

## देश में 4 महीने बाद कोरोना के 796 केस मिले



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देश में** कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। कोरोना के 796 मामले सामने आए। 754 मरीज मिले थे। पिछले 4 महीनों में हर दिन मिलने वाले कोरोना मामलों की संख्या 700 से कम ही रही थी। इससे पहले 12 नवंबर को 734 कोरोना मामले मिले थे। देश में 109 दिनों बाद एक्टिव मामलों की संख्या 5 हजार के पार चली गई है। इस समय देश में कुल 5,026 एक्टिव कोरोना केस हैं। कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच केंद्र ने 6 राज्यों को लेटर लिखा है। ये लेटर महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक को भेजा गया है। केंद्र ने इन राज्यों से कोरोना को कंट्रोल करने के लिए कहा है। इसके लिए टेस्टिंग, ट्रीटिंग, ट्रैकिंग और वैक्सीनेशन पर फोकस करने की सलाह दी है।

**सभी 6 राज्यों का हालः** महाराष्ट्र में फरवरी के आखिरी हफ्ते में 197 मरीज सामने आए थे। वहीं मार्च के पहले हफ्ते में 355 और दूसरे हफ्ते में 668 मरीज मिले।

### मार्च में अब तक मिले 6,142 कोरोना मरीज

**मार्च** महीने में अब तक 6 हजार से ज्यादा कोरोना मरीज मिल चुके हैं। मार्च के पहले हफ्ते में 2082 और दूसरे हफ्ते में 3,264 मरीज सामने आए। इस दौरान पॉजिटिविटी रेट 0.61% रही। कई विशेषज्ञों का मानना है कि देश में फ्लू के मामले बढ़ने की वजह से कोरोना टेस्टिंग बढ़ी है।

## 'कपड़ा क्षेत्र को बढ़ावा देंगे पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्क पांच एफ- फार्म (खेती) से फाइबर (रेशा) से फैक्टरी (कारखाना) से फैशन से फॉरेन (विदेश) विजन के अनुरूप देश में कपड़ा क्षेत्र को बढ़ावा देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर कहा,



पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क 5एफ (फार्म टू फाइबर टू फैक्टरी टू फैशन टू फॉरेन) विजन के अनुरूप कपड़ा क्षेत्र को बढ़ावा देंगे। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में स्थापित किए जाएंगे। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क कपड़ा क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा, करोड़ों का निवेश आकर्षित करेगा।

### विजन के अनुरूप

= पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क कपड़ा क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा

## एयर इंडिया की कर्मचारियों के लिए वीआरएस की पेशकश

**नई दिल्लीः** निजी क्षेत्र की विमानन कंपनी एयर इंडिया ने अपने गैर-उड़ान परिचालन कर्मियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) की पेशकश की है। टाटा समूह पिछले वर्ष जनवरी में एयर इंडिया का अधिग्रहण के बाद दूसरी बार ऐसी पेशकश लेकर आया है। इसके लिए एयरलाइन कर्मचारी 30 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को दी गई जानकारी में बताया कि एयर इंडिया ने अपने गैर-उड़ान परिचालन के कर्मियों के लिए वीआरएस की पेशकश की है। इसके लिए 17 मार्च से 30 अप्रैल तक आवेदन किया जा सकेगा।


## 'उद्धव सरकार बहाल नहीं कर सकते'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**शिवसेना** पार्टी और चुनाव चिह्न के मामले में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया। मामले में 5 जजों की बेंच के सामने उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे गुट ने 9 दिन तक अपनी दलीलें दी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल का विश्वास मत बुलाने का फैसला गलत था, लेकिन उद्धव ठाकरे ने फ्लोर टेस्ट से पहले ही इस्तीफा दे दिया था इसलिए हम उनकी सरकार को बहाल नहीं कर सकते।



**कोर्ट ने कहा- फ्लोर टेस्ट दिया होता तो बात अलग होतीः** उद्धव ठाकरे की शिवसेना का पक्ष रख रहे अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट से उद्धव सरकार को बहाल करने की मांग की थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उद्धव ने फ्लोर टेस्ट में शामिल होने से पहले ही इस्तीफा दे दिया था। इसका मतलब उन्होंने खुद ही हार स्वीकार कर ली। अगर उद्धव गुट फ्लोर टेस्ट में शामिल हुआ होता तो राज्यपाल के फैसले को असंवैधानिक पाए जाने पर हम कुछ कर सकते थे।





**नई योजनाओं की घोषणा**

### सुक्खू सरकार का 53413 करोड़ रुपए का टैक्स फ्री बजट

# 30 हजार पद भरेंगे, आंगनबाड़ी का मानदेय बढ़ाया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**हिमाचल** प्रदेश का वर्ष 2023-24 का बजट 53413 करोड़ रुपए का होगा। बजट 4704 करोड़ रुपए के राजस्व घाटे का है। जबकि राजकोषीय घाटा 9900 करोड़ रुपए का अनुमानित है, जो प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद का 4.6 फीसदी है। वर्ष 2023-24 के दौरान प्रदेश के 37999 करोड़ रुपए की आमदनी होगी, जबकि कुल खर्च 42704 करोड़ रुपए का होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को विधानसभा में अपना पहला बजट पेश करते हुए इसे ग्रीम



हिमाचल और हेल्थ सेक्टर पर फोकस बजट करार दिया। सुक्खू ने बजट पेश करते हुए प्रदेश की 2.31 लाख महिलाओं के लिए 1500 रुपए मासिक भत्ते की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार ओपीएस पहले ही लागू कर चुकी है, जबकि राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल की गारंटी को पूरा करने के लिए भी सरकार ने काम आरंभ कर दिया है। ऐसे में सरकार ने अपनी तीन गारंटियां पूरी कर दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी महिलाओं को पांच चरणों में 1500 रुपए मासिक भत्ता दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आगामी वित्त वर्ष के दौरान राज्य के 30 हजार बेरोजगारों को सरकारी सेक्टर में रोजगार देने की घोषणा की। इनमें से अकेले 5 हजार पद जल शक्ति विभाग में भरे जाएंगे। शेष 25 हजार पद स्वास्थ्य, तकनीकी शिक्षा, शिक्षा, पुलिस, राजस्व, पशुपालन, पंचायती राज, बिजली बोर्ड, विभिन्न विभागों में जेओए-आईटी के पदों के रूप में भरे जाएंगे।

# जिला के पारंपरिक लोकगीतों का लिखित संकलन होगा तैयारः उपायुक्त डीसी राणा

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
उपायुक्त डीसी राणा ने कहा है कि जिला के विभिन्न उपमंडलों में पारंपरिक लोक गायन में विविधता जिला चंबा की लोक कला एवं संस्कृति को अति समृद्ध बनाती है।डीसी राणा भाषा एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंबा में आयोजित जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में भाग लेते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि चंबा जिले का गौरवशाली इतिहास रहा है। जिला की समृद्ध लोक कला एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन को लेकर पारंपरिक लोकगीतों का लिखित संकलन डॉक्यूमेंटेशन तैयार किया जा रहा है। डीसी राणा ने स्थानीय कलाकारों, गीतकारों, साहित्यकारों से पारंपरिक लोकगीतों के संग्रह को जिला भाषा अधिकारी को उपलब्ध करवाने का आग्रह भी किया। जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सांस्कृतिक दलों के कलाकारों को शुभकामनाएं देते हुए उपायुक्त ने कहा कि पारंपरिक लोक संस्कृति को संजोए रखे जाना आवश्यक है, ताकि भावी पीढ़ी भी अपनी इस अनमोल लोक संस्कृति भली-भांति अवगत रहे। इस दौरान विभिन्न उप मंडलों से 17 सांस्कृतिक दलों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में जिला लोक संपर्क अधिकारी सुभाष कटोच, राजकीय महाविद्यालय चंबा के सहायक प्राध्यापक संगीत डॉ. संतोष, संगीत प्रवक्ता गुलशन पाल ने अपनी भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक दलों ने बढ़-चढकर भाग लिया।



यह रहे प्रतियोगिता में विजेता सांस्कृतिक दल-सरस्वती कला संगम प्रथम विकासशील युवक मंडल कीड़ी दितीय और गद्दी सांस्कृतिक दल रूणूकोठी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः 10 हजार, 8 हजार और 6 हजार रुपयों की राशि की गई प्रदान। इस अवसर पर रितिका फोक ग्रुप चंबा व इंदरूनाग युवक मंडल सामरा। सांत्वना पुरस्कार के रूप में क्रमशः 5 हजार की राशि प्रदान की गई।

# अप्रोच रोड से शानन लिंक मार्ग की हालत बेहद दयनीय

**8 समाजसेवी दिनेश ठाकुर ने 50 से अधिक लोगों के हस्ताक्षर ज्ञापन आज एसडीएम को सौंपा है**

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**
जोगिंद्रनगर के अप्रोच रोड से लेकर शानन पावर हाउस तक लिंक मार्ग की हालत दयनीय होने से कूपड, हरनाला , शानन, हरावाग व स्यूरी गांव के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संपर्क मार्ग पर राजकीय फामेर्सी कॉलेज से लेकर शानन विद्युत गृह परियोजना तक लगभग 1 किलोमीटर सडक कई जगहों से उखड़ गई है और बड़े-बड़े खड्डे पढ़ चुके हैं, लेकिन कोई इस लिंक रोड की सुध लेने वाला नहीं है। इस मार्ग पर प्रदेश का एकमात्र राजकीय फामेर्सी कॉलेज व करोड़ों रुपया दिन का अर्जित करने वाली पंजाब विद्युत बोर्ड की शानन जल विद्युत परियोजना स्थित है। इस लिंक मार्ग मार्ग से सैंकडों दो पहिया वाहन व बड़े वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। दोपहिया वाहनों के लिए यह मार्ग खतरनाक साबित हो रहा है, बड़े वाहन भी इस मार्ग से हिचकोले खाते हुए निकलते हैं लेकिन न विद्युत परियोजना के अधिकारी नाही लोक निर्माण विभाग इस संपर्क मार्ग पर कोई ध्यान दे रहा है।



कुपड निवासी व समाजसेवी दिनेश ठाकुर ने ग्रामीणों के जनसहयोग से 50 से अधिक लोगों के हस्ताक्षर लिखित एक ज्ञापन आज एसडीएम जोगिंद्रनगर को सौंपा है और आग्रह किया है कि इस मार्ग की सुध ली जाए ताकि कोई बड़ी अनहोनी ना घटे।
दिनेश ने कहा है कि यही नहीं इस मार्ग पर फामेर्सी के साथ भी एक ढंगा भी क्षतिग्रस्त हो चुका है जिस कारण भी अनहोनी होने का अंदेशा बना रहता है। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से आग्रह किया है कि लोक निर्माण विभाग व शानन विद्युत परियोजना के अधिकारियों को तुरंत निर्देश देकर इस खस्ताहाल मार्ग की मरम्मत अति शीघ्र की जाए ताकि कोई अनहोनी ना हो।

## बिजली का बिल जमा नहीं करवाने वाले 319 उपभोक्ताओं के कटेंगे कनेक्शन

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
विद्युत उप मंडल चंबा नंबर-2 के सहायक अभियंता अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत उपमंडल के अंतर्गत बिजली के बिल का भुगतान नहीं करने वाले 319 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन अस्थाई रूप से काटने के आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जारी किए गए आदेश के अनुसार अनुभाग खजियार के 71, चनेड़ के 65, सरोल के 113, मरेडी के 23 तथा साहू के 47 विद्युत उपभोक्ता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विद्युत उप मंडल चंबा नंबर-2 के तहत 319 उपभोक्ताओं ने अपने बिजली के बिल को जमा नहीं करवाया है।

# सिरमौर आबकारी विभाग ने बनाया शराब ठेकों की नीलामी का सुपर फार्मूला

**8 उपायुक्त हिमांशु तथा उनकी टीम के द्वारा राजस्व में 7 करोड़ से अधिक की वृद्धि दर्ज करवाए जाने का लक्ष्य भी रखा गया है**

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
राज्य कर एवं आबकारी विभाग जिला सिरमौर के द्वारा शराब के ठेकों की नीलामी को लेकर इस बार सुपर फामूर्ला तैयार किया है। तैयार किए गए सुपर फ ॉमूर्ला के तहत ना केवल मिलान रहने वाले शराब के ठेके गुलजार होंगे बल्कि ठेकेदार भी मलाई के साथ खुरचन खाने को मजबूर होंगे। जिला सिरमौर एक्साइज डिपार्टमेंट के उपायुक्त हिमांशु तथा उनके सबसे काबिल अधिकारियों की टीम के द्वारा राजस्व में 7 करोड़ से अधिक की वृद्धि दर्ज करवाए जाने का लक्ष्य भी रखा गया है। बड़ी बात तो यह है कि जहां बीते वित्त वर्ष में सिरमौर में विभाग के द्वारा 10 यूनिट बनाए गए थे, वहां इस बार सुपर फामूर्ले के तहत केवल पांच यूनिट ही बनाए गए हैं। ऐसा किए जाने के पीछे अधिकारियों की पारखी नजर ने कमजोर साबित रहने वाले यूनिट्स को भी संजीवनी दी है। जैसे कि पहले बहुत से ऐसे ठेके थे जिनकी कोई भी ठेकेदार बोली नहीं देता था और विभाग को ओने पौने दामों में यह ठेके मजबूरन देने पड़ते थे। मगर अब यूनिट्स को प्लग करने के बाद यह ठेके भी कमाऊ पूत साबित होंगे। विभाग के द्वारा बनाए गए 5 यूनिट्स में पहला यूनिट् नाहन-ददाहू बनाया गया है जिसकी बोली के लिए रिजर्व प्राइस 11 करोड़ 54 लाख रुपए रखा गया है। इसी प्रकार दूसरा यूनिट कालाअंब धौलाकुआं रखा गया है जिसकी रिजर्व प्राइस 8 करोड़ 92 लाख रुपए रखी गई है। तीसरी यूनिट राजगढ़ सराहां बनाई गई है जिसकी रिजर्व प्राइस 14 करोड़ 16 लाख रखी गई है।चौथा यूनिट बद्रीनगर शिलाई बनाया गया है जिसकी रिजर्व प्राइस 12 करोड़ 93 लाख रुपए रखी गई है। पांचवा और अंतिम यूनिट पूरु-वाला गोविंदघाट बनाया गया है जिस रिजर्व प्राइस 12 करोड़ 42 लाख रुपए रखी गई है। बता दें कि आज यानी वीरवार को टेंडन बॉक्स उपायुक्त कार्यालय में रख दिए गए हैं।




यानी आज से इन यूनिट्स के लिए इच्छुक व्यक्ति अपना टेंडर डाल सकता है।तो वहीं आरह मार्च को ठीक 10:30 बजे उपायुक्त सिरमौर आरके गौतम की अध्यक्षता में इन सभी पांच यूनिट के लिए बोली लगेगी और बाद में टेंडर खोले जाएंगे। इस प्रकार जहां पहले जिला सिरमौर के सभी यूनिट्स की रिजर्व प्राइस मात्र 53 करोड़ थी इस बार यह रिजर्व प्राइस 60 करोड़ से अधिका की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता जोगिंदरनगर में 21 मार्च को शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग मंडी इस साल उप-खेल केंद्र जोगिन्दरनगर में जिला स्तरीय लंबी व मध्यम दूरी की दौड़ प्रतियोगिता आगामी 21 मार्च को कराने जा रहा है। यह जानकारी युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी मंडी जगदीश नायक ने शुक्रवार को यहां दी। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय दौड़ प्रतिस्पर्धा जोगिंदरनगर में आगामी 21 मार्च को सुबह 10 बजे शुरू होगी। खेल अधिकारी ने बताया कि आगामी 25 मार्च को बिलासपुर जिला में राज्य स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता आयोजित होगी। इस प्रतिस्पर्धा में मंडी जिला के प्रथम तीन स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी भाग लेंगे। दौड़ प्रतियोगिता में 13-15 व 16-19 उम्र वाले खिलाड़ी भाग लेंगे, जिला खेल अधिकारी ने बताया कि जोगिन्दरनगर में आयोजित होने वाली दौड़ प्रतियोगिता में 13.15 साल की उम्र वाले बालक व बालिकाओं की 3 हजार मीटर तथा 16-19 साल के लडके व लड़कियों की 5 हजार मीटर दौड़ प्रतिस्पर्धा के मुकाबले होंगे। इनमें हरेक वर्ग में प्रथम तीन विजेता खिलाडि?ों का चयन राज्य स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। विजेता खिलाडि?ों को आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय दौड़ प्रतिस्पर्धा में पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल करने वाले विजेता खिलाडि?ों को कमशः 6 हजार रुपये, 5 हजार रुपये व 4 हजार रुपये के आकर्षक नकद इनाम दिए जाएंगे। वहीं, राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान वाले विजेता खिलाडि?ो को कमशः 15 हजार रुपये, 10 हजार रुपये,8 हजार रुपये के नकद इनाम दिए जाएंगे।

### ये खिलाड़ी होंगे दौड़ प्रतिस्पर्धा के लिए पात्र

उन्होंने बताया कि 13.15 साल की दौड़ प्रतिस्पर्धा में 1 जनवरी, 2008 के बाद जन्मने वाले खिलाड़ी पात्र होंगे। वहीं, 16-19 साल के आयु वर्ग में 1 जनवरी, 2004 के बाद जन्मने वाले खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा के लिए पात्र होंगे। बताया कि हरेक खिलाड़ी को अपने साथ आयु प्रमाण-पत्र, स्पोट्‌र्स किट साथ लानी होगी। उन्होंने बताया कि 13-15 साल की उम्र वाले खिलाड़ी को संबंधित पंचायत द्वारा फ ार्म-5 पर जारी किया हुआ आयु प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। वहीं, 15-19 उम्र वाले हरेक खिलाड़ी को 10वीं कक्षा का मूल प्रमाण-पत्र प्रतियोगिता से पहले दिखाना होगा।

### के-2 जेनॉक्स हिमाचल में 2024 के अंत तक प्रीमियम टीएमटी बार की उत्पादन क्षमता को 25 प्रतिशत बढ़ाएगी

**शिमला:** भारत की सबसे युवा और तेजी से बढ़ती टीएमटी बार (द इंटेलीजेंट स्टील) विनिमार्ता कंपनी के2 (ङअ 2) जेनॉक्स ने घोषणा की है कि वह हिमाचल प्रदेश में अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाएगी, ऐसा इसलिए क्योंकी हिमाचल प्रदेश के इलाकों में स्टील उत्पादों की मांग में वृद्धि हो रही है। इस हेतु कंपनी अगले वित वर्ष 2024 के अंत तक स्टील टीएमटी बार की उत्पादन क्षमता 25 प्रतिशत बढ़ा लेगी, यानी वर्तमान 55000 मीट्रिक टन सालाना से बढ़कर यह 70000 मीट्रिक टन सालाना हो जाएगा। हिमाचल प्रदेश में कंपनी के पास 175 से अधिक डीलरों और वितरकों का मजबूत नेटवर्क है। के2 जेनॉक्स के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, के2 जेनॉक्स एक प्रीमियम उत्पाद है जिसे आधुनिक निर्माण जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। कंपनी के प्रीमियम उत्पाद ने पहले ही देश भर के कई बाजारों में महत्वपूर्ण पैठ बना ली है और नए बाजारों का विस्तार कर रहा है। हिमाचल प्रदेश एक उच्च विकास वाला राज्य है जहां बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास हो रहा है। यह हमारे प्रीमियम ब्रांड के लिए एक आदर्श है और हम राज्य में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर खुश हैं।" के2 जेनॉक्स, के2 टीएमटी बार का प्रीमियम ब्रांड है जो ऐसा अनूठा रिब डिजाइन पेश करता है जो हेक्सागोनल पैटर्न में कॉन्क्रीट के साथ मजबूती से जुड़ जाता है और किसी भी ढांचे के लिए एक पुख्ता बुनियाद व क्वालिटी सुनिश्चित करता है। आज के आधुनिक निर्माण की आवश्यकता को देखते हुए यह प्रीमियम टीएमटी बार भूकंप के जोखिम वाले इलाकों में निर्माण हेतु बहुत कारगर साबित होता है।720 डिग्री हेक्सागन के इसके आंतरिक कोण उत्कृष्ट जुड़ाव देते हैं जिससे कंस्ट्रक्शन में दमदार क्वालिटी मिलती है जो उच्च दबाव को सहने में सक्षम हो पाती है। इंटेलिजेंट स्टील कहलाने वाले के2 जेनॉक्स की मैश ग्रिप, 200 प्रतिशत ज्यादा बॉन्ड स्ट्रैंथ और श्रेष्ठ भौतिक व रासायनिक गुण इसे सभी आधुनिक निमार्णों के लिए आदर्श सिद्ध करते हैं। आला दर्जे के विशुद्ध 500 व 500 का इस्तेमाल करके बनाया गया यह उत्पाद कंस्ट्रक्शन में 20 प्रतिशत तक स्टील बचाता है और बीआईएस मानक के मुताबिक निरंतर क्वालिटी देता है।

# सोलन में 'आप' का स्कूल कॉलेज बन्द करने के विरोध में धरना प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**
प्रदेशभर में आज आम आदमी पार्टी स्कूल कॉलेज को कांग्रेस सरकार द्वारा बंद करने के विरोध में कांग्रेस के जिला स्तर पर चल रहे कांग्रेस कार्यालयों के बाहर धरना प्रदर्शन कर रही है। हैरानी की बात यह रही कि सोलन में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के साथ केवल 7 लोग इस धरना प्रदर्शन में हिस्सा ले रहे थे जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि चंद लोगों को आवाज उठानी आनी चाहिए ताकि समाज को जगाया जा सके और इसी के तहत आम आदमी पार्टी कार्य कर रही है।
सुरजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेशभर में जनविरोधी फैसले कांग्रेस सरकार ले रही है जिसकी वे कड़े शब्दों में निंदा करते हैं, उन्होंने कहा कि स्कूल कॉलेज शिक्षा का बेहतर सुधार करने के लिए खोले जाते हैं लेकिन उन्ही स्कूल कॉलेजों को बंद करके विद्यार्थियों के साथ भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि पिछली भाजपा सरकार ने संस्थान खोले थे तो वह जनता के हित में खोले होंगे लेकिन मौजूदा कांग्रेस सरकार उसको डिनोटिफाई कर रही है यह गलत है और इसके बारे में सरकार को विचार करना चाहिए। सुरजीत ने कहा कि प्रदेशभर में जहां-जहां भी स्कूल कॉलेज सरकार द्वारा बंद किए गए हैं उससे विद्यार्थियों के जीवन पर गहरा असर पड़ा है क्योंकि हिमाचल प्रदेश में शिक्षा को लेकर हर बार सुधारीकरण की बातें कही जाती है लेकिन अगर स्कूल कॉलेज ही बंद किए जाएंगे तो छात्र पढने के लिए कहां जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार यह कहकर स्कूल कॉलेज बंद कर रही है कि इससे सरकार पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है और घाटा सरकार को हो रहा है लेकिन जनता को मिलने वाले सुखों से सरकार अपना बजट नियंत्रण करना चाहती है तो यह गलत है।

## आधार को जल्द करवाएं अपडेट, 3 महीने तक नहीं लगेगी कोई फीस

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**
उपायुक्त मंडी अरिंदम चौधरी ने सभी जिलावासियों से अपील की है कि अगर उन्होंने पिछले 8-10 साल से अपना आधार नंबर अपडेट नहीं करवाया है या आधार कार्ड में अपनी जन्म तिथि, स्थायी पता, मोबाइल नंबर और अन्य आवश्यक जानकारियों को अपडेट नहीं करवाया है तो वे इन्हें तुरंत आवश्यक दस्तावेजों सहित अपडेट करवा लें। उन्होंने बताया कि आधार अपडेशन के लिए आधार सेवा केंद्रों पर 50 रुपये शुल्क लिया जाता है, लेकिन यूआईडीएआई ने आम लोगों को विशेष छूट देते हुए 15 मार्च से 14 जून तक आधार अपडेशन का कोई भी शुल्क नहीं वसूलने का निर्णय लिया है।

# पांवटा पुलिस ने पकड़ा अवैध शराब का जखीरा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
जिला सिरमौर के उपमंडल पावंटा साहिब में गोजर, खोदरी माजरी किल्लौड़ मार्ग पर पुलिस की टीम ने नाकाबंदी के दौरान गाड़ी से अवैध शराब का जखीरा पकड़ा है। बता दें आरोपी गाड़ी से उतरकर मौके से फ रार हो गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम व 39 (1), के तहत केस दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकरी के मुताबिक, पुलिस की टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपनी गाड़ी में अवैध शराब की पेटियां लेकर घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने किल्लौड़ के लाल ढांग पर नाका लगाया। इस दौरान किल्लौड़ की ओर से एक गाड़ी एचआर-41एफ.3938 आई। पुलिस को देखकर कार चालक गाड़ी को पीछे की ओर घुमाने की कोशिश करने लगा।जैसे ही पुलिस की टीम गाड़ी के समीप आने लगी वैसे ही कार चालक गाड़ी से उतरकर अंधेरा का फायदा उठाकर मौके से फ रार हो गया। जब पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली तो गाड़ी से रॉयल स्टैग की 6 पेटियां व बीयर किंगफि शर की 54 पेटियां बरामद हुई।



मामले की पुष्टि डीएसपी रमाकांत ठाकुर ने की है। उन्होंने बताया कि पुलिस जल्द ही आरोपी को हिरासत में लेगी।

# पीओ सेल मंडी ने नूरपुर से उदघोषित आरोपी किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
पीओ सेल मंडी टीम द्वारा जिला न्यायालय के न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कोर्ट नंबर-2 मंडी में विचाराधीन चोरी के एक मामले में उदघोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस टीम द्वारा आरोपी को कांगड़ा जिला के नूरपुर से गिरफ्तार किया गया है। पीओ सेल टीम ने आगामी कार्रवाई के लिए आरोपी को पुलिस थाना सदर मंडी के हवाले कर दिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी दीपक कुमार उर्फ दीपा पुत्र मनोहर लाल निवासी गांव जतेहड़ डाकघर कटराईं तहसील मनाली जिला कुल्लू पर पुलिस थाना सदर मंडी में आईपीसी की धारा 454 और 380 के तहत चोरी का एफआईआर दर्ज किया गया था। वहीं आरोपी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस द्वारा चालान तैयार कर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कोर्ट नंबर-2 मंडी के न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। वहीं ट्रायल के दौरान आरोपी कोर्ट से लगातार गैर हाजिर रहा और इस पर न्यायालय द्वारा उसे 18 दिसंबर, 2018 को उदघोषित अपराधी घोषित कर दिया गया। इसके उपरांत पुलिस टीम द्वारा आरोपी की धरपकड़ को लेकर विभिन्न जगहों पर दबिश दी गई। लेकिन आरोपी बार-बार पुलिस टीम को चकमा देकर भाग जाता था।



इस पर पीओ सेल मंडी टीम के एचएचसी महेंद्र सैनी, कांस्टेबल विवेक भंगालिया और दिनेश चौधरी की टीम ने आरोपी को कागड़ा जिला के नूरपुर बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी मंडी शालिनी अग्निहोत्री ने कहा कि पीओ सेल टीम मंडी ने एक उदघोषित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफ लता हासिल की है।

# नेरी कोटली में महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
जिला बाल सरंक्षण कार्यालय सिरमौर और बाल विकास परियोजना राजगढ़ के संयुक्त प्रयास से ग्राम पंचायत नेरी कोटली में नशा से बचाव, पोक्सो अधिनियम तथा बच्चों से संबंधित अन्य कानूनों के बारे में एक विशेष शिविर लगाया गया। इस शिविर में मौजूद महिला मंडल और स्वयं सहायता समूह ने प्रार्थना से शिविर की शुरूआत की। इस शिविर के शुरू में जिला बाल सरंक्षण कार्यालय से लीगल कम प्रोबेशन ऑफिसर मोहम्मद शमीम ने बाल सरंक्षण इकाई सिरमौर का परिचय दिया तथा इसकी कार्यकारिणी के बारे में बताया। लीगल कम प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद शमीम ने बच्चों को गर्भवती पूर्व और जन्मपूर्व निदान-तकनीक लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम, 1994, पोक्सो अधिनियम संशोधित 2019 और किशोर न्याय संशोधित 2021 अधिनियम, बाल श्रम निषेध अधिनियम, शिक्षा अधिकार अधिनियम तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी। उन्होंने साइबर क्राइम और नशे से होने वाले प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी और सभी से अपील की कि नशे को रोकने में सभी अपना योगदान दें। आउट रीच वर्कर आइशा ने फोस्टर केयर व स्पॉन्सरशिप योजना की विस्तृत जानकारी दी।




चाइल्ड हेल्प लाइन के सदस्य रामलाल ने चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 के बारे में बताया।बाल विकास परियोजना कार्यालय राजगढ़ से पर्यवेक्षक प्रदीप ने महिला सशक्तिकरण के बारे में जानकारी प्रदान की और साथ ही विभाग द्वारा अधिसूचना जा रही योजना की जानकारी दी। ग्राम पंचायत प्रधान राकेश ठाकुर ने जिला बाल सरंक्षण विभाग द्वारा लोगों को दी गई जानकारी को अपने तक न रख कर समाज में जन-जन तक पहुंचाने का आदेश दिया।ग्राम पंचायत प्रधान ने जिला बाल सरंक्षण कार्यालय सिरमौर और बाल विकास परियोजना राजगढ़ का इस शिविर की स्थापना के लिए धन्यवाद दिया।इस शिविर में जिला बाल सरंक्षण कार्यालय से लीगल कम प्रोबेशन ऑफिसर मोहम्मद शमीम, आउट रीच वर्कर आइशा, बाल विकास परियोजना राजगढ़ से पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार बेलीवाडी वर्कर, हेल्पर, ग्राम पंचायत प्रधान राकेश ठाकुर, उप प्रधान तारा दत्त, वार्ड मेंबर, महिला मंडल, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों तथा स्थानीय महिलाओं सहित बच्चों ने भाग लिया।

# जनहित में है हिमाचल प्रदेश सरकार का पहला बजट : चंपा ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अपना पहला बजट विधानसभा के पटल पर रखा गया। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी की नेत्री व सदर से पार्टी की उमीदवार रही चंपा ठाकुर व प्रदेश कांग्रेस पार्टी के सचिव जितेन्द्र ठाकुर ने कहा कि इस बजट में सभी वर्गों का समान रुप से ध्यान रखा गया है। हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी को देखते हुए यह बजट गागर में सागर के समान है जिसमें मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश द्वारा एकल महिलाओं, अनाथ बच्चों, बेरोजगारों, नौजवानों व प्रदेश के सभी वर्गों को सम्मान रुप से बजट को संतुलित कर कर पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने बजट में आंगनवाड़ी वर्कर, मजदूर वर्ग की दिहाड़ी में बढ़ोतरी की है तथा काऊ सेव के लिए प्रति बोतल रू 10 से लगाकर प्रदेश की आर्थिक दशा को मजबूत करने का सफल प्रयास किया है। पंचायती राज संगठन से जुड़े तमाम प्रतिनिधियों के मानदेय में बढ़ोतरी की गई है तथा नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिका के अध्यक्ष उपाध्यक्ष और तमाम सदस्यों का मानदेय भी बढ़ाए गए हैं। मंडी के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे हेतु 1000 करोड का बजट में प्रावधान करना भी मंडी वासियों के लिए खुशी का विषय है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी की नेत्री व सदर से पार्टी की उमीदवार रही चंपा ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश की बिगड़ती हुई आर्थिकी को देखते हुए बहुत ही अच्छा बजट पेश किया गया है।



# सुक्खू सरकार का पहला बजट समाज के हर वर्ग के हित में हुआ पेश: राजेंद्र पाल

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
कांग्रेस सेवादल सदर अध्यक्ष तथा पूर्व जिला पार्षद युवा नेता राजेंद्र पाल ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह द्वारा सरकार का पहला बजट पेश कर समाज के हर वर्ग की चिंता करते हुए लाभ पहुंचाने का वायदा पूरा किया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ग में विद्यार्थी, युवा, रोजगार, शिक्षित व प्रशिक्षित युवा, खिलाड़ी, आम जनता, किसान बागवान तथा कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा है। राजेंद्र पाल ठाकुर ने कहा कि यह एक ऐसा बजट है जिसकी प्रदेश की जनता में सराहना हो रही है। सीएम सुखविंद्र सुक्खू की दूरदर्शी सोच इस बजट के माध्यम से झलक रही है। उन्होंने कहा कि डिजीटलाइजेशन के इस दौर में प्रदेश

**8 विद्यार्थी, युवा, रोजगार, शिक्षित व प्रशिक्षित युवा, खिलाड़ी, आम जनता, किसान बागवान तथा कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा है**

के हर गांव को 4 जी सुविधा से जोड़ा जाएगा। ऐसे में लोकमित्र केंद्रों की संख्या को बढ़ाकर छह हजार करने से जहां युवाओं को रोजगार मिलेगा वहीं लोगों को हर प्रकार की सुविधा उनके घर द्वार मिलेगी। दस हजार मेद्यावी बच्चों को लैपटॉप देने का वायदा भी सरकार ने किया है, इससे बच्चों को एडवांस स्टडी में निश्चित तौर पर लाभ होगा। डिजिटल लाइब्रेरी सुविधा से अंतर्राष्ट्रीय की सुविधाएं युवाओं को घर द्वार मिलेंगी। खिलाडि?ों का आधार मजबूत करने के लिए उनकी सबसे



अहम उनकी डाइट मनी 120 से बढ़ाकर 240 रुपये करने से खिलाड़ियों के स्वास्थ्य में व्यापक सुधार होगा और इससे मनोबल भी बढ़ेगा, जिससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद उनसे की जा सकेगी। आईटीआई में ड्रोन टैक्नॉलोजी प्रशिक्षण कोर्स तथा तकनीकी संस्थानों में नए कोर्स शुरू करने की घोषणा स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 40 हजार नए पात्र लोगों को जोड़ा जाएगा। इसके अलावा सभी दिव्यांग व विधवाओं को पेंशन के लिए आयु सीमा और औपचारिकताओं को समाप्त कर सरकार ने बहुत बड़ी राहत पहुंचाई है। सरकार द्वारा सबसे पहले बेसहारा लोगों के लिए शुरू की गई सुखाश्रय योजना को भी बजट में शामिल किया गया है।

इसके अलावा मुख्यमंत्री विधवा व एकल नारी आवास योजना की घोषणा, 7 हजार महिलाओं को डेढ़ लाख रुपये की घोषणा, पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ाना, ग्रामीण विकास पंचायती राज विभाग के लिए 1916 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित, विभिन्न विभागों में रिक्त पड़े 25000 पदों को भरना, पैरा वर्कर्स का मानदेय बढ़ाना, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका, मिड डे मिल वर्करों, जलशक्ति विभाग मल्टीपर्पज वर्कर, पैरा फिटर पंप ऑपरेटर, दिहाड़ी 25 रुपये बढ़ाकर 375 रुपये करना, आउटसोर्स को न्यूनतम 11250 रुपये देना, पंचायत चौकीदार, राजस्व लंबरदार का मानदेय बढ़ाना, एचआरटीसी की बसों में अब क्यूआर कोड स्कैन सुविधा आदि देने की घोषणा कर युवा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश में विकास की गति को और तेज कर दिया है। राजेंद्र पाल ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार का यह बजट प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

## पंचायत विकास योजनाओं के लिए होंगी ग्राम सभाए डीसी ने तय की तिथियां

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
जिला की सभी ग्राम पंचायतों में वर्ष 2023-24 के लिए विकास से संबंधित नौ मुख्य बिंदुओं पर ग्राम पंचायत विकास योजनाएं तैयार की जाएंगी।


ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने के लिए सभी पंचायतों में ग्राम सभा की बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिनमें सभी लाइन डिपार्टमेंट्स के अधिकारियों की उपस्थित अनिवार्य की गई है। उपायुक्त देबश्वेता बनिक ने जिला की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा की बैठकों के शेड्यूल की अधिसूचना जारी की है।
अधिसूचना के अनुसार 17 मार्च को ग्राम पंचायत चलोह, दाड़ला, डेरा, अणु, ब्राहलड़ी,



दड़ूही, फ रनोल, अमरोह हमीरपुर ब्लॉक, अमरोह भोरंज ब्लॉक, हनोह, जाहू, झरलोग, पपलाह, बधानी, बलोह, जंदरू, सराहकड़, अम्मण, बलयाह, गारली, बड़सर, कुलेहड़ा, कड़साई, मक्कड़, पटेहरा, बल्ह बिहाल, बदारन, कश्मीर, मझेली, सपड़ोह, गाहली और मझियार में ग्राम सभा आयोजित की गई।

## पंचायती राज प्रतिनिधियों और स्थानीय शहरी निकायों का बढ़ा मानदेय

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने बजट भाषण में पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय शहरी निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों के मानदेय में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि जिला परिषद अध्यक्ष का मानदेय 5 हजार रुपए बढ़ाकर 20 हजार रुपए किया गया है। जिला परिषद उपाध्यक्ष के मानदेय में 5 हजार की बढ़ोतरी कर इसे 15 हजार रुपए किया गया है। वहीं, जिला परिषद सदस्य के मानदेय में 500 रुपए की बढ़ोतरी की है और अब उन्हें 6500 रुपए मिलेंगे। इसी प्रकार पंचायत समिति अध्यक्ष को 500 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 9500 रुपए, उपाध्यक्ष को 500 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 7 हजार, सदस्य को 500 की बढ़ोतरी के साथ 6 हजार रुपए, पंचायत प्रधान को 500 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 6 हजार, उप प्रधान को 500 की बढ़ोतरी के साथ 4 हजार और सदस्य को 200 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 500 रुपए मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम महापौर के मानदेय को 5 हजार की बढ़ोतरी के साथ 20 हजार रुपए किया गया है। उप महापौर को 5 हजार की बढ़ोतरी के बाद 15 हजार रुपए, नगर निगम पार्षद को 500 की बढ़ोतरी के बाद 7 हजार रुपए मिलेंगे। इसी तरह नगर परिषद अध्यक्ष को 500 रुपए की बढ़ोतरी के बाद 8500 रुपए, उपाध्यक्ष को 500 की बढ़ोतरी के बाद 7 हजार, पार्षद को 500 की बढ़ोतरी के बाद 3500 रुपए मिलेंगी। वहीं, नगर पंचायत प्रधान को 500 रुपए की बढ़ोतरी के बाद 7 हजार, उप प्रधान को 500 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 5500 रुपए तथा सदस्य को 500 रुपए की बढ़ोतरी के बाद 3500 रुपए मिलेंगे।



**मुख्यमंत्री** ने बजट में आंगनवाड़ी कार्यकताओं समेत कई अन्य वर्गों के मानदेय में भी बढ़ोतरी की घोषणा की है। घोषणा के मुताबिक आंगनबाड़ी कार्यकताओं को अब 9500 रुपए, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकताओं को 6600 रुपए, आंगनवाड़ी सहायिका को 5200 रुपए, आशा वर्कर को 5200 रुपए, मिड डे मील वर्कर्ज को 4 हजार, वाटर कैरियर को 4400 रुपए, जलरक्षक को 5 हजार, जलशक्ति विभाग के मल्टीपर्पज वर्कर्स को 4400 रुपए, पैरा फि टर तथा पंप आपरेटर को 6 हजार मिलेंगे।

**दिहाड़ीदारों की दिहाड़ी 25 रुपए बढ़ाई**
बजट में मुख्यमंत्री ने दिहाड़ीदारों की दिहाड़ी को 25 रुपए बढ़ाने की घोषणा की। अब उन्हें 375 रुपए दिहाड़ी मिलेगी। वहींए मनरेगा श्रमिकों की दिहाड़ी में भी 28 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। आउटसोर्स पर लगे कर्मी को अब न्यूनतम 11250 रुपए, पंचायत चौकीदार को 7 हजार रुपए, राजस्व चौकीदार को 5500 रुपए मिलेंगे। वहीं, राजस्व लंबरदार को 3700 रुपए, सिलाई अध्यापकों और एसएमसी अध्यापकों के मानदेय में 500-500 रुपए, आईटी टीचर को 2 हजार रुपए, एसपीओ को 500 रुपए प्रतिमाह की बढ़ोतरी दी जाएगी।

**बजट में 13 नई योजनाओं का किया ऐलान**
मुख्यमंत्री ने बजट में 13 नई स्कीमों का ऐलान किया है। उन्होंने बजट में जिन स्कीमों का ऐलान किया है, उनमें राजीव गांधी गवर्नमेंट मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल, मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना, मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री सुरक्षित बचपन अभियान, कृषि के लिए हिम उन्नति, दुग्ध क्षेत्र के विस्तार के लिए हिम गंगा, मुख्यमंत्री लघु दुकानदार कल्याण योजना, मुख्यमंत्री ग्रीन कवर मिशन, मुख्यमंत्री सडक एवं रख-रखाव योजना, राजीव गांधी स्वरोजगार योजना, सद्भावना योजना-2023 और मुख्यमंत्री रोजगार संकल्प सेवा योजना शामिल हैं।

## 25 मार्च तक ट्रेजरी में जमा करवाने होंगे बिल

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
उपायुक्त मंडी अरिंदम चौधरी ने सभी विभागाध्यक्षों को ट्रेजरी में बिल 25 मार्च को सांय 5 बजे तक जमा करवाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने वित्त वर्ष के अन्तिम दिनों में कोषागारों में भारी भीड़ से बचने के लिए यह डेडलाईन तय की है। आदेशों में कहा गया है कि सभी कार्यालय प्रमुख धन निकासी के लिए बिलों को ट्रेजरी में 25 मार्च को सांय 5 बजे तक जमा करवाना होगा। बिल पास होने के पश्चात कोष कार्यालय को यह बिल 31 मार्च सांय 5 बजे से पहले जमा करवाने होंगे ताकि संबंधित बैंक को बिलों की अदायगी के लिए पर्याप्त समय मिल सके।

## हिमाचल प्रदेश सरकार का बजट मात्र लॉलीपॉप

### जिला परिषद सदस्यों का मानदेय बीडीसी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष से कम देकर किया भद्दा मजाक

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जिला परिषद करिया वार्ड के पार्षद का कहना है कि हिमाचल प्रदेश सरकार के वर्ष 2023-24 के बजट से हिमाचल कि जनता को काफी उम्मीदें थी परन्तु जिस तरह से आज का बजट मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु दवारा पेश किया गया है उससे हिमाचल कि जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है। ये बात करियां वार्ड के जिला परिषद् सदस्य मनोज कुमार मनु ने कही। उन्होंने बताया कि



जिस तरह से नवनियुक्त सरकार ने पूर्व सरकार द्वारा खोले संस्थान बंद किये गए थे इससे सभी को उमीदें थे कि इस बजट में हिमाचल को कुछ बड़ा तोहफा मिलेगा परन्तु ऐसा कुछ भी नहीं मिला। मजदूरों को मनरेगा में भी न्यूनतम मजदूरी देंने की बात की गयी थी परन्तु इसके लिए 240 रू की घोषणा कर मनरेगा श्रमिकों को ठगने का काम वर्तमान सरकार ने किया। जिला परिषद कर्मचारियों की विभाग में विलय की मांग का आश्वासन मिला था परन्तु जिला परिषद कर्मचारियों का नाम तक इस बजट में नहीं लिया गया। हालांकि जो बिधवा व दिव्यांगों के लिए पेंशन में आय व आयु सीमा खत्म किया गया है वो काफी सराहनीय निर्णय है इसकी हम प्रशंसा करते हैं। जिला परिषद सदस्यों का मानदेय बीडीसी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष से कम देकर इस शीट का अपमान किया है। जिला परिषद के सदस्य 16 से 28 पंचायतों से जीत कर आतें हैं परन्तु न केवल उनका बजट खत्म किया बल्कि मानदेय भी बीडीसी अध्यक्षों और उपाध्यक्षों से भी कम कर दिया। जोकि जिला परिषद सदस्यों के साथ भद्दा मजाक है, जबकि इन्होने अपना विधायकों की विधायक निधि 2 करोड़ से बढाकर 2 करोड़ 10 लाख किया तथा ऐच्छिक निधि को 12 लाख से बढाकर 13 लाख किया स सच यह है कि ये सरकारें चाहती ही नहीं कि जिला परिषद बीडीसी क्षेत्र के लिए कुछ कार्य करें।

## पांवटा होली मेले में स्वयं सहायता समूह के स्टाल बन रहे आकर्षण का केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
पांवटा साहिब में आयोजित हो रहा होली मेला अब समापन की और अग्रसर है लेकिन इस बीच में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों का स्टाल लगाया गया है जो इस मेले में लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।
ग्राउंड जीरो पर जब स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से यंगवार्ता की टीम ने बात की तो बबिता कौशल ने बताया कि ग्राम संगठन रामपुरघाट, देई जी साहिबा, गंगा



ग्राम संगठन की महिलाओं ने मेले में स्टॉल लगाया है जिसमें महिलाओं द्वारा तैयार की गई वस्तुएं रखी गई है, इतना ही नही महिलाएं मेले में भी हाथ से बने चीजे तैयार कर रही हैं। वहीं स्वयं सहायता समूह को बढ़ावा देने और उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर भी काफी प्रयास कर रही हैं। साथ ही बीडीओ प्रताप चौहान का भी पूरा सहयोग उन्हें मिल रहा है। बबिता कौशल ने बताया कि महिलाओं द्वारा निर्मित कपड़े, खिलौने, घरेलू सामान, आचार, मुरब्बा सहित अन्य सामान शामिल हैं, स्वयं सहायता समूह को आर्थिक रूप से मजबूत करने और उनके उत्पादों की ब्रांडिंग करने के लिए महिलाओं को एक अच्छा बाजार मिलने के साथ ही उनके उत्पादों को नई पहचान भी मिलेगी।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने तहसीलदार को महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बासा इकाई द्वारा तहसीलदार को महाविद्यालय बासा की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। मीडिया को जानकारी देते हुए इकाई अध्यक्ष कुशाल राणा ने कहा कि महाविद्यालय का प्रशासन कुंभकरण की नींद सोया है। बीते दिन बासा महाविद्यालय के मैदान से एक युवक को पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया गया है। कुशाल ने बताया कि यह एक चिंता का विषय है, कि महाविद्यालय परिसर के आसपास ऐसी घटनाएं देखने को मिल रही है। ऐसी घटना घटित होने का एक बड़ा कारण महाविद्यालय प्रशासन का ढूलमल रवैया भी है। अगर बात करें बासा महाविद्यालय की, तो अभी तक आउटसाइडर्स महाविद्यालय परिसर में घूमते रहते है। ऐसी घटनाएं रोकने में महाविद्यालय का प्रशासन बिल्कुल नाकाम रहा है। इससे पहले भी मारपीट, लड़ाई झगड़ा जैसी घटनाएं महाविद्यालय परिसर में होती रहती है। पर प्रशासन द्वारा इस ओर बिलकुल भी ध्यान नहीं दिया है। महाविद्यालय के प्रशासन को छात्रों की कोई भी चिंता नहीं है। विद्यार्थी परिषद द्वारा समय-समय पर प्रशासन को ज्ञापन दिया है और पहले भी यह मांग उठाई गई है कि महाविद्यालय में पुलिस कर्मी की नियुक्ति की जाए। पर अभी तक इस विषय पर कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। यूं कहे तो प्रशासन के कानो तले जूं तक नहीं रेंगी। ऐसी स्तिथि में जो छात्र-छात्राएं महाविद्यालय पढ़ने के लिए आते है, वो भी धीरे-धीरे ऐसी घटनाओं का शिकार हो रहे है और नशे की चपेट में आ रहे है।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बासा इकाई यह मांग करती है कि ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए महाविद्यालय में उचित रूप से पुलिस सुरक्षा लगाई जाए।

## स्वर्गीय सांसद रामस्वरूप शर्मा की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**
पूर्व सांसद स्वर्गीय रामस्वरूप शर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि पर आज यमुनानगर के सिविल अस्पताल में मंत्रा फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल में उपचाराधीन सभी रोगियों को फल भी बांटे गए स्वर्गीय रामस्वरूप शर्मा के पुत्र शांति स्वरूप शर्मा ने कहा कि हम उनके द्वारा बताए गए सच्चाई के मार्ग व समर्पण भाव से आगे बढ़ेंगे।

## प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
कृषि विज्ञान केंद्र चंबा की तरफ से जट्टकरी पंचायत के नैणी गांव में प्राकृतिक खेती का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर अर्पणा एनजीओ के सहयोग से आयोजित किया गया। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कृषि विज्ञान केंद्र चंबा के वैज्ञानिक डॉक्टर केहर सिंह ठाकुर और डॉक्टर सुशील धीमान ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस प्रशिक्षण शिविर में नैनी गांव के साथ लगते अन्य गांव के लगभग 50 किसान और भगवान ने हिस्सा लिया। डॉक्टर केहर सिंह ठाकुर ने कृषि विज्ञान केंद्र के विभिन्न गतिविधियों की जानकारी किसानों को दी। उन्होंने कहा कृषि विज्ञान केंद्र





विश्वविद्यालय और किसानों के बीच में एक कड़ी के रूप में कार्य कर रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में उन्होंने पुरानी फसलों की जानकारी लोगों को दी और उनसे आग्रह किया कि वह पुरानी फसलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। डॉ केहर सिंह ठाकुर ने यह भी कहा की नैनी गांव, जिसकी ऊंचाई समुद्र तल से 1900 मीटर की है यह सेब के लिए बहुत ही उपयुक्त है और किसानों को यहां पर बागवानी को भी महत्व देना चाहिए।
डॉ सुशील धीमान ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रेरित किया उन्होंने किसानों को जीवामृत, बीजामृत और घनामृत बनाने की विधि भी बताई। एनजीओ अर्पणा की तरफ से चैन लाल और प्रकाश भी एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित रहे।

## मेले पर्व त्यौहार किसी भी समाज की जीवन परंपराओं व समृद्ध संसकृति के परिचायक: राखिल काहलों

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
राज्य स्तरीय नलवाडी मेले के शुभारम्भ अवसर पर मण्डलायुक्त मण्डी राखिल काहलों ने जिला वासियों को नलवाड़ी मेले की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेला पर्व व त्यौहार किसी भी समाज की जीवन परंपराओं व समृद्ध संस्कृति के परिचायक होते हैं। यह किसी ना किसी सांस्कृतिक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि अथवा प्राकृतिक परिवर्तनों के साथ जुड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि वसंत ऋतु के आगमन से जुड़े यह मेला चौत्र यानी 17 मार्च से शुरू होकर लगभग सप्ताह भर चलता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मेले में परंपरा के अनुरूप पशु व्यवसाय, छिंज एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सभी क्षेत्रवासी भरपूर आनंद का अनुभव करेंगे।उन्होंने कहा कि सांडू के मैदान से लुहणु के मैदान में परिवर्तित नलवाड़ी मेले में अनेक परिवर्तन हुए। आधुनिक चकाचौंध के कारण मेले के स्वरूप में बदलाव के चावजूद भी मेले की परंपरा व पौराणिकता को यथावत जीवंत बनाए रखने में मेला कमेटी और सभी जिला वासियों का प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आपसी भाई.चारे व सांस्कृतिक धरोहर को जीवत रखने के प्रतीक हमारे मेले व त्यौहार जनमानस में परस्पर मधुर मिलन व सह-अस्तित्व की भावना का संचार करते हैं । इससे पूर्व



उन्होंने लक्ष्मी नारायण मन्दिर में पूजा अर्चना के पश्चात लुहणू मैदान तक भव्य शोभा यात्रा का नेतृत्व भी कियाए जहां उन्होंने बैल पूजन व खून्टी गाड़ कर नलवाड़ी मेले का विधिवत शुभारम्भ किया। उन्होंने नलवाड़ी मेले के ध्वज को फहराने के अतिरिक्त प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए अध्यक्ष मेला कमेटी एवं उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने कहा कि बिलासपुर जनपद के राजा विजय सेन के समय में शुरू हुआ यह मेला आज 134वें साल में प्रवेश कर गया है।
उन्होंने कहा कि मूलतः बैलों की खरीद फरोख्त से शुरू हुए इस मेले मेंसमय.समय पर अमूलचूक परिवर्तन होते रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेले को आकर्षक बनाने के लिए बिलासपुर रियासत के अन्तिम राजा आनंद चंद ने इस मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम कुश्ती एवं अन्य खेलों को जोड़ा था ताकि लोगों का मनोरंजन भी हो सके। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पशुधन के महत्व को बरकरार रखने के लिए मेला कमेटी द्वारा आकर्षक इनामों के साथ पशुपालकों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त जनपद की लोक संस्कृति को उजागर करने के लिए आगामी 3 दिनों तक दैनिक लोकोत्सव में लोक कलाकारों को मंच दिया जाएगा तथा 20 मार्च से रात्रि के कार्यक्रमों में प्रदेश के समृद्ध संस्कृति के संवर्धन हेतु स्थानीय कलाकारों सहित हिमाचल के विभिन्न जिलों के सांस्कृतिक दलों व स्थापित कलाकर इस मेले में अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे। मेला कमेटी ने इस वर्ष केवल हिमाचल के कलाकारों को ही सांस्कृतिक संध्याओं में मौका देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस मेले के इतिहास में पहली बार मिस कहलूर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मेले में सभी विभागों ने अपनी विकासात्मक प्रदर्शनियां लगाई है जिसमें जिलावासियों को उन्नत बिलासपुर एवं उन्नत हिमाचल का दर्शन होगा। उपायुक्त ने बताया कि मेले के दौरान बिजली पानी व सफाई की उचित व्यवस्था की गई है तथा इसके अतिरिक्त पहली बार दिन को गर्मी व बारिश से लोगों को राहत देने के लिए जर्मन हँगर लगाया गया है ताकि लोग मेले का भरपूर आनंद ले सकें। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक बिलासपुर कार्तिकेन गोकुल चन्द्रन, अतिरिक्त उपायुक्त डा. निधि पटेल, उपमण्डलाधिकारी सदर अभिषेक गर्ग,सहित आदि उपस्थित रहे।

# अगले पांच सालों की दिशा तय करेगा यह बजट : सीएम सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि उनके द्वारा विधानसभा में पेश किया गया बजट हिमाचल की अगले पांच सालों की दशा व दिशा तय करेगा।
उन्होंने दावा किया कि बजट में किए गए प्रावधानों, आय के संसाधन जुटाने और नई योजनाओं के चलते हिमाचल अगले 10 सालों में देश का सबसे विकसित राज्य बन जाएगा। मुख्यमंत्री ने बजट पेश



करने का बाद औपचारिक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि आय के नए संसाधन जुटाकर हम इस बजट के माध्यम से एक नई व्यवस्था की ओर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने बजट का प्रारूप भरपूर प्राकृतिक सौंदर्य और जलवायु को मद्देनजर रखते हुए तैयार किया है। उन्होंने कहा कि बजट एक दस्तावेज मात्र नहीं है, बल्कि हिमाचल के विकास का अगले 10 साल का रोपमैप है। सुक्खू ने कहा कि हमने 2026 तक हिमाचल को ग्रीन स्टेट के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया है। इसलिए बजट में परंपरागत गाड़ियों को बदलने का ऐलान किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में हम सोची समझी रणनीति के तहत आगे बढ़ रहे हैं और ग्रीन स्टेट का दर्जा हासिल करने के लिए भविष्य में सरकार के खर्चों में और कटौती करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार सोलर पावर प्रोजेक्ट लगाने के लिए लोन पर गारंटी देने पर भी विचार करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में गांव और शहर का अंतर कम करने को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार अगले एक साल में सरकारी और निजी क्षेत्र में रोजगार के 90 हजार अवसर सृजित करेगी।

# देहरी महाविद्यालय में वार्षिक समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर/विजय समयाल**
वजीर राम सिंह रांजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देहरी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। समारोह में जिला उपायुक्त कांगड़ा डा. निपुण जिंदल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उपायुक्त ने समन्वयक की भूमिका निभाई। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियों देशभक्ति गान, एकल गायन, युगल गायन, एकल डांस, युगल डांस के माध्यम से उपस्थित जनसमूह का खूब मनोरंजन किया। वही भारी वारिश भी युबाओ का मनोबल न तोड़ पाई और वारिश मे ही थिडकते रहे। इससे पूर्व मुख्यतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप



प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम को शुरू करने की अनुमति दी गई। वहीं कार्यक्रम के अंत में मुख्यतिथि द्वारा कार्यक्रम में बेहतरीन प्रस्तुतियां देने बाले प्रतिभागियों व अन्य कॉलेज के मेधाबी छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया। अपने संबोधन में मुख्यतिथि ने छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने को प्रेरित किया। साथ ही नशे जैसी बुराई से दूर रहने का आहबान किया। कहा यही उम्र होती है जब हम अपने भविष्य को सही दिशा की तरफ ले जाते हुए सुरक्षित कर सकते हैं। कार्यकारी प्राचार्य डा. कामाक्षी लुम्बा ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# हिमाचल बजट में केंद्र के बजट की नकल करने का प्रयास किया गया: सुरेश कश्यप

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा पेश किया गया बजट जनता को गुमराह करने वाला बजट है। इस बजट में ना तो विजन है ना डायरेक्शन।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से झूठी गारंटियों के सहारे कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई है। उसी प्रकार से इस बजट में जनता को गुमराह करने का प्रयास किया गया है। पर इस बार जनता गुमराह नहीं होगी अगर आप इस बजट को देखें तो बजट में उन्होंने खुद माना है कि 6200 करोड रुपए का गैप है इसका मतलब आय कम और खर्चा ज्यादा। उन्होंने कहा कि

**8 सुरेश कश्यप ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा पेश किया गया बजट जनता को गुमराह करने वाला बजट है**

हिमाचल प्रदेश की अगर आय 100 रू है तो उसमें से देनदारियों को देने के बाद हिमाचल के पास केवल 29 रू ही बचते हैं, इसका मतलब हिमाचल प्रदेश में विकास कार्यों के लिए बहुत कम पैसा रह गया है। जबसे कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई है तब से हिमाचल प्रदेश में विकास कार्य ठप हो गए हैं और जिस प्रकार से यह बजट प्रस्तुत किया गया है इस प्रकार से विकास कार्य आने वाले वर्ष में भी ठप ही दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीन हिमाचल को लेकर



सरकार के बजट में शोर ज्यादा था पर धरातल पर यह बजट ठन ठन गोपाल वाला बजट रहा। कई महत्वपूर्ण योजनाओं के ऊपर सरकार चुप्पी साध के बैठी रही, जैसे घृणि सुविधा योजना, शगुन योजना, सहारा योजना, हिम केयर योजना और मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना इन महत्वपूर्ण योजनाओं जिससे जनता का उद्धार होता है उसके बारे में इस बजट में कुछ भी नहीं कहा गया इसका मतलब इस बजट में इन योजनाओं के लिए प्रवर्धन नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि अपनी गारंटियों को पूरा करने के लिए उन्होंने हिमाचल की विकास की गति को रोक दिया पर, आज जब इन्होंने घोषणा करी कि हिमाचल प्रदेश में 231000 महिलाओं को ही केवल 1500 प्रति महा मिलेंगे तो उससे साफ दिखाई देता है कि कांग्रेस महिलाओं को भी गुमराह कर रही हैं, इस देनदारी के लिए प्रावधान किया नहीं गया और बजट में इसको बोल दिया गया, देखना यह है कि पहले जब यह सरकार बनी थी तो 3200000 महिलाओं की बात की जा रही थी और आज यह आंकड़ा 231000 हो गया है।कश्यप ने कहा कि इस हिमाचल के बजट में केंद्र सरकार के बजट की नकल करने का पूर्ण प्रयास किया गया है।
केंद्र सरकार ने स्पष्ट कहा है कि भारत में 197 मेडिकल कॉलेज के साथ नर्सिंग कॉलेजे बनाए जाएंगे, पर इन नर्सिंग कॉलेज का श्रेय कांग्रेस की प्रदेश की सरकार लेना चाहती है।प्रधानमंत्री मोदी ने अपने केंद्रीय बजट और जी-20 की बैठकों में ग्रीन एनर्जी और क्लाइमेट चेंज के बारे में अनेकों बार कहा है, इस ग्रीन एनर्जी घोषणा द्वारा हिमाचल ग्रीन स्टेट बनाने का श्रेय मुख्यमंत्री सुक्खू लेना चाहते हैं और अपने बजट में कहीं भी उन्होंने प्रधानमंत्री का धन्यवाद नहीं किया।

## नलवाड़ी नाटयोत्सव 18 व 19 मार्च को

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
जिला प्रशासन एवं जिला भाषा अधिकारी कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय नलवाडी, नाट्योत्सव 18 मार्च व 19 मार्च 2023 को जिला भाषा अधिकारी कार्यालय प्रेक्षा गृह चंगर में आयोजित किया जायेगा। उद्घाटन कार्यक्रम के तहत 18 मार्च को सांय 6:30 बजे मुशी प्रेम चन्द की कहानी बड़े भाई साहब का मंचन नाट्यानुकृति शिमला की प्रस्तुती रहेगी, जिसका निर्देशन संजय सूद ने किया है। जबकि 19 मार्च, 2023 को उड़ान संस्था बिलासपुर द्वारा सआदत हसन मंटो की कहानी खोल दो का मंचन सांय 6:30 बजे किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### 24 घंटे के भीतर हरोली पुलिस ने मशीन चोर किए काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
थाना हरोली के तहत ललड़ी की पशुशाला से चोरी हुई मोटर मशीन के मामले में पुलिस ने चोरों को 24 घंटों के भीतर पकड? में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मशीन चोरी के लिए प्रयोग की गई स्कूटी को भी बरामद कर कब्जे में लि है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गौरव कुमार व नीरज कुमार निवासी पालकवाह और राज कुमार निवासी ललड़ी के रूप में हुई है। तीनों की आयु 20 से 25 वर्ष के भीतर है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि वीरवार को बहादुर सिंह निवासी ललड़ी ने हरोली पुलिस को शिकायत देते हुए अपनी पशुशाला से मोटर मशीन चोरी की शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत मिलने के तुरत बाद हरोली पुलिस तुंरत हरकत में आई और अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी। वीरवार को ही पुलिस ने सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर तीन युवकों को पूछताछ के लिए बुलाया। पूछताछ के दौरान तीनों युवकों ने मशीन मोटर चोरी करने की बात कबूली। तीन युवकों के पास से पुलिस ने एक स्कूटी भी बरामद की है। मामले की पुष्टि करते हुए हरोली थाना प्रभारी सुनील संख्यान ने बताया कि पुलिस ने तीन चोरो को हिरास्त में लेकर जांच में जुट गई है। वहीं इस चोरी में किसी अन्य साथी के भूमिका को लेकर भी पूछताछ कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि इसमें किसी अन्य भी संलिप्त पाया जाता है, तो उस पर भी नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### भदसाली और ईसपुर स्कूल में उड़नदस्ता टीम का निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा आयोजित 10वीं और12वीं कक्षा की टर्म-2 की वार्षिक परीक्षाओं में उड?दस्ता टीमों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को दसवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा और बाहरवी की राजनीतिक शास्त्र की परीक्षा में शिक्षा उपनिदेशक उच्चतर शिक्षा जिला ऊना जनक सिंह के नेतृत्व में फ्लाइंग स्क्वायड की टीम में प्रवक्ता डॉ किशोरी लाल शर्मा एवं कुसुम कुमारी शास्त्री द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदसाली और ईसपुर स्कूल में परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान परीक्षा केंद्रों में लगाए सीसीटीवी फुटेज को भी जांचा गया। शिक्षा उपनिदेशक जनक सिंह ने केंद्र समन्वयक एवं केंद्र अधीक्षक को परीक्षाओं को सुचारू रूप से चलाने एवं नकल को रोकने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं परीक्षा केंद्रों की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त किया।

# 24 घंटे के भीतर हरोली पुलिस ने मशीन चोर किए काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
थाना हरोली के तहत ललड़ी की पशुशाला से चोरी हुई मोटर मशीन के मामले में पुलिस ने चोरों को 24 घंटों के भीतर पकड? में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मशीन चोरी के लिए प्रयोग की गई स्कूटी को भी बरामद कर कब्जे में लि है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गौरव कुमार व नीरज कुमार निवासी पालकवाह और राज कुमार निवासी ललड़ी के रूप में हुई है। तीनों की आयु 20 से 25 वर्ष के भीतर है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि वीरवार को बहादुर सिंह निवासी ललड़ी ने हरोली पुलिस को शिकायत देते हुए अपनी पशुशाला से मोटर मशीन चोरी की शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत मिलने के तुरत बाद हरोली पुलिस तुंरत हरकत में आई और अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी। वीरवार को ही पुलिस ने सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर तीन युवकों को पूछताछ के लिए बुलाया। पूछताछ के दौरान तीनों युवकों ने मशीन मोटर चोरी करने की बात कबूली। तीन युवकों के पास से पुलिस ने एक स्कूटी भी बरामद की है। मामले की पुष्टि करते हुए हरोली थाना प्रभारी सुनील संख्यान ने बताया कि पुलिस ने तीन चोरो को हिरास्त में लेकर

## कटौहड़ कलां रैन शेल्टर में साधू का शव बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
थाना अंब के तहत कटौहड़ कलां स्थित रैन शैल्टर में 50 वर्षीय साधू बाबा का शव लवारिस हालत में मिला है। हालांकि अभी तक शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया गया। वहीं मामले को लेकर आगामी कारवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार वीरवार शाम को गांव कटौहड़ कलां स्थित रैन शैल्टर में पुलिस को एक साधू बाबा का लावारिस शव होने की सूचना मिली। पुलिस ने साधू की पहचान के लिए स्थानीय लोगों से पूछताछ की, लेकिन पहचान न हो पाई। ऐसे में अंब पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया है। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी प्रवीण धीमान ने बताया कि अभी तक शव की पहचान नहीं हो पाई है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

## शिववाड़ी अंबोटा में 2.43 ग्राम चिट्टे संग एक धरा

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
थाना गगरेट के तहत शिवबाड़ी अंबोटा के समीप पुलिस ने 40 वर्षीय व्यक्ति को 2.43 ग्राम चिट्टे संग काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान नरेश कुमार निवासी अप्पर गगरेट के रूप में हुई है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गगरेट पुलिस की टीम वीरवार देर शाम को शिवबाड़ी अंबोटा के समीप गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना मिलने पर पैदल जा रहे नरेश कुमार को रूकने का इशारा किया।

# ध्यूंसर महादेव के जंगल में मिला युवक का शव

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
पुलिस थाना बंगाणा के तहत दीना दा परोह ध्यूंसर महादेव के जंगल में 26 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिला है। मृतक युवक की पहचान अंकुश पुत्र चमन लाल निवासी चुरूड़ू अंब के रूप में हुई है।
शव से कुछ दूरी पर एक बाइक भी मिली है। सूचना मिलने के बाद बंगाणा पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर अगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह वन विभाग का कर्मी ध्यूंसर महादेव के जंगल में गया हुआ था, जहां पर युवक का शव पेड़ से लटका देख इसकी सूचना बंगाणा पुलिस को



दी।
बंगाणा पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लिया। स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद युवक की पहचान चुरूडू निवासी अंकुश के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी ऊना प्रवीण धीमान ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। युवक ने आत्महत्या की या कोई घटना घटी है, इसको लेकर जांच की जा रही है।

# सहजपाल मोहल्ले का रास्ता कच्चा होने के चलते लोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
विस क्षेत्र हरोली के दुलैहड़ के सहजपाल मोहल्ले को जाने वाली सडक के कच्चा होने के चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में रास्ते में पानी के रूकने के कारण जहां राहगीरों को आने-जाने में दिक्कतें पेश आती है। वही स्थानीय लोगों के बार-बार मांग उठाने पर भी इस सडक का निर्माण आज तक नहीं हो पाया है। बता दें कि दुलैहड़ के सहजपाल मोहल्ले को जानी वाला सडक रास्ता कच्चा होने के कारण स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले का रास्ता कच्चा होने के कारण



बरसात के दिनों इस रास्ते की हालत बेहद खराब हो जाती है। जिसे लोगों को अपने घरों व अन्य कार्यो पर जाने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों में नितीश शर्मा का कहना है कि कच्चे रास्ते की समस्या के बारे में मौजूदा प्रधान को अवगत करवाए जाने पर जल्द ही इस रास्ते के निर्माण का आश्वासन दिया गया था। लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी इस रास्ते की काम शुरू नहीं हो पाया है। जब इसकी जानकारी संबंधित विभाग से ली, तो पता चला कि इस रास्ते के निर्माण के लिए एक लाख रुपए की मंजूरी मिल गई है। उन्होंने कहा कि पैसे मंजूरी होने के बाद भी रास्ते का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द रास्ते का पक्का करने की मांग उठाई है, ताकि लोगों की समस्या का हल हो सके।

# ग्राम पंचायत आनी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
महिला एकीकृत नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा ग्राम पंचायत आनी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नशा निवारण के बारे में स्थानीय युवक.युवतियों को विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई।
मनोवैज्ञानिक दिव्या भारद्वाज ने कहा कि नशा एक बहुत ही भयंकर बुराई है इससे बचने के लिए इससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानना आवश्यक है।नशे के गिरफ्त में आये युवक-युवतियों का इलाज संभव है यदि समय रहते हुए उन्हें नशा निवारण केंद्र में लाया जाए तथा विभिन्न प्रकार के औषधियां एवं उपचार से उन्हें नशे की लत से



बाहर निकाला जा सकता है। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति केन्द्र में इसके लिए डॉक्टरों की देखरेख में उचित परामर्श एवं दवाइयों के साथ-साथ मेडिटेशन, योगा, खेल एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नशे के व्यसनी महिला व पुरुषों को नशे की लत से बाहर निकाला जाता है।मनोवैज्ञानिक दिव्या भारद्वाज कहा कि भून्तर स्थित नशा मुक्ति केंद्र में मरीज का उपचार वाहय रोगी या आवासीय रोगी के रूप में किया जाता है। वाहय रोगीयों को निःशुल्क दवाईयां दी जाती है तथा मनोविज्ञानिक/काउंसलर द्वारा रोगी तथा उसके परिवार के सदस्यों के लिए परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाता है। गम्भीर लक्षणों वाले रोगियों को उनकी सहमति से केन्द्र में भर्ती किया जाता है। आमतौर पर ऐसे रोगियों को 21 दिनों से 30 दिनों तक केन्द्र में ईलाज किया जाता है तथा उपचाराधिन रोगियों को डॉक्टर तथा स्टाफ नर्सो की निगरानी में उनके बीपीए तापमान तथा अन्य लैब टैस्ट करवाए जाते है।
किसी भी आपात स्थिति में उचित अस्पताल में रैफर करने की व्यवस्था की गइ है। ईलाज के दौरान मनोचिकित्सक काउंसलर द्वारा व्यक्तिगत परामर्श तथा पारिवार के सदस्यों की परामर्श सुविधाएं दी जा रही हैं। उपचार अवधि के दौरान सुबह के समय शारीरिक व्यायाम, ध्यान और योगा प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा करवाएं जाते है। दिन के समय निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न गतिविधियों में उन्हे व्यस्त रखा जाता है। रोगियों को केन्द्र में ईलाज के दौरान साफ बिस्तर, नाश्ता, चाय, दोपहर का भोजन, रात का खाना मुफ्त दिया जाता है।कार्यक्रम में पंचायत प्रधान लाल सिंह ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह के प्रधान व सदस्य उपस्थित रहे। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन संख्या 01902 265265 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत तुन्ना विकास खंड गोहर तहसील चच्योट जिला मंडी ( हि.प्र. )**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत तुन्ना विकास खंड गोहर जिला मंडी द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पंचायत बैठक 13/03/2023 प्रस्ताव संख्या-03 द्वारा विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मोहरबंद निविदाएं केवल पंजीकृत डाक द्वारा आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 23/03/2023 को अपराहन 4:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय तुन्ना में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 25/03/2023 ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष सुबह 11 बजे खोली जाएगी। निविदाएं निम्न सामग्री हेतु आमंत्रित की जाती हैं:-

| क्रम संख्या | सामग्री का विवरण | मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है |
|---|---|---|
| 1 | रेत ( खड्ड/नदी की) | प्रति घन मीटर |
| 2 | रेत (क्रशर की) | प्रति घन मीटर |
| 3 | बजरी 20mm ( खड्ड/नदी की ) | प्रति घन मीटर |
| 4 | बजरी 40mm ( खड्ड/नदी की ) | प्रति घन मीटर |
| 5 | बजरी 20mm ( क्रशर की ) | प्रति घन मीटर |
| 6 | बजरी 40mm ( क्रशर की ) | प्रति घन मीटर |
| 7 | सोलिंग बोल्डर पत्थर | प्रति घन मीटर |
| 8 | पक्का पत्थर (Cut Stone) | प्रति घन मीटर |
| 9 | ईंट ( मिट्टी के भट्टे की A-B-C ग्रेड) | प्रति हजार नं |
| 10 | JCB मशीन (Cutting and Dressing) | प्रति घंटा |
| 11 | शटरिंग | प्रति स्केयर फुट |
| 12 | Inter Lock Paver Tiles (40mm, 50mm, 60mm, 80mm ISI Mark ) Double Layer | प्रति टायल |
| 13 | बिल्डिंग्स टाईल | प्रति स्केयर फुट |
| 14 | सीमेंट ढुलान चैलचौक से तुन्ना कार्यालय स्थल | प्रति बैग |
| 15 | नागरिक सूचना बोर्ड ( 2X3, 3X5 ft. ) with पेंटिंग | प्रति बोर्ड |
| 16 | लोहे के एंगल, एल्युमिनियम एंगल फिटिंग | प्रति किलो, प्रति फुट |
| 17 | GI शीट | प्रति शीट |
| 18 | मिक्चर | प्रति दिन/प्रति घंटा |
| 19 | कम्प्रेसर | प्रति दिन/प्रति घंटा |
| 20 | रोलर | प्रति दिन/प्रति घंटा |
| 21 | लकड़ी/टिम्बर | प्रति घन मीटर |
| 22 | पंचायत फर्नीचर स्टील बैंच लाईट चेर, कुर्सी, मेज, तिपाई इत्यादि | प्रति Item |
| 23 | सभा कक्ष दरी/दलिचा | प्रति Sq फीट |
| 24 | PVC पाइलिंग/फिटिंग इत्यादि | प्रति Sq फीट |
| 25 | फल्लोर टाइल, वाल टाइल Etc. | प्रति Sq फीट/प्रति पेटी |
| 26 | ब्रेकर मशीन | प्रति घंटा |
| 27 | गलमा ड्रेसड पत्थर | प्रति पत्थर |
| 28 | गलमा कट्टर स्टोन | प्रति पत्थर |
| 29 | शटरिंग | प्रति Sq मीटर |
| 30 | नर्सरी पौधे हर प्रकार के | प्रति पौधा |
| 31 | सरिया इत्यादि | औरती पौधा |
| 32 | सोलिंग कच्चे पत्थर | प्रति घन मीटर |
| 33 | कच्चे पत्थर | प्रति घन मीटर |

**नियम व शर्तें:**

1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण पैन नंबर, जीएसटी नंबर होना आवश्यक है।
2. ठेकेदार/आपूर्तिकर्त्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फॉर्म जमा करवाने होंगे, एम फॉर्म उपलब्ध ने करवाने पर सामग्री स बंधित रॉयल्टी वर्तमान 60/- रूपये मिट्रिक टन के हिसाब से काटी जाएगी।
3. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी।
4. निर्माण सामग्री कार्य स्थल या जहां तक गाडी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी।
5. निविदादाता को 50000/- (पच्चास हजार) रूपये की धरोहर/सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जाम करवानी होगी, अन्यथा निविदा रद्द की जाएगी।
6. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी अग्रिम धरोहर/सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी।
7. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, बराबर दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री के गुणवत्ता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत विभाग के पास होगो।
8. ग्राम पंचायत के सप्लाई ऑर्डर के अनुरूप सप्लाई स्वीकार की जाएगी।
9. दरों का उल्लेख करने समय Included Tex या Excluded Tex का उल्लेख करना आवश्यक है।
10. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा या अस्वीकृत सामग्री की अदायगी नहीं होगी।
11. सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की Justification या पारित निविदादाता के साथ Negotaition अनुसार/उपरांत किया जाएगा।
12. Inter Lock Paver Tiles के लिए PWD विभाग की Lab से प्रमाणिकता साथ लानी होगी।
13. Inter Lock Paver Tiles ISI Mark Double Layer की प्रकाणिकता भी साथ में संलग्न होनी अनिवार्य होगी।
14. ग्राम पंचायत में वर्ष 2023-24 के लिए अनुमानित सामग्री, रेता-900 Cum, बजरा,-1200 Cum,पत्थर/Cutstone-1300 Cum,ईंट-350000 नं, सोलिंग बोल्डर पत्थर-1300 Cum,

## न्यूज फ्लैश

### दिल्ली के छात्र बने भारत की सबसे बड़ी इंटरस्कूल क्विज प्रतियोगिता के चैम्पियन

**नई दिल्ली:** एक ऑल इंडिया क्विज के फाइनल राउंड में जैसा मुकाबला होना चाहिए, उसी के अनुरूप भारत के अलग-अलग कोनों से 4 शीर्ष स्कूलों ने इस कड़े मुकाबले को जीतने के लिए अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन किया। प्रतिभावान छात्रों के इस मुकाबले में कहीं चूक हुई तो कहीं मास्टर स्ट्रोक थे, कभी रणनीतिक गलतियां हुई तो कभी जबरदस्त वापसी हुई और अंत में किसी टीम के हाथ लगी निराशा तो कहीं था जश्न का माहौल क्यूँकि दिल्ली के सरदार पटेल विद्यालय के छात्र ह्यहिस्ट्री टीवी 18 सीबीएसई हेरिटेज इंडिया क्विज 2022ह्न के फाइनल राउंड को जीतकर इस प्रतियोगिता के चैम्पियन बने। सीबीएसई द्वारा 2001 में शुरू की गई हिस्ट्री टीवी 18 सीबीएसई हेरिटेज इंडिया क्विज आज अखिल भारतीय स्तर पर इंटर-स्कूल क्विज के लिए बेंचमार्क है और भारत और दुनिया भर के विभिन्न प्रतिष्ठित सीबीएसई स्कूलों के प्रतिभाशाली और प्रखर युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देती है। इसकी सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्रारंभिक एलिमिनेशन राउंड में 8049 छात्रों ने भाग लिया, जिसके बाद पूरे भारत में 16 जोनल राउंड आयोजित किए गए, जहाँ प्रत्येक जोन के 30 स्कूलों से 90 छात्रों ने अगले राउंड में क्वालीफाई करने के लिए कड़ा मुकाबला किया। इस क्विज में कुल मिलाकर 2683 सीबीएसई स्कूलों ने भाग लिया। पिछले राउंड्स में, सरदार पटेल विद्यालय के अव्यय सिंह (17), राभ्या अग्रवाल (16) और सिद्धांत कुमार (17) ने ज्ञान, संयम और सूझबूझ का परिचय देते हुए अपनी जबरदस्त प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। लेकिन फाइनल में हर टीम इसी तरह के असाधारण प्रदर्शन के साथ पहुँची थी। चेन्नई के एल्विन मेमोरियल पब्लिक स्कूल, रायपुर के कृष्णा पब्लिक स्कूल और बंगलुरु के श्री श्री रविशंकर विद्या मंदिर की टीमों ने दिल्ली के छात्रों को कड़ी चुनौती दी। जब क्विजमास्टर अजय पूनिया ने हर टीम के सामने कठिन प्रश्नों की लड़ी लगा दी, तो हर टीम ने अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन करके इस फाइनल को यादगार बनाने की पूरी कोशिश की। टीमों के बीच कड़ा संघर्ष हुआ और कई बार मुकाबला एक पलड़े से दूसरे की ओर भारी होता दिखा पर आखिरकार सरदार पटेल विद्यालय की टीम ने सबसे योग्य विजेता के रूप में ट्रॉफी पर जीत हासिल की। स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 'आजादी का अमृत महोत्सव' की थीम पर आयोजित इस क्विज में देश, संस्कृति और इसकी उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास का जश्न मनाने के लिए देश भर के स्कूलों को आमंत्रित किया गया था।

### एक विशेष अभियान के माध्यम से ल्यूमिनस महिलाओं के लिए एनर्जी सेक्टर में ला रहा क्राँति

**हिसार :** एनर्जी सेक्टर में महिला प्रतिनिधित्व की कमी दुनिया भर में विचारणीय मुद्दा है, जिससे भारत भी अछूता नहीं है। भारत में एनर्जी सेक्टर के तहत महिलाएँ विभिन्न चुनौतियों का सामना करती आ रही हैं, जिनमें सांस्कृतिक पक्षपात, सीमित अवसर व प्रशिक्षण और शिक्षा तक अपर्याप्त पहुँच शामिल है। इस मुद्दे को संबोधित करने और एनर्जी इंडस्ट्री में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य के तहत भारत के सबसे भरोसेमंद पॉवर सॉल्यूशन ब्रांड, ल्यूमिनस ने एक नए अभियान #वुमनइनएनर्जी की नींव रखी है, जिसकी शुरूआत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर की गई।इस अभियान का उद्देश्य एनर्जी सेक्टर में शामिल होने के लिए अधिक से अधिक महिलाओं को प्रोत्साहित करना और इंडस्ट्री में महिलाओं द्वारा निभाई जा सकने वाली महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालना है। अभियान के केंद्र बिंदु को ध्यान में रखते हुए एक डिजिटल फिल्म निर्मित की गई है, जो भारत की पहली लाइनवुमन बाबरी सिरिशा की प्रेरक कहानी बयां करती है। बाबरी सिरिशा वह महिला है, जिसने एनर्जी सेक्टर में अपनी पहचान बनाने के लिए तमाम बाधाओं को दरकिनार कर दिया। फिल्म में एक शक्तिशाली संदेश भी शामिल है कि एनर्जी इंडस्ट्री में सफलता पाने के लिए महिलाओं के पास समान अवसर हैं। इसके अतिरिक्त, ल्यूमिनस द्वारा महिला, एनर्जी और नए भारत पर पैनल डिस्कशन्स होस्ट किए जा रहे हैं, जिसमें एनर्जी सेक्टर में प्रतिष्ठित लीडर्स शामिल हैं।

### इसुजु मोटर्स आयोजित करेगा इसुजु आई-केयर प्री समर कैंप

**चंडीगढ़:** ईसुजु मोटर्स इंडिया अपनी इसुजु डी – मैक्स पिक अप और एसयूवी की रेंज के लिये देश व्यापी इसुजु आई केयर प्री समर कैंप का आयोजन करने जा रही है। इस कैंप का उद्देश्य ग्राहकों को देश भर में इस मौसम के दौरान झंझट मुक्त ड्राईविंग का अनुभव और प्रीवेंटिव मैंटेनेंस चैक्स प्रदान करवाना है। यह पहल 22 मार्च से 29 मार्च 2023 तक देश भर के इसुजु अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेटों में उपलब्ध करवाई जायेगी। इस दौरान ग्राहक अपनी गाड़ियों के लिये विशेष पैकेज का लाभ ले सकते हैं जिसमें 37 प्वाईंट चैक अप, निशुल्क टॉप वॉश और रेगेन, आरएसए की खरीद पर छूट और लेबर, पार्ट्स, ल्यिूब्स और फिल्यूड्स पर रियायत प्राप्त कर सकते हैं।

# नवनिर्मित वाटर बूस्टिंग स्टेशन का ट्रायल शुरू हुआ

**मेयर निखिल मदान ने डिप्टी मेयर ,निगम पार्षदों एवं संबंधित निगम अधिकारियों के साथ किया बूस्टिंग स्टेशन का दौरा, 5 एमएलडी की क्षमता वाले बूस्टर के चालू होने से वार्ड 14 ,15 ,16 ,17 के लोगों को पेयजल समस्या से मिलेगी राहत**

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**

**शुक्रवार को** मेयर निखिल मदान सेक्टर 23 में नगर निगम द्वारा बनाये गए नव निर्मित बूस्टिंग स्टेशन पर पहुंचे। इस अवसर पर डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत,पार्षद मोनिका नागर,पार्षद नवीन तंवर, नगर निगम के कार्यकारी अभियंता निजेश कुमार,एस डी ओ मंजीत दहिया ,कनिष्ठ अभियंता सागर भी मौके पर मौजूद रहे।



मेयर निखिल मदान ने बताया कि नगर निगम द्वारा आज सेक्टर 23 के नए वाटर बूस्टिंग स्टेशन से पेयजल आपूर्ति का ट्रायल शुरू कर दिया गया है। प्रारम्भिक तौर पर इस बूस्टर से वार्ड 16 के अधिकांश क्षेत्र दहिया कॉलोनी,कालूपुर गाँव,लहराड़ा गाँव,संत कबीर नगर ,गुगा मंदिर वाली गली,कीर्ति नगर,वार्ड 14 के मोहन नगर सहित वार्ड 15 और 16 के भी कुछ क्षेत्रों में पेय जल आपूर्ति की जाएगी। साथ ही ट्रायल के दौरान किसी भी तरह की लाइन लीकेज और अन्य समस्या के सामने आने पर तुरंत प्रभाव से दूर करने के आदेश निगम अधिकारियों को दिए गए हैं। मेयर निखिल मदान ने बताया कि फिलहाल 5 एमएलडी क्षमता वाले बूस्टर को 2 डीप बोरवेल से भरा जा रहा है। इसके अतिरिक्त गर्मियों के मौसम में पेयजल आपूर्ति को सुचारु रूप से चलाने के लिए पुराने बूस्टिंग स्टेशन पर सभी इंतजामों को पुख्ता करने के आदेश उन्होंने निगम अधिकारियों को दिए हैं। मेयर निखिल मदान ने कहा कि गर्मियों में

निगम क्षेत्रवासियों को पेयजल आपूर्ति में कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी।

इस मौके पर डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत,पार्षद मोनिका नागर,पार्षद नवीन तंवर,राजेश दहिया ,अनिल नागर, प्रिंस सरोहा ,कुलदीप वत्स मौजूद रहे।

## पानीपत में अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट देखकर भ्रूण लिंग बताने वाला काबू

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

पानीपत के तहसील कैंप क्षेत्र की महादेव कॉलोनी में किरयाना की दुकान पर अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट देखकर गर्भ में पल रहे भ्रूण का लिंग बताने का खेल चल रहा था। जिसका स्वास्थ्य विभाग की टीम ने खुलासा किया है। दुकान संचालक अल्ट्रासाउंड की लेवल-टू रिपोर्ट को देखकर एक महिला की मदद से लिंग के बारे में बता रहा था और उसकी एवज में वह 10 हजार रुपए ले रहा था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस की मदद से आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पीएनडीटी के नोडल ऑफिसर डॉ. पवन कुमार की शिकायत पर तहसील कैंप थाना पुलिस ने आरोपी रवि निवासी महादेव कालोनी के खिलाफ मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया और पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। डॉ. पवन कुमार ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि सिविल सर्जन को गुप्त सूचना मिल रही थी कि महादेव कॉलोनी में अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड के बाद गर्भ में पल रहे भ्रूण की लिंग के बारे में बताया जाता है। उसी सूचना के आधार पर एक टीम का गठन किया गया, जिसमें नोडल अधिकारी समेत, डॉ. रिंकी सांगवान व डॉ. एकता बठला को शामिल किया गया। एक गर्भवती महिला का लेवल-टू अल्ट्रासाउंड करवाया गया। सूचना के आधार पर बृहस्पतिवार शाम को गर्भवती ने रवि निवासी महादेव कॉलोनी को 10 हजार रूपए दिये तो उसको काबू कर लिया गया। वहीं तहसील कैंप थाना के एएसआई श्री निवास ने बताया कि आरोपी रवि को शुक्रवार को न्यायालय में पेश करके न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

## कुछ का साथ और सबका सत्यानाश करती भाजपाः सेलवाल




**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**

**हाउसिंग बोर्ड** नारनौल में पूर्व पार्षद राजेश मांदी व पूर्व पार्षद विनोद भील द्वारा हाथ से हाथ जोड़ों अभियान को लेकर सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के जिला इंचार्ज पूर्व विधायक नरेश सेलवाल व जिला कोऑर्डिनेटर पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने मुख्य रूप से शिरकत की। मंच संचालन अनिल सैनी ने किया ।इस अवसर जिला कोऑर्डिनेटर पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का मुख्य उद्देश्य पार्टी की नीति को जन जन तक पहुँचाने की व आपस मे एकजुट करने का है ।जिस प्रकार से पिछले कुछ सालों में भाजपा सरकार ने अपनी सत्ता बनाये रखने के लिए एक दूसरे में धर्म व जात पात का जहर घोलकर लोगों को आपस मे लड़ाने का काम किया है ।इस अवसर हाथ से हाथ जोड़ो के जिला इंचार्ज एवं पूर्व विधायक नरेश सेलवाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज केंद्र की भाजपा सरकार मित्रकाल में डूब चुकी है , हिंडनबर्ग की हालिया रिपोर्ट ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सरकार की अडानी के पक्ष में क्रोनी कैप्टिलिज्म की पोल खोल कर रख दी है।

## मेयर के खिलाफ सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**अम्बाला (मनीष कुमार)**

**शहर** नगर निगम में सफाई कर्मचारियों ने मेयर शक्ति रानी शर्मा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सफाई कर्मचारी मेयर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नगर निगम परिसर में धरने पर बैठ गए हैं। यही नहीं, कर्मचारियों ने मेयर द्वारा माफी न मांगने तक हड़ताल जारी रखने की चेतावनी भी दे डाली। कर्मचारियों का कहना है कि मेयर ने प्रधान से सही तरीके से बर्ताव नहीं किया, जिसके विरोध में निगम के कर्मचारियों ने आज अपना काम काज ठप रखा। कर्मचारियों ने शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने का कारण संसाधनों की कमी बताया। बता दें कि मेयर शक्ति रानी शर्मा ने शहर के सभी वार्डों में चरमराई सफाई व्यवस्था को लेकर सभी दरोगा की मीटिंग ली थी।

## नई राह सोसाइटी ने नीरज चोपड़ा के गांव खंडरा स्कूल से किया पौधारोपण का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत**

नई राह सोसाइटी ने अपने इस साल का पौधारोपण अभियान शुक्रवार को गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा के गांव खंडरा के सरकारी स्कूल से शुरू किया गया है। सोसाइटी सदस्यों ने शुक्रवार को खंडरा स्कूल में 100 फाइकस के और फलदार पौधे लगाए है। इस मौके पर डॉ. राज रमन और हेमा रमन ने बताया कि पर्यावरण को बचाने के लिये पेड़ लगाने की आज सबसे ज्यादा जरूरत है। उन्होंने स्कूल के बच्चों को बताया कि आज वे किसी के द्वारा लगाए गए पौधों की वजह से आक्सीजन ले रहे हैं और उसी तरह उन्हें भी भावी पीढ़ी के लिए पौधे लगाने चाहिए। डा. राज व हेमा रमन ने हर बच्चे को एक पौधा गोद लेकर उसकी देखभाल करने का आहवान किया। हालांकि बच्चों ने संकल्प लिया कि वे स्कूल में लगाये गये पौधों की अच्छी तरह से देखभाल करेंगे। इस अवसर प्रिंसिपल सुरेश देशवाल व विनोद सहित स्कूल स्टाफ व बच्चे मौजूद रहे।




# बजट सत्र में विधायक विज ने की सब डिवीजन पॉलिसी को दोबारा लागू करने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**हरियाणा** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज ने जीरो आवर में सब डिवीजन पालिसी को दुबारा लागू करने की मांग की है इस दौरान विधायक विज ने विधानसभा पटल पर सब डिवीजन की पालिसी की मांग करने से पहले पानीपत शहर का टेक्सटाइल हब के रूप में हो रहे विकास के लिए हरियाणा के मंत्री मंडल समेत मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया ,इस दौरान विधायक विज ने महम विधायक बलराज कुंडू के आरोप का जबाव देते हुए कहा की कुंडू कहते है की सरकार के द्वारा किया जा रहा ,विकास धरातल पर नही दिख रहा है, मै विकास देखने हेतु उन्हें पानीपत आने का निमंत्रण देता हू ,इस क्रम में उन्होंने पानीपत में चल रहे विकास कार्यो से भी सदन को अवगत कराया और कहा की पानीपत में जितना विकास पिछले 20 सालो में नही हुआ ,उससे अधिक विकास माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हो रहा है` इस हेतु मै उनका आभारी हू ,इसके पश्चात विधायक विज ने सब डिवीजन पालिसी की प्रशंसा करते हुए कहा की सरकार के द्वारा इस पालिसी को दुबारा लागू किया जाना चाहिए



जिससे भविष्य में भी लोग इस पालिसी का लाभ लेना चाहे तो ले सके और इस पालिसी में प्लाट में पार्किंग व्यवस्था की पालिसी और फ्रंट बाउंड्रीवाल बनाने की पालिसी में सुधार और पालिसी का लाभ लेने हेतु यूएलबी द्वारा जो अनावश्यक कागजो की मांग की जाती है, उन्हें हटाने की मांग करते हुए कहा की सदन में पास हुए विधेयक कोर एरिया के पैरा मीटर सेट करने की मांग यूएलबी मिनिस्टर डॉ कमल गुप्ता से की ।इसके पश्चात विधायक विज ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से मांग करते हुए कहा की 1956 में सरकार के द्वारा इंडस्ट्री एरिया बनाया गया था ,जिनमे से पानीपत भी एक है बाद में ये एरिया एचएसआईडीसी हस्तांतरित कर दिया गया था ,लेकिन एचआईडीसी सब डिवीजन की पालिसी को मंजूरी नही देता जिससे प्लाट्स के क्रय ह्नविक्रय एवं आई डी बनाने में दिक्कत आती है मै समस्या के समाधान के लिए उपमुख्यमंत्री से निवेदन करूँगा की प्लॉट मालिकों को प्लॉट डिवाइड करने की अनुमति दी जाए और जो प्लॉट पहले से बट गए हैं उन्हें मान्यता दी जाए और वहा मूलभूत सुविधओ और साफ सफाई का जिम्मा और सीवरेज और बरसाती पानी के निकासी की जिम्मेदारी नगर निगम को दी जाए। जिससे इंडस्ट्रियल एरिया में साफ सफाई आसानी से हो सके।

## पूनावाला फिनकॉर्प ने बिजनेस एवं प्रोफेशनल लोन के लिए 'क्या से वाह' कैंपेन की शुरूआत की

**नई दिल्ली।** पूनावाला फिनकॉर्प लिमिटेड (पहले मैग्मा फिनकॉर्प के नाम से जाना जाता था) साइरस पूनावाला समूह की डिपॉजिट नहीं लेने वाली और प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण नन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी है, जिसने 'क्या से वाह' कैंपेन की शुरूआत की है। कंपनी ने इस अभियान के माध्यम से डॉक्टरों, चार्टर्ड एकाउंटेंटों और व्यवसाय के मालिकों को बिना किसी परेशानी के अपने कामकाज को बेहतर बनाने में मदद करने का लक्ष्य रखा है। इस कैंपेन में 2 शॉर्ट फिल्में हैं, जिसमें छोटे व्यवसायों और इसी तरह के अलग-अलग प्रोफेशनल लोगों की समस्याओं को उजागर किया गया है, साथ ही यह भी जाहिर किया गया है कि पूनावाला फिनकॉर्प किस तरह उनके व्यवसाय या कामकाज को बदलने में मदद करके इस जरूरत को पूरा कर सकता है। 'क्या से वाह' कैंपेन इस सच्चाई को बताता है कि पहली छाप सबसे ज्यादा मायने रखती है। साथ ही यह भी उजागर करता है कि, पूनावाला फिनकॉर्प अपने बिजनेस और प्रोफेशनल लोन की पेशकश के जरिए ग्राहक बस एक क्लिक से अपने व्यवसाय, क्लिनिक, या प्रोफेशनल कामकाज के स्तर को बेहतर बना सकते हैं। इस कैंपेन में दर्शकों के साथ जुड़ने के लिए हल्के-फुल्के हँसी मजाक का उपयोग किया गया है। इससे यह सच्चाई भी उजागर होती है कि, पूनावाला फिनकॉर्प के साथ लोन के मंजूरी की पूरी प्रक्रिया डिजिटल है और यह किस तरह से प्रोफेशनल लोगों एवं व्यवसायों को अधिक लाभ कमाने में मदद करता है। इस कैंपेन के बारे में अपनी राय जाहिर करते हुए श्री अभय भुतडा, मैनेजिंग डायरेक्टर, पूनावाला फिनकॉर्प पूनावाला फिनकॉर्प में, हम हमेशा अपने ग्राहकों की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए इस श्रेणी में सबसे बेहतर और ग्राहक-केंद्रित उत्पादों एवं समाधानों की पेशकश करते हैं।

## गठबंधन सरकार में हर कोई परेशान: नवीन जयहिन्द

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

ऐसे बहुत से मामले सामने आ रहे है जिसमे सरकार द्वारा लोगो की फैमिली आईडी में आय ज्यादा दिखाकर उनके राशन कार्ड व पेंशन काट दी गयी है। जिससे बहुत से लोगो को परेशानी हो रही है ओर इसमे ज्यादातर बुजुर्ग, विकलांग व विधवा महिलाएं शामिल है। बीते 16 मार्च को गांव मदीना निवासी राजकर्ण दांगी जो कि विकलांग पेंशन लेता था व उसकी भाभी जो विधवा पेंशन लेती थी अपनी पेंशन कटने की समस्या लेकर जयहिन्द के पास आए थे और 17 मार्च को रोहतक काट मंडी निवासी राम कुमार जांगड़ा (शांत नगर , मकान न.766/33) जो कि विकांग है और विकलांग पेंशन व राशन कार्ड की सहायता से मिलने वाले पैसे व राशन से अपना गुजारा करते थे उनकी फैमली आईडी में ढाई लाख रुपये आय दिखाकर पेंशन व राशन कार्ड दोनों काट दिए। जयहिन्द ने सरकार व प्रशासन को दोबारा चेतावनी देते हुए कहा कि अगर एक हफ्ते में इनकी समस्याओं का समाधान नही हुआ तो इस सबको लेकर डीसी आफिस पहुँचूँगा।

# कांग्रेस ने किया कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**कांग्रेस ने** उत्तर प्रदेश भाजपा की योगी सरकार पर दलित विरोधी अध्यादेश लाऐ जाने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से दिया गया।

जिला अध्यक्ष चैधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस पार्टी की सरकार ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के हितों को ध्यान में रखते हुए और उन्हें भूमि हीन होने से बचाने के लिए ह्नउत्तर



प्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950ह्न के तहत अनुसूचित जाति के किसी भी व्यक्ति को अपनी खेती की जमीन किसी गैर अनुसूचित जाति के व्यक्ति को बेचने के लिए जिलाधिकारी से मंजूरी लेना आवश्यक कर दिया था, अगर किसी अनुसूचित जाति जनजाति के व्यक्ति को अपनी भूमि बेचनी हो तो उसके लिए जिलाधिकारी से मंजूरी लेना आवश्यक कर दिया था। किसी अनुसूचित जाति के व्यक्ति को अपनी भूमि अगर किसी कारण बस बेचनी है तो भूमि बेचते समय जिलाधिकारी यह देखते हैं कि जमीन बेचने के बाद अनुसूचित जाति के व्यक्ति के पास सवा तीन एकड़ से कम जमीन बचेगी या नहीं, यदि अनुसूचित जाति के व्यक्ति के पास सवा तीन एकड़ से कम जमीन बच रही हो तो जिलाधिकारी उसे जमीन बेचने की अनुमति नहीं देते है। इस तरह की बातें चल रही हैं कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार कांग्रेस द्वारा बनाए गए इस कानून को निष्क्रिय करने जा रही है।

# कार्य बहिष्कार पर रहे विद्युतकर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**अपनी मांगों** को लेकर कैंट कार्यालय पर बिजली कर्मचारी आंदोलन कर रहे है। उन्होंने साफ कर दिया है कि वह किसी के समक्ष झुकने वाले नहीं है। पूर्व में जो समझौता हुआ है। सरकार इसे लागू करें। पूर्ण कार्य बहिष्कार कर चुके कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आंदोलन की वजह से जिले के कई क्षेत्रों में बिजली गुल रही। उपभोक्ताओं की समस्याओं का भी समाधान नहीं हो पाया। गुरुवार को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के जिला संयोजक मोहन बाबू आर्य ने बताया कि तीन दिसंबर 2022 को ऊर्जा मंत्री के साथ एक समझौता हुआ था। इसमें ओबरा, अनपरा की 800-800 मेगावाट की नई इकाइयों को उत्पादन निगम से छीनकर एनटीपीसी को देने, पारेषण के निजीकरण को रोकने सहित कर्मचारियों के हित में कई मांगे शामिल थीं। इस समझौते को लागू करने के लिए ऊर्जा मंत्री ने 15 दिन का समय मांगा था। मगर 113 दिन बीतने के बाद भी इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।



**जिला संयोजक ने कही यह बात:** समिति की ओर से समझौते को लागू कराने की मांग को लेकर 36 घंटे के कार्य बहिष्कार का पूर्व में ही चेतावनी दी थी लेकिन किसी ने हमारी मांगों को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई। यदि सरकार ने हमारी मांगों को नहीं माना तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर भी जा सकते हैं।

### कई फीडरों पर बाधित रही बिजली

**कर्मचारियों** के कार्य बहिष्कार के चलते कैंट, मांट, औरंगाबाद, गोकुल, टाउनशिप, कृष्णा नगर, जयगुरुदेव और सदर फीडर सहित अन्य फीडरों की भी विद्युत आपूर्ति बाधित रही। ऐसे में लोग ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराएं तो कई अपनी शिकायत लेकर बिजली घर पहुंचे, लेकिन वहां उनकी सुनने वाला कोई नहीं था। कार्य बहिष्कार के चलते कई अधिकारियों के तो फोन भी बंद रहे।

# आम आदमी पार्टी के नेताओं ने किया अनाज मंडियों का दौरा

**8 सरकार की लापरवाही से किसान 4400 तक सरसों की फसल बेचने को मजबूर : अनुराग ढांडा**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**आम आदमी** पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने किसानों से सरसों की फसल का एमएसपी से कम पर खरीद होने का कड़ा विरोध जताया है। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने रेवाड़ी और वरिष्ठ नेता डॉ. अशोक तंवर ने पूंडरी की अनाज मंडी का दौरा किया। वहां उन्होंने किसानों से बातचीत की।



उन्होंने कहा कि किसानों ने बताया कि सरसों का एमएसपी 5450 है, लेकिन फिर भी किसान 4400 से लेकर 4900 तक के भाव पर बेचने को मजबूर हैं। जोकि उनके लिए घाटे का सौदा साबित हो रहा है। वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने रेवाड़ी मंडी का दौरा कर किसानों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि किसान ई-खरीद पोर्टल के खराब होने से घाटे में फसल बेचने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि अप्रैल में गेहूं खरीद का सीजन भी आने वाला है। मंडियों से सरकारी एजेंसियां नदारद हैं, किसान घाटे में फसल बेचने को मजबूर हैं।

## संपादकीय

# योगी का चरखा दांव

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के एक निर्णय से छद्म धर्मनिरपेक्ष दल बेचैन और व्यग्र हैं। चिंता में हैं कि अब उनकी तुष्टिकरण की राजनीति का क्या होगा ? प्रदेश की राजनीति में अभी तक कहा जाता रहा है कि दिवंगत सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव चरखा दांव चलते थे। इस बार असली चरखा दांव योगी आदित्यनाथ ने चला है। इसने मुस्लिम तुष्टिकरण और जातिवादी नेताओं को चित कर दिया है। जो लोग रामचरित मानस जैसे दिव्य व पवित्र ग्रंथ की कुछ चौपाइयों का गलत अर्थ निकालकर हिंदू समाज में जातिभेद व विवाद उत्पन्न कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का प्रयास कर रहे थे वो अब सकते में हैं। यह लोग सोच रहे थे कि प्रदेश में भगवा लहर को सनातन धर्म और सनातन संस्कृति के आस्था के केंद्र और धर्मग्रंथों का दुष्प्रचार करके और सामाजिक समरसता का वातावरण दूषित करके रोका जा सकता है। प्रदेश सरकार ने 22 मार्च से 30 मार्च तक दुर्गा मंदिरों और शक्तिपीठों में दुर्गा सप्तशती के पाठ, देवी जागरण व गायन के कार्यक्रम कराने का आदेश तो जारी किया ही है साथ ही अष्टमी और श्रीरामनवमी के दिन अखंड रामायण का पाठ कराने का आदेश भी जारी किया है। नवरात्रि के पावन अवसर पर इन कार्यक्रमों में महिलाओं एवं बालिकाओं सहित जनसहभगिता को बढ़ाने पर बल दिया गया है। इन सभी कार्यक्रमों के अवसर पर मंदिर परिसरों में विकास कार्यों एवं बुनियादी सुविधाओं की होर्डिंग भी लगेंगी। इन आयोजनों को भव्यता प्रदान करने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति चयनित देवी मंदिरों, शक्तिपीठों में कलाकारों के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। प्रदेश में पहली बार प्रशासन स्तर पर देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने जा रहे हैं। वर्तमान परिदृश्य में सामाजिक व राजनीतिक दृष्टिकोण से यह आयोजन बहुत ही महत्वपूर्ण हैं, क्यांकि अभी तक प्रदेश में जितनी भी तथाकथित धर्मनिरपेक्ष सरकारें रहीं उनके कार्यकाल में केवल और केवल मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति का विकृत दौर ही देखा गया है। सर्वाधिक आश्चर्य की बात यह है कि सरकार के इस निर्णय का आज वही दल विरोध कर रहे हैं जिनके कार्यकाल में राजभवन व मुख्यमंत्री आवास रोजा इफ्तार का केंद्र बन जाते थे। आज सपा सरकार के इस फैसले का विरोध कर रही है। याद करिये सपा के कार्यकाल में कब्रिस्तानों के निर्माण के लिए 1200 करोड़ रुपये जारी हुए थे। मंदिरों में रामायण पाठ का विरोध वो लोग कर रहे है जिन्होंने या तो भगवान राम को काल्पनिक बता रखा है या रामचरित मानस का अपमान किया है । यह वही लोग हैं जिनके मुखिया दिवंगत मुलायम सिंह यादव ने अयोध्या में निहत्थे राम भक्तों का नरसंहार करवाया था। सरकार के निर्णय का आदेश आने के बाद समाजवादी नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने एक बार फिर जहरीला बयान दिया। मौर्य ने कहा है कि आम जनमानस ने स्वतः रामचरित मानस का पाठ करना बंद कर दिया है तब सकरार अपने धन से मंदिरों में रामायण पाठ कराने जा रही है। स्वामी प्रसाद का यह बयान बहुत ही विकृत व झूठा है। स्वामी प्रसाद ने कहा है- ह्लइस प्रकार का आयोजन महिलाओं, दलितों, पिछड़ों का अपमान हैह्व। यह बहुत ही मूर्खतापूर्ण व राजनीतिक ईर्ष्या वश दिया गया बयान है। तथ्य यह है कि आज प्रदेश की राजनीति में स्वामी प्रसाद जैसे तथाकथित जातिवादी राजनीतिक नेताओं को कोई कोई भाव नहीं दिया जा रहा है।

# सौ दवा एक हवा, सौ हवा एक मुस्कान !



सुनील कुमार महला

> “हंसना या प्रसन्न रहना परमात्मा प्रदत रामबाण औषधि है जो सभी रोगों,परेशानियों का पुख्ता इलाज है। एक बहुत ही प्रसिद्ध कहावत है कि ह्यईश्वर उनकी सहायता करते हैं जो स्वयं अपनी सहायता करते हैं,ह्व अतः लक्ष्य-प्राप्ति के मार्ग में आयी असफलताओं, कष्टों, परेशानियों, झंझावातों से भयभीत होकर हम कभी भी अपना प्रयास करना न छोड़ें। प्रसन्नता से अपने प्रयासों, कोशिशों में अवश्य लगे रहें। सीढ़ी के ऊंचे वाले पायदान को तभी पाया जा सकता है जब हम सीढ़ी के निचले हिस्से से एक एक पायदान को चढ़ना शुरू करें। ध्यान रखिए कि छोटे-छोटे कदम रखकर ही एक लंबी यात्रा की जा सकती है ”

२20 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रसन्नता का मतलब है-खुशी, आनंद, हर्ष, प्रफुल्लता। आज जीवन में हर तरफ आदमी को तनाव, अवसाद ने घेर रखा है, मनुष्य का मनोबल अच्छा नहीं रहता। मनुष्य नकारात्मकता वातावरण के बीच आपाधापी और दौड़-धूप भरा जीवन जी रहा है। आज आदमी के पास हरेक चीज उपलब्ध है लेकिन खुशी नहीं है। खुशी है तो शांति है।एक कहावत है ह्यसौ दवा एक हवा, सौ हवा एक मुस्कानह्व। जैसे मुस्कुराता फूल सबका मन मोह लेता है उसी प्रकार हंसता चेहरा सबका प्यारा होता है। इसलिए जीवन में व्यक्ति को हमेशा प्रसन्न रहने का प्रयास करना चाहिए। वास्तव में, हर संभव स्थिति में शांत व संयमित रहना ही खुशी और संतुष्टि की कुंजी है। कठिन परिस्थितियों में भी शांति, संयम व समझदारी से व विवेक से काम लेने पर आदमी को अवश्य ही सफलता मिलती है। हमें दूसरों के प्रति हमेशा अच्छा, दयालु व मददगार होना चाहिए, क्यों कि मदद से हमें आंतरिक खुशी मिलती है, प्रसन्नता मिलती है।और हमें जीवन में आत्मविश्वास व बेहतर महसूस होता है। प्रसन्नता आदमी में सकारात्मकता का निर्माण करती है, उसका आत्मविश्वास बढ़ाती है, जीवन में नयी राहें दिखाती है।प्रसन्न रहने वाले व्यक्ति का मनोबल हमेशा अच्छा रहता है। वह छोटी छोटी परेशानियों, कष्टों से कभी दुखी नहीं होता। प्रसन्नता से व्यक्ति में जिजिविषा की भावना में इजाफा होता है। प्रसन्नता कभी बनावटी नहीं हो सकती, वह दिल,आत्मा के अंदरूनी कोनों से स्वतः ही उठती है।हंसी बनावटी हो सकती लेकिन प्रसन्नता नहीं।वास्तव में, प्रसन्नता ईश्वरीय वरदान है। याद रखिए जिनके भी मुखमण्डल पर सदैव प्रसन्नता विराजमान रहती है, जो अपने जीवन में शान्त, सन्तुष्ट और प्रसन्नचित्त रहते हैं, वही जीवन को सही तरीके से जीते हैं। तभी शायद संस्कृत में बड़े ही सुंदर शब्दों में प्रसन्नता के बारे में यह कहा गया है कि-'वदनम्‍ प्रसाद सदनम्‍, सदयम्‍ हृदयम्‍ सुधमुचो वाचः।करणम्‍ परोपकरणम्‍, ऐषां तेषानु ते वन्द्या।।' सुख और दुख जीवन की छांव है। सुख के बाद दुख और दुख के बाद सुख आता रहता है, यह सृष्टि का क्रम है। इसलिए आदमी को यह चाहिए कि वह अपने जीवन में विषम परिस्थितियों के बीच भी प्रसन्नता से भरपूर रहने का प्रयास करे, क्योंकि कहते हैं कि जिन व्यक्तियों के मुख-मंडल पर मधुर-मुस्कान सदैव तैरती रहती है, ईश्वर भी उनका हमेशा साथ देते हैं। मुस्कुराहट इस ब्रह्मांड में एक सकारात्मक ऊर्जा को घोलती है और वही ऊर्जा परिवर्तित होकर हमें ब्रह्मांड से पुनः मिलती है। वास्तव में वे लोग इस जहान में वन्दनीय, धन्य और पूज्यनीय हैं, जो विकट परिस्थितियों का सामना भी मुस्कुराकर करते हैं। वास्तव में प्रसन्नता कल्याण है। हमारे धर्म-शास्त्रों में बताया गया है कि हमें जीवों को चोट पहुँचाने से बचना चाहिए, दूसरों का धन हरण करने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, हमेशा सत्य बोलना चाहिए, समयानुसार श्रद्धा से दान करना चाहिए, पराई स्त्री की चर्चा करने और सुनाने से दूर रहना चाहिए, अपनी इच्छाओं को अपने वश में करना चाहिए, गुरुजनों का आदर-सत्कार करना चाहिए और सब जीवों पर दया करनी चाहिए, क्यों कि ये सब ही मनुष्य जीवन के कल्याण तथा उसकी प्रसन्नता के असली मार्ग हैं। संस्कृत में कहा गया है कि-'प्राणाघातान्निवृत्तिः परधनहरणे संयमः सत्यवाक्यं,काले शक्त्या प्रदानं युवतिजनकथामूकभावः परेषाम्‍ ।तृष्णास्त्रोतोविभङ्गो गुरुषु च विनयः सर्वभूतानुकम्पा, सामान्यः सर्वशास्त्रेष्वनुपहतविधिः श्रेयसामेष पन्थाः ॥' बहरहाल, जानकारी देना चाहूंगा कि अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस को संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2013 से मनाना शुरू किया गया था, और प्रस्ताव 12 जुलाई 2012 को पारित किया गया था। संकल्प की शुरूआत भूटान ने की थी जिसने राष्ट्रीय खुशी के महत्व पर प्रकाश डाला।वास्तव में, भूटान को 66वीं महासभा में सकल राष्ट्रीय उत्पाद(जीडीपी)पर सकल राष्ट्रीय खुशी के लक्ष्य को अपनाने के लिए जाना जाता है। यहाँ बताता चलूँ कि इंटरनेशनल हैप्पीनेस डे ईयर-2022 की थीम -'शांत रहो, समझदार रहो और दयालु रहो' रखी गई थी। प्रसन्नता तो मनुष्य जीवन के लिए संजीवनी है जो हमारे जीवन को सुखमय व अच्छा, सुंदर बनाती है। इसलिए हम जीवन में जो भी काम करें,उसमें हमेशा प्रसन्नता या खुशी ढूढ़ने का प्रयास करें। प्रसन्न लोग कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी कभी डगमगाते नहीं हैं हैं और वे देर-सबेर अपने लक्ष्य अवश्य पा लेते हैं। प्रसन्नता दुनिया का सर्वश्रेष्ठ रसायन है, जो व्यक्ति को स्फूर्ति, ताजगी, उल्लास की सकारात्मकता से सरोबार कर देता है। जो व्यक्ति इस सकारात्मक रसायन का निरंतर सेवन करता है, वह जीवन में आने वाली सभी प्रकार की बाधाओं,समस्याओं, कष्टों को सहज ही पार कर लेता है। प्रसन्नता आशावाद का संचार करती है। प्रसन्नता हमें रोगों से मुक्ति दिलाती है। प्रसन्नता से हमारे शरीर में नई शक्ति,नई ऊर्जा का संचार होता है। प्रसन्नचिज व्यक्ति हमेशा तरोताजा व जोश व उत्साह, उमंग से परिपूर्ण रहता है। हंसने से आयु बढ़ती है, व्यक्ति की कार्यशक्ति बढ़ती है। हंसना या प्रसन्न रहना परमात्मा प्रदत रामबाण औषधि है जो सभी रोगों,परेशानियों का पुख्ता इलाज है। एक बहुत ही प्रसिद्ध कहावत है कि ह्यईश्वर उनकी सहायता करते हैं जो स्वयं अपनी सहायता करते हैं,ह्व अतः लक्ष्य-प्राप्ति के मार्ग में आयी असफलताओं, कष्टों, परेशानियों, झंझावातों से भयभीत होकर हम कभी भी अपना प्रयास करना न छोड़ें। प्रसन्नता से अपने प्रयासों, कोशिशों में अवश्य लगे रहें। सीढ़ी के ऊंचे वाले पायदान को तभी पाया जा सकता है जब हम सीढ़ी के निचले हिस्से से एक एक पायदान को चढ़ना शुरू करें। ध्यान रखिए कि छोटे-छोटे कदम रखकर ही एक लंबी यात्रा की जा सकती है। धीरे-धीरे प्रयास करते हुए साधारण मानव भी विशाल पर्वतों के शिखर पर आसानी और सहजता से पहुंच जाते हैं। हर रात के बाद सवेरा आता ही है और यह भी सत्य है कि रात जितनी काली और भयावह होगी, सुबह उतनी ही प्रकाशमान तथा सुहानी होगी। हमें काली रात में भी प्रसन्न रहना सीखना है और सुहानी सुबह में भी। कठिनतम स्थितियों में संतुलित रहना ही तो जीवन है। सोचने के दो पहलू हैं-सकारात्मक और नकारात्मक। सोच में सकारात्मकता जितनी अधिक एवं गहरी होगी, उपलब्धियां एवं सफलताओं को प्राप्त करना उतना ही आसान होगा। नकारात्मकता असफलता व अप्रसन्नता को ही जन्म देती है। जीवन में खुश रहने के लिए हमें सुनना ज्यादा तथा बोलना कम चाहिए। हम अपने समय का हमेशा सदुपयोग करें, समय का सम्मान करें। समय को खजाना मानें। हम भूत व भविष्य की चिंताएं न करें, बल्कि अपने वर्तमान का ध्यान रखें, वर्तमान में जीएं। हर परिस्थिति में संतुष्ट रहें, अपने से बड़ों को नहीं अपने से छोटों(हैसियत, रूतबे) को देखकर जीएं। जो कुछ भी हमारे पास है, उसके लिए हम ईश्वर को शुक्रिया कहें,क्यों कि दुनिया में जो कुछ हमारे पास है, वह भी दुनिया के बहुत से लोगों के पास नहीं है। हम अपने स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें,परिवार और मित्रों,समाज, देश को महत्व दें। परमात्मा से दोस्ती और उसकी कृपा को हम हमेशा अनुभव करें। सरल,सादा जीवन जीएं, उच्च विचार रखें। किसी का भी बुरा न चाहें और न ही सोचें। आपसी सहयोग, तालमेल, बंधुत्व की भावना रखें।इस समय पूरी दुनिया में रूस और यूक्रेन के बीच में हो रहे युद्ध के कारण दुनिया चिंता में,अवसाद में है कि आगे क्या होगा और क्या नहीं लेकिन हमें हमेशा पॉजिटिव(सकारात्मक) सोचना चाहिए और इस दुनिया की तरक्की के लिए आगे आना चाहिए और युद्ध की निंदा की जानी चाहिए, क्योंकि युद्ध कभी भी किसी समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो सकता है। युद्ध तो करूणा का अंत है।



## कविता

### माँ का आंचल

माँ! ममतामय आंचल में
फिर से मुझे छुपा लो
बहुत डर लगता है मुझे
दुनिया के घने अंधकार में।
माँ! फिर से अपने प्यार भरे
अहसासों के दीप
मुझ में आकर जला दो।
माँ !खो न जाऊ कहीं
दुनिया की इस भीड़ में
माँ! फिर से हाथ थाम मेरा
कदम से कदम मिला
मुझे चलना सीखा दो।
माँ !डरा सहमा सा रहता हूं
मतलबखौर लोगों की भीड़ में
माँ !अपना ममतामय आंचल
उड़ा मुझे फिर से अपनी
प्यार भरी लोरी गा सुला दो।

राजीव डोगरा

# हरियाणा कौशल भर्ती, अध्यापक परेशान,

**-प्रियंका सौरभ**

**जी** हाँ, हरियाणा सरकार की चर्चित योजना हरियाणा कौशल के तहत भर्ती किए गए कर्मचारी बिलकुल नाखुश है. एक तरफ जहां सरकार हरियाणा कौशल के तहत भर्ती को अपनी कामयाबी का सबसे महत्वपूर्ण माइलस्टोन मानती है वही इस निगम के तहत भर्ती किए गए कर्मचारी चाहे किसी भी विभाग में हो आज के दिन तरह-तरह की चुनौतियों से जूझ रहे हैं. हम बात करते हैं हाल ही में हरियाणा के स्कूल शिक्षा विभाग में हरियाणा कौशल के तहत भर्ती किए गए अध्यापकों की और इन अध्यापकों में भी खासकर महिला अध्यापकों की जिनकी समस्याएं आज सबसे ज्यादा है. हाल ही में हरियाणा सरकार ने हजारों की संख्या में हरियाणा कौशल के तहत राज्य के सरकारी स्कूलों में पीजीटी और टीजीटी अध्यापकों की भर्ती की है. सरकार इस भर्ती के लिए अखबारों की सुर्खियों में रही कि हमने योग्यता के आधार पर राज्य के गरीब युवाओं को नौकरी देकर एक अनुपम कार्य किया है. मगर इन अध्यापकों को भर्ती हुए आज चार से पांच महीने होने को है. मगर अभी तक इनके खाते में ?1 भी नहीं आया. वेतन की बात तो दूर इन नए अध्यापकों को घर से सैकड़ों किलोमीटर दूर स्कूल स्टेशन दिए गए. कही-कहीं तो ऐसे स्कूल स्टेशन दिए गए जहां पहुंचना जंगल में रास्ता खोजने से कम नहीं है.
यातायात की कमी के चलते अध्यापकों को स्कूल तक पहुंचने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है. मेरे इस प्रश्न के जवाब में सरकार के नुमाइंदे यह भी कहेंगे कि क्यों ये अध्यापक वहीँ रहकर अपनी ड्यूटी क्यों नहीं करते तो जनाब इसका सीधा सा उत्तर है कि 15000 से 20000 की नौकरी करने वाला कोई भी व्यक्ति परिवार सहित इस महंगाई के जमाने में कैसे किराए के घर पर रहेगा और अपने दैनिक कार्यों को इस छोटी सी तनख्वाह से पूरा कर पाएगा. यह काफी सोचनीय विषय है और ये समस्या महिला अध्यापकों के लिए तो सौ गुना बढ़ जाती है. क्योंकि महिलाओं को अपने अलावा अपने बच्चों के साथ-साथ सास-ससुर सहित पूरे परिवार की देखभाल भी करनी होती है. सैकड़ों किलोमीटर दूर स्टेशन देने के कारण ये महिला अध्यापिकाऐं रोजाना सफर नहीं कर सकती और न ही कम तनख्वाह के चलते अपनी ड्यूटी स्टेशन पर अपना नया घर बसा सकती है और आज के दिन तो घर बसे भी कैसे? पिछले तीन महीनों की नौकरी में खाते में ?1 भी नहीं आया है. इतने दिन अपनी जेब से या घरवालों से उधार ही लेकर काम चल रहा है यही नहीं सैंकड़ों किलोमीटर की दूरी तय करने में महिलाओं को काफी शाररिक समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है जैसे जो महिलाएं इस समय गर्भवती है उनको दोहरे कर्तव्य निभाने पड़ रहे हैं. एक तरफ तो उनको खुद को देखभाल की जरूरत है तो दूसरी तरफ अपनी ड्यूटी की चिंता है.

## विचार

# इंसान ओर हाथी की प्रेम कहानी को आस्कर अवार्ड

**नरेंद्र तिवारी 'पत्रकार'**

**इंसानों** और जानवरों के रिश्ते सदियों पुराने है। ऐसी अनेकों घटनाएं बतालाने के लिए मनुष्य समाज के सामने है, जो बताती है कि जानवरों में भी भावनाए होती है। वें भी संवेदनशील और भावुक होतें है। फिलहाल चर्चा ऑस्कर सम्मान से सम्मानित भारतीय दस्तावेजी फिल्म 'द एलिफेंट व्हिसपर्स 'की है। इस फिल्म को सिनेमा जगत के सबसे बड़े आस्कर पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है। इसी मंच से दक्षिण की आरआरआर नामक फिल्म का गाना नाटू-नाटू याने नाचों-नाचों को भी बेस्ट ओरिजनल सांग की कैटेगरी में अवार्ड प्राप्त हुआ है। भारत के लिए यह गौरव के पल है। जब एक साथ दो-दो आस्कर अवार्ड से भारतीय फिल्म जगत गौरवान्वित हो रहा है। देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित प्रमुख नेताओं एवं फिल्मी जगत की हस्तियों ने इस अवसर पर निमार्ता निर्देशकों को शुभकामनाएँ दी है। आस्कर के सम्मान का वैश्विक महत्व है। फिल्में मनोरंजन का साधन मात्र नहीं है। यह समाज को संदेश देती है। मानवीय मूल्यों को स्थापित करने, प्रकृति, पर्यावरण और संस्कृति की रक्षा में फिल्मों की महत्वपूर्ण भूमिका है। फिल्म द एलिफेंट व्हिसपर्स हाथी और इंसान के बीच की प्रेम कहानी है। ये कहानी एक आदिवासी जोड़े और हाथी के बच्चो की असल कहानी है। जानवरों ओर इंसानों के भावनात्मक लगाव को बयाँ करती फिल्म द एलिफेंट व्हिसपर्स की कहानी साल 2017 की है। तमिलनाडु के मधुमलाई टाइगर रिजर्व में हाथी का बच्चा अपनी माँ से बिछड़ने के बाद मौत की कगार पर पहुंच गया था। हाथी के बच्चे को जगह-जगह घाव हो गए थै। इन घावों में कीड़े पड़ने लगे थै। उसकी पूंछ को भी कुत्तों ने काट लिया था। वनकर्मियों ने हाथ खड़े कर दिए। वनविभाग के कर्मचारियों को लगा अब घायल हाथी के बच्चे की जान नहीं बचेगी। वनकर्मियों ने जंगल मे रहने वाले बोमन नामक एक आदिवासी को हाथी की देखभाल की जवाबदेही सौप दी। आदिवासी महिला बेल्ली भी बोमन के साथ हाथी की देखभाल में जुट गई। आदिवासी कपल ने इस हाथी को रघु नाम दिया। रघु को नया जीवन मिल गया था। 2019 में बोम्मी नामक हाथी के एक और बच्चे की जवाबदेही भी इस आदिवासी कपल को मिली। फिल्म में हाथी के बच्चों और आदिवासी कपल के मध्य उपजे भावनात्मक संम्बंधों पर 2022 में फोटोग्राफर कार्तिकी गोंजाल्विस ने द एलिफेंट व्हिसपर्स बनाई। जिसे नेटफ्लिक्स पर जारी किया गया। इस फिल्म ने वर्ष 2023 में भारतीय लघु फिल्म की श्रेणी में आस्कर अवार्ड हासिल किया है। फिल्म में हाथी के बच्चे रघु, बोम्मी, आदिवासी कपल बोमन और बेल्ली के मध्य निर्मित रिश्तों की असल कहानी को प्रस्तुत किया गया है। इससे पूर्व भी हाथी और इंसान की निकटता प्रदर्शित करती फिल्मों का निर्माण भारतीय फिल्म जगत में हो चुका है। वर्ष 1971 में सबसे ज्यादा व्यावसायिक सफलता अर्जित करने वाली फिल्म 'हाथी मेरे साथी' भी इंसान और हाथी के भावनात्मक संम्बंधों को प्रदर्शित करती फिल्म है। इस फिल्म के अभिनेता राजेश खन्ना फिल्मी नाम राजू अपने पिता के संग जंगल से गुजरते वक्त कार दुर्घटना में गहरी, घनी खाई में गिर जाता है। जहां तेंदुए के हमले से हाथी राजू को बचाते है। यहीं से हाथी मेरे साथी की कहानी शुरू होती है। अपने हाथीयों और जानवरों से प्रेम के कारण राजू एक चिड़ियाघर शुरू करता है। इसमे वह बाघ, भालू, शेर और अपने हाथियों को रखता है। इन हाथियों में रामू उसके सबसे करीब हैं। राजू की मुलाकात अभिनेत्री तनुजा फिल्मी नाम तनु से होती है। दोनों के मध्य प्यार हो जाता है। प्यार शादी में बदल जाता है। जब उनका बच्चा पैदा होता है। तब तनु अपने को उपेक्षित महसूस करती है। तनु बच्चे को शाररिक नुकसान के भय से राजू को हाथी और परिवार के बीच चयन करने को कहती है। राजू पत्नी और बेटे के स्थान पर अपने जानवर दोस्तों का चयन करता है। अब हाथी रामू दोनों को एक करने की कोशिश करता है तो खलनायक सरवन कुमार के कारण उसे अपना जीवन बलिदान करना पड़ता है। फिल्म में खलनायक द्वारा हाथी रामू की हत्या किए जाने पर फिल्माया गीत भी बहुत संवेदशील और जीव प्रेम का संदेश देने वाला प्रतीत होता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



*वैधानिक सूचना*

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अमेरिका, रूस,चीन के टकराव से वैश्विक शांति को खतरा

**संजीव**

**अमेरिका** ने चीन और ताइवान के संबंधों को लेकर ताइवान का खुलकर साथ देने की बात कही जिससे चीन ने आक्रामक होकर ईसे अपने अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप कहां है और कहा है कि यदि हमारे अंदरूनी मामले में कोई हस्तक्षेप करेगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दूसरी तरफ यूक्रेन को लेकर रूस अब बहुत संवेदनशील और आक्रामक हो गया है' यूक्रेन से रूस ने अब निर्णायक पारी खेलने का मन बना लिया है' इस तरह अमेरिका यूक्रेन तथा ताइवान को साथ देने के चक्कर में रूस और चीन से सीधा-सीधा टकराने के मूड में आ गया है। यह अलग मुद्दा है की सांडो की लड़ाई में खेतों की मेढ़ बरबाद जरूर होती हैं। इन तीनों महा बलियों की लड़ाई में अन्य पड़ोसी देशों की शांती भंग हो सकती है। दूसरी तरफ अमेरिकी प्रशासन पूरी तरह से यूक्रेन का साथ देने की कटिबद्ध है, एवं पूर्वी यूरोप में अमेरिकी राष्ट्रपति एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रुस पर दबाव डालने के लिए सैन्य बल भेजने की बात कही है' अमेरिकी राष्ट्रपति की प्रेस वार्ता के हवाले अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि रूस ने सीमा के आसपास बड़ी संख्या में सैन्य जमवाड़ा कर चुका है, एवं रूसी बलों को तैनात किया है' जबकि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पास अन्य सैन्य बल तथा बातचीत के जरिए का विकल्प भी मौजूद है' वर्तमान की परिस्थितियों में यूक्रेन की सीमा पर लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूक्रेन के राष्ट्रपति से कहा कि रूस फरवरी या मार्च के प्रथम सप्ताह तक बड़ा हमला कर सकता है' व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता एमिली होर्न ने बताया की अमेरिकी राष्ट्रपति ने आशंका जताई है कि रूस फरवरी में यूक्रेन पर सैन्य आक्रमण कर सकता है। अमेरिकी रक्षा मंत्री लाएड ऑस्टिन ने कहा कि हमारा मानना है कि यूक्रेन पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का यह अंतिम फैसला नहीं है, जबकि उनके पास कई विकल्प खुले हुए हैं। यूक्रेन पर हमला करने की निसंदेह रूस के पास संपूर्ण क्षमताएं हैं। अमरीकी प्रशासन राष्ट्रपति रक्षा मंत्री ने पुतिन से यूक्रेन पर तनाव कम करने की अपील भी की है।

# जय हो बहरूपिए बाबा की

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**यह** जानते हुए कि सभी चीजें महंगी होती जा रही हैं बावजूद इसके उसे सस्ता कहना, बड़े जिगरे का काम है। यह अंधभक्ति की पराकाष्ठा है। मैं इस पराकाष्ठा का मजा लेने का आदी हो गया हूँ। यह मजा बाहर से मुस्कुराने और भीतर से रोने का टू इन वन अहसास देता है। इसलिए जिनमें देशभक्ति नहीं है उन्हें यह मजा नहीं लेना चाहिए। जो महंगे को सस्ता नहीं कह सकते उनके लिए दो रास्ते हैं- देशद्रोही कहलायें या मर जाएँ। अंधभक्त होना एक महान वरदान है। अंधभक्त न हों तो देश कब का बर्बाद हो जाता। उनके होने से ही निर्बाध गति से साँस ले पा रहे हैं। सूर्य का पूर्व से उदित होना, शाम को पश्चिम में अस्त होना यह सब क्या है? क्या यह सत्तर साल पहले हो पा रहा था? नहीं। कभी नहीं। यह सब तो पिछले कुछ वर्षों से हो रहा है। अभी जो राजाबाबू हैं, वे बड़े ही निहायती और अच्छे किस्म के आदमी हैं। अंधभक्तों की नजर से देखें तो उनमें भगवान नजर आते हैं। बहुत बड़े पद पर हैं। भेष बदलने में नंबर वन हैं। पल में रोना और पल में हँसना उनके बाएँ हाथ का खेल है। खुद किसी को कोई चीज दें तो उसे समय की जरूरत कहेंगे और कोई दूसरा दे दे तो उसे रेवड़ी का टैग लगाकर धोबी पछाड़ का मजा चखायेंगे। हमारे यहाँ चुनाव के दिन चल रहे थे। राजाबाबू अपनी आदत के अनुसार भेष बदलकर हमारे यहाँ पहुँच गए। शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, सड़क आदि छोड़कर शेष सभी विषयों पर घंटों बात करने लगे। न जाने किसी अज्ञानी ने बीच में पूछ लिया कि हमारी जरूरतें कब पूरा होंगी तब उन्होंने भगवान का वास्ता देकर भजन-कीर्तन करने के लिए कहा। उस दिन जाकर पता चला कि वे भगवानों को अपनी जेब में लेकर घूमते हैं। जहाँ जिसकी जरूरत होती है वहाँ उसी भगवान को उतार देते हैं। मंदिर जाने पर पंडित, मस्जिद जाने पर मौलवी, गिरजाघर जाने पर पादरी और गुरुद्वारे जाने पर पगड़ी बांधे सबसे बड़े भक्त होने का कीर्तिमान स्थापित करते हैं। लोग नौकरी मांगते तो उन्हें दो करोड़ का खाली कटोरा थमा देते। अन्न माँगते तो 370 थमा देते।

# यूं निखारें त्वचा और बाल

**जब** भी प्राकृतिक माइश्चराइजर की बात आती है तो कई लोग चिंता में पड़ जाते हैं। यहां कुछ जादुई प्राकृतिक रैसिपीज आपके लिए प्रस्तुत हैं जो बहुत ही कम समय में आपकी त्वचा तथा बालों में तबदीली लाएंगी। आप इन्हें ताजा-ताजा भी इस्तेमाल कर सकती हैं या दो दिन तक इन्हें रैफ्रीजरेटर में स्टोर कर सकती हैं। यह प्राकृतिक माइश्चराइजर आपकी त्वचा की चमक वापस लाते हैं तथा आपके बालों को पोषण देते हैं।



**त्वचा के लिए माइश्चराइजर्स**

- एक चम्मच शहद में एक केला मैश करके अपनी त्वचा पर 10 मिनट के लिए लगाएं।
- सूर्य की रोशनी से खराब हुई शुष्क त्वचा के लिए ग्लिसरीन, शहद तथा जैतून के तेल के दो चम्मच बहुत लाभदायक रहते हैं।
- एक चम्मच ताजा क्रीम के साथ बादाम के तेल की मालिश मृत व शुष्क त्वचा को सुकोमल बनाती है।
- सर्द मौसम में त्वचा की समस्याओं के लिए शहद मिश्रित पपीता, एक चम्मच चिरौंजी तथा बिना जर्दी के अंडे का मिश्रण एक शानदार ड्राई स्किन मास्क का काम करता है।
- एक चम्मच ताजा क्रीम तथा बिना जर्दी के एक अंडे के साथ एक चम्मच वालनट्स तथा पिसे बादामों के एक चम्मच का मिश्रण सर्दियों में त्वचा के लिए दागों की समस्या का मुकाबला करने हेतु बेहतर रहता है।
- एक विटामिन ई का कैप्सूल एक मैश किए हुए केले के साथ मिश्रित करें तथा त्वचा की मालिश करें।
- एक बिना जर्दी के अंडे के साथ शहद मिला कर इसे चेहरे पर एक मास्क की तरह लगाएं। यह पपड़ीनुमा तथा शुष्क त्वचा के लिए बहुत लाभदायक है।
- एक चम्मच बादाम के तेल के साथ, एक चम्मच शहद, दूध तथा मूंगफली का पाउडर मिक्स करें तथा इससे त्वचा को हल्का-सा रगड़ें।

**हेयर माइश्चराइजर्स**

- पांच बड़े चम्मच शहद लेकर तेल लगे बालों में इससे मालिश करें, 20 मिनट के बाद शैम्पू कर लें।
- शानदार चमक के लिए 2 अंडों में गर्म जैतून के तेल को मिला कर बालों में लगाएं। 40 मिनट बाद शैम्पू कर लें।
- एक लिटर पानी में 2 चम्मच शहद मिला कर इसे एक लीव इन कंडीशनर की तरह इस्तेमाल करें।
- दूध, आधा कप ताजा गुलाब का पेस्ट तथा एक कप जावाकुसुम के पत्तों का पेस्ट लें तथा सिर की त्वचा व बालों में इससे मालिश करें। गर्म पानी से धो कर हल्का-सा शैम्पू कर लें।
- 4 बड़े चम्मच नारियल का तेल, 2 बड़े चम्मच ग्लिसरीन तथा 2 बड़े चम्मच नीम का पेस्ट लेकर सिर की शुष्क त्वचा में मालिश करें ताकि बैक्टीरिया, फंगल इंफैक्शन या खारिश की समस्या से बचा जा सके।
- आंवला, रीठा तथा शिकाकाई पाऊडर प्रत्येक के 2 बड़े चम्मच तथा 2 अंडे लें तथा बालों की डीप कंडीशनिंग के लिए एक हेयर मास्क की तरह लगाएं।
- गुंथे हुए पपीते, केले तथा सेब प्रत्येक के तीन चम्मच लेकर चटनी बना कर हेयर मास्क की तरह लगाएं। यह बालों को कंडीशन करता है।



# खूबसूरत एड़ियों के लिए

**किसी** ऊंची जगह पर बैठकर लटकाकर पैरों के पंजों को गोल-गोल कई बार घुमाएं।
पैरों की उंगलियों पहले तो अपनी तरपफ खीचें फिर बाहर की तरफ खीचें।

- एक्यूप्रेशर विधि से भी एड़ी में खून का दौरा बढ़ने से दर्द में राहत मिलती है।
- रोज दिन में कई बार गर्म पानी से एड़ी की सिकाई करें।
- एड़ी में दर्द निवारक मरहम लगाएं।
- पंजों और एड़ी के जोड़ों तथा मांसपेशियों की कसरत करनी चाहिए।
- अगर एड़ी में चोट लग जाती है तो इस अवस्था में एड़ी की दस मिनट तक बर्फसे मालिश करनी चाहिए।
- रोज नमक के गर्म पानी में पैर चलाने की क्रिया करें।
- एड़ी के दर्द के रोगी को इस रोग से छुटकारा पाने के लिए पौष्टिक आहार लेना चाहिए।
- रोगी को वसा रहित आहार लेना चाहिए।
- ज्यादा तले-भुने खाद्य पदार्थ रोगी को नहीं खाने चाहिए।
- रोगी को ज्यादा मीठे तले खाद्य पदार्थ भी नहीं खाने चाहिए।



हम तो यही कहेंगे कि स्मार्ट व छरछरा दिखाई देने के लिए विभिन्न तरीके इस्तेमाल अवश्य करिए पर इस चक्कर में अपनी सेहत से खिलवाड़ कभी भी न करें। याद रखिए सेहत है तो सब कुछ है, फिर यहाँ तो उन एड़ियों की बात हो रही है जिन पर हमारे पूरे शरीर का भार रहता है।

# आलू-दही रायता



**सामग्री :** दही आधा कि.ग्रा, आलू 250 ग्राम, सेंधा नमक 2 छोटे चम्मच, शक्कर 3 बड़े चम्मच, किशमिश 1 छोटा चम्मच, अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट 1 चम्मच, पाव काली मिर्च।

**सजाने के लिए :** किशमिश, भुना हुआ जीरा, हरा धनिया।

**विधि :** आलुओं को उबाल कर मसल लें। इसमें सेंधा नमक, काली मिर्च, शक्कर और दही अच्छी तरह मिला लें। इस मसाले में किशमिश, अदरक और हरी मिर्च का पेस्ट मिलाकर धनिए और भुने जीरे से सजाकर सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। शुभांक-3-5-7

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। शुभांक-5-6-9

**मिथुन** — का की कू घ ड छ के को हा
व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-7

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-6-8


**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। आत्मचिंतन करें। शुभांक-4-6-8

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी
लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-9

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-1-5-8


**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। "आगे-आगे गौरख जागे" वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-6-9

## काकुरो पहेली - 2019




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

**काकुरो -2018 का हल**



## लॉफिंग जोन्स

एक औरत का पति मर गया। वह बीमा कंपनी के ऑफिस जाकर मैनेजर से बोली- मैनेजर साहब, मेरे पति गुजर गए हैं। उनके बीमे का रुपया दिलवाइए।

मैनेजर बोला- इस घटना को सुनकर बहुत दु:ख हुआ।

औरत बोली- जरूर हो रहा होगा। मर्दों का हर जगह यही हाल है। जब भी औरत को चार पैसे मिलने का मौका आता है, उन्हें बड़ा दु:ख होता है।

□ □ □

नरेश की शादी एक अनपढ़ महिला से हो गई। शादी की पहली रात वह पति से बोली- आप तो बड़े ही अच्छे और दयालु इंसान हो जी। आपने तो मेरा उद्धार ही कर दिया।

इस पर नरेश ने कहा- ऐसी कोई बात नहीं है।

पत्नी बोली- मेरी भाभी और मेरी चाची हमेशा मुझे प्रताड़ित करती रहती थी और कहती थी कि तेरे जैसी मूर्ख से तो कोई गधा ही होगा जो शादी करके तेरा उद्धार करेगा।

□ □ □

एक बार मिस्टर चमन चित्र प्रदर्शनी देख रहा था।

एक जगह रुक कर उसने कहा- छि:!!! क्या इसे आप मॉडर्न आर्ट कहते हैं?

संचालक- जी नहीं श्रीमान, आप गलत समझ रहे है। इसे तो हम आईना कहते हैं।

## फिल्म वर्ग पहेली - 2019



**बायें से दायें:-**

१. जैकी श्रॉफ, माधुरी की 'सात सुरों के तार' गीत वाली फिल्म-३
३. 'चांदी की साइकल' गीत वाली गोविंदा, जूही चावला की फिल्म-२
५. अक्षय, करिश्मा की 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली फिल्म-३
७. नसीरूद्दीनशाह, जैकी, नगमा, शिल्पा की एक फिल्म-२
८. फिल्म 'जाल' की नायिका कौन थी-२
९. 'आयेगा आनेवाला' गीत वाली अशोककुमार, मधुबाला की फिल्म-३
१०. फिल्म 'हीरा पन्ना' में देव आनंद के किरदार का नाम क्या था-२
११. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुलराय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१३. जैकी श्राफ, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
१५. दक्षिण की फिल्म 'थेवर मगन' किस भाषा में बनी थी ?-३
१७. 'वीरू' 'जय' और 'बसंती' आदि किस सुपर हिट फिल्म के पात्र हैं-२
१८. 'दिल है प्यारे जरा' गीत वाली फिल्म-२
१९. फिल्म 'अनकही' के गीत 'आँखों में अनजाने' का गायक कौन है-२
२०. 'आते आते तेरी याद' गीत वाली संजयदत्त, अनिता की फिल्म-२,१,२
२२. अमिताभ, जीनत की 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली फिल्म-२
२३. फिल्म 'सलाखें' में नायक कौन था-२
२५. 'क्यूं आँचल हमारा गिरा' गीत वाली अक्षयकुमार, रवीना की फिल्म-२
२६. गीत 'दिल के अरमां आँसुओं में' की गायिका कौन है-३
२८. 'काट दिये नाम सब' गीत वाली फिल्म-३
२९. फिल्म 'रॉकी' की नायिका कौन थी-२
३०. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़ें' गीत वाली फिल्म-१
३१. 'सजना के सामने मैं तो गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. अजय देवगन, आयशा जुल्का, करिश्मा कपूर की 'बेशक तुम मेरी मुहब्बत हो' गीत वाली फिल्म-३
२. 'मेरी छतरी के नीचे आजा' गीत वाली धर्मेन्द्र, आदित्य, नसीरूद्दीन शाह, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
४. अशोक, प्रदीप, मीना कुमारी की 'दिल जो कह न सका' गीत वाली फिल्म-२,२
६. 'एक तो ये बैरी सावन' गीत वाली दिलीपकुमार, शर्मिला की फिल्म-३
११. विश्वजीत, माला की 'रोकना है अगर रोक लीजे मगर' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'मुर्गी ने झूठ बोला' गीत वाली किशोरकुमार, साधना की फिल्म-४
१४. कंवलजीत, वहीदा की 'तुम अपना रंजोगम' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'गुरू' में नायक कौन था-३
१७. मनोजकुमार, नंदा, जया की 'पानी रे पानी तेरा रंग कैसा' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'सावन बरसता है तुझसे मिलने को' गीत वाली मिथुन, मीनाक्षी की फिल्म-४
२०. जीतेंद्र, रीना राय की 'तेरे हाथों में पहनाके चूड़ियां' गीत वाली फिल्म-२,३
२१. आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली बॉबी देओल, रानी की फिल्म-३
२४. अमिताभ, हेमा मालिनी की 'हो जाता है प्यार' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'पानी पानी रे खारे पानी रे' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली - 2018**



## सूडोकु -2019

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -2018 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 2019



**बाएँ से दाएँ**


1.धरोहर,थाती-4
5.अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8.गुणगान-3
9.प्रेम (अंग्रेजी-2)
11.भरोसा,विश्वास-3
12.दु:ख,परेशानी,कष्ट-4
14.हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15.गागर,घड़ा-3
17.जांघ-2
19.असावधान-5
22.करतूत,होशियारी-5
25.डूबा हुआ,समाप्त-2
26.तीक्ष्ण,तेज-3
27.अधर्म,अपकृत्य-2
28.मनमौजी,चंचल-4
30.हत्या,वध-3
31.पंख-2
33.मायका-3
35.व्यापार,व्यवसाय (उर्दू-4)
36.कृपा,रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**

2.फूलों का हार-2
3.वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4.शांति,सुख-चैन-3,2
5.अस्वस्थ,मरीज-3
6.दम,ताकत-2
7.भगवान राम के पुत्र-2,2
10.उन्मत,मदमस्त-4
13.दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16.बोलने का तरीका-3
17.रास्ता-2
18.पराया-2
20.परीक्षा-3
21.वचन-2
22.खेती-2
23.अभिमान-3
24.फिल्म 'मैंने प्यार किया' मैं सलमान खान की मां-2,2
25.बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26.ईश्वर,राजा-4
28.मन को अच्छा लगने वाला-4
29.शाप से पीड़ित-3
32.अवकाश,मंजूरी-2
34.संध्या-2

**शब्द पहेली -2018 का हल**





# मुंबई में शिवांगी जोशी का है करोड़ों का आशियाना

टीवी एक्ट्रेस शिवांगी जोशी (Shivangi Joshi) को डेली सोप 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' (Yeh Rishta Kya Kehlata Hai) से पॉपुलैरिटी मिली थी. नायरा के किरदार में शिवांगी ने घर-घर में अपनी पहचान बना ली थी. आज वह भले ही इंडस्ट्री में सक्सेस की राह पर हैं, लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने खूब मेहनत की है. एक्टिंग के लिए देहरादून से मुंबई आईं, सीनियर्स से ताने सुने और फिर खुद को संवारा और कामयाबी हासिल की.

**मुंबई में शिवांगी का करोड़ों का घर**

शिवांगी जोशी ने अपनी कड़ी मेहनत से खूब नाम और शोहरत कमाया. उन्होंने अपनी मेहनत से मुंबई में एक आलीशान आशियाना बनवाया है. शिवांगी ने साल 2021 में मुंबई के मलाड में एक आलीशान अपार्टमेंट खरीदा था. रिपोर्ट के मुताबिक, उनका ये घर डेढ़ करोड़ रुपये का है. शिवांगी अक्सर अपने घर की झलकियां सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं.

**शिवांगी जोशी के घर की झलकियां**

साल 2021 में शिवांगी ने रक्षाबंधन के मौके पर अपने नए घर की तस्वीरें शेयर की थीं. फोटोज में वह अपने परिवार के साथ कैमरे के लिए पोज देती दिखी थीं. शिवांगी ने अपने घर की दीवारों को व्हाइट कलर के साथ आर्टिस्टिक रखा है. व्हाइट थीम की वजह से उनका घर स्पेसियस लगता है.



**शिवांगी का लिविंग रूम**

शिवांगी जोशी ने अपने पूरे घर को व्हाइट थीम में रखा है. लिविंग रूम में रखे काउचेस ग्रीन कलर के हैं. व्हाइट और ब्राउन चेयर के साथ लिविंग रूम में ही डाइनिंग एरिया है. कुछ आर्टिस्टिक चीजों के साथ शिवांगी ने घर को डेकोरेट किया है. कुल मिलाकर उनका लिविंग रूम काफी क्लासी लगता है.

**शिवांगी के घर की बालकनी**

शिवांगी जोशी अक्सर अपने घर की बालकनी में खड़ी होकर रील्स या फिर फोटोज क्लिक कराती हुई नजर आती हैं. शिवांगी के घर की बालकनी स्पेसियस होने के साथ-साथ काफी सुंदर भी है. उन्होंने अपनी बालकनी को गमलों से सजा रखा है.

**शिवांगी के घर का बाथरूम**

शिवांगी के घर का बाथरूम भी कम शानदार नहीं है. शिवांगी ने अपने बाथरूम का इंटीरियर व्हाइट थीम में करवाया है.

**शिवांगी जोशी का अवॉर्ड कॉर्नर**

शिवांगी जोशी ने अपने घर के एक कोने को अपनी उपलब्धियों के लिए रखा है. उन्होंने एक कॉर्नर पर शेल्फ में अपने सभी अवॉर्ड्स को सजाकर रखा है.



# मां बनने वाली हैं सना ख़ान

## ढाई साल पहले इंडस्ट्री ड़ मुफ्ती अनस से किया था निकाह

'बिग बॉस' फेम सना खान (Sana Khan) और उनके पति मुफ्ती अनस सैयद (Mufti Anas Sayyad) के घर में जल्द ही बच्चे की किलकारियां गूंजने वाली हैं. एक्ट्रेस जल्द ही मां बनने वाली हैं. 34 साल की एक्ट्रेस ने हाल ही में अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट कर अपने फैंस को खुश कर दिया है.

**शादी के ढाई साल बाद प्रेग्नेंट हैं सना**

सना खान ने नवंबर 2020 में मुफ्ती अनस सैयद से शादी की थी. उन्होंने अपनी शादी की खबर सोशल मीडिया पर शेयर कर सभी को हैरान कर दिया था. शादी के ढाई साल बाद अब एक्ट्रेस मां बनने वाली हैं. एक्ट्रेस ने पति के साथ इस खबर को शेयर किया है. हाल ही में, सना और उनके पति अनस ने 'इकरा टीवी चैनल' पर एक इंटरव्यू दिया, जहां उन्होंने अपने होने वाले बच्चे के बारे में बात की. जब सना से पूछा गया कि क्या वह बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं तो सना ने सीधे-सीधे इस सवाल का जवाब नहीं दिया, लेकिन अनस ने बताया कि उन्होंने अभी तक इसकी अनाउंसमेंट नहीं की है, लेकिन अब वह इस गुडन्यूज को शेयर कर रहे हैं.

**होने वाले बेबी को लेकर क्या बोलीं सना**

अनस ने खुलासा किया कि जून के आखिर में वह अपने होने वाले बेबी का स्वागत करेंगे. अनस को खुशी हुई कि उन्होंने अपने चैनल पर अपने पिता बनने की अनाउंसमेंट की. जब सना से पूछा गया कि वह मां बनने जा रही हैं तो उन्हें कैसा महसूस हो रहा है. सना ने कहा कि वह बहुत खुश और एक्साइटेड हैं. 'जय हो' की एक्ट्रेस ने ये भी कहा कि वह अपने बच्चे को गोद में लेने का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं.

**सना धर्म के लिए छोड़ी थी इंडस्ट्री**

सना टीवी और बॉलीवुड की जानी मानी एक्ट्रेस थीं, जिन्हें 'जय हो', 'वजह तुम हो' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है. वह साउथ फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं. हालांकि, इंडस्ट्री में कामयाब होने के बावजूद उन्होंने साल 2020 में एक्टिंग को हमेशा के लिए गुडबाय कह दिया था. उनका कहना था कि उन्होंने इस्लाम धर्म के लिए एक्टिंग छोड़ी है.

# शाहरुख खान की 'पठान' अब ओटीटी पर धमाल मचाने को है तैयार, जानें कब और कहां स्ट्रीम होगी फिल्म?



इस साल की शुरुआत में रिलीज हुई शाहरुख खान (Shahrukh Khan), दीपिका पादुकोण (Deepika Padukone) और जॉन अब्राहम (John Abraham) की धमाकेदार फिल्म 'पठान' ने बॉक्स-ऑफिस पर कमाई के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. बॉलीवुड में एक नई जान फूंकने के बाद अब 'पठान' ओटीटी पर धमाल मचाने के लिए तैयार है. थिएटर रिलीज के 56 दिन बाद ये फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है. अमेजन प्राइम वीडियो ने 'पठान' के ओटीटी राइट्स खरीदे हैं.

'पठान' 22 मार्च से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी. इस एक्शन थ्रिलर फिल्म के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने फिल्म की ओटीटी रिलीज से पहले ऑडियंस के बीच सस्पेंस बना दिया है. मीडिया पोर्टल पीपिंग मून को दिए एक इंटरव्यू में फिल्म के डायरेक्टर ने बातों ही बातों में इस बात की तरफ इशारा किया कि फिल्म के ओटीटी वर्जन में कुछ ऐसे हिस्से हो सकते हैं जो फिल्म में नहीं थे.


**फिल्म में शामिल हो सकते हैं कुछ और सीन**

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 'पठान' के ओटीटी वर्जन में पठान ( शाहरुख खान ) और रुबाई (दीपिका पादुकोण) के किरदार और उनके धर्म से जुड़ा सीन भी हो सकता है जिसे फिल्म से काटना पड़ा था. फिल्म में शाहरुख खान उर्फ 'पठान' बताते हैं कि कैसे अफगानिस्तान के एक गांव के लोगों ने उन्हें पठान नाम दिया. ओटीटी पर 'पठान' के बैकग्राउंड से जुड़े अन्य सीन्स भी हो सकते हैं.

**स्पाई यूनिवर्स की चौथी फिल्म ने मचाया धमाल**

'पठान' अब तक की सबसे सफल हिंदी फिल्म बन चुकी है. इस फिल्म को रिलीज हुए 50 दिन पूरे हो चुके हैं. 'पठान' ने इंडिया में 540 करोड़ रुपये का कलेक्शन दर्ज किया है. वहीं इस फिल्म का कुल कलेक्शन 1000 करोड़ रुपये के पार जा चुका है. 'पठान' यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की चौथी फिल्म है.

# मनीषा कोइराला और चंद्रचूड़ सिंह ही नहीं, ये एक्ट्रेस भी रखती हैं शाही खानदान से ताल्लुक, हिट फिल्म में आ चुकीं नजर



शाही घरानों से ताल्लुक रखने वाले कई एक्टर्स आज बॉलीवुड इंडस्ट्री में मौजूद हैं. उन्हीं में से एक हैं, अदिति राव हैदरी. अदिति बचपन से ही डांस की बहुत शौकीन रही हैं. यह भरतनाट्यम की एक उमदा डांसर हैं. उन्होंने छह साल की उम्र में पारंपरिक नृत्य शैली अपना ली थी. बावजूद इसके उन्हें अब तक बॉलीवुड की किसी फिल्म में अपना डांसिंग टैलेंट दिखाने का चांस नहीं मिला है.

रणवीर सिंह, शाहिद कपूर और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'पद्मावत' में अदिति राव हैदरी ने रणवीर सिंह की पत्नी का किरदार निभाया था. अपने इस किरदार से उन्होंने सभी का दिल जीत लिया था. अपने एक्टिंग का परचम लहराने वाली एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी का शोबिज में एक दशक से ज्यादा समय से एक्टिव हैं. इंडस्ट्री की कई बड़ी और ब्लॉकबस्टर फिल्मों में वह नजर आ चुकी हैं. साल 2018 में आई इस फिल्म में मेहरुन्न?सा का किरदार को लोगों ने खूब सराहा था. फिल्म में इंडस्ट्री में लंबे समय से काम करती आ रहीं अदिति की पर्सनल लाइफ के बारे में अभी तक लोग कम ही जानते है.

**शाही घरानों से रखती हैं ताल्लुक**

तेलंगाना के हैदराबाद में जन्मी अदिति राव हैदरी शाही घराने से ताल्लुक रखती हैं. देखा जाए तो वह दो शाही परिवारों से ताल्लुक रखती हैं. पिता की ओर से वह मुहम्मद सालेह अकबर हैदरी की परपोती हैं, जो पुरानी सदी में हैदराबाद प्रांत के पूर्व प्रधानमंत्री थे. और अपनी मां की ओर से वह राजा जे रामेश्वर राव की नातिन हैं, जो उस वक्त वानापर्थी शाही परिवार का नेतृत्व किया करते थे. इतना ही नहीं, वह आधी हैदराबादी और आधी कोंकणी भी हैं. शायद ही कोई ये बात जानता हो कि क्योंकि उनके पिता बोहरा मुस्लिम थे और मां मैंगलोर की थीं.

**बेहतरीन भरतनाट्यम डांसर हैं अदिति**

शाही खानदान से आने वाली अदिति को एक्टिंग के साथ-साथ डांस का भी बहुत शौक रहा है. बहुत कम लोग जानते हैं बॉलीवुड एक्ट्रेस अदिति भरतनाट्यम की उम्दा डांसर हैं. उन्होंने छह साल की उम्र में पारंपरिक नृत्य शैली को अपनाया था.

इसके बाद, वह प्रसिद्ध और प्रशंसित भरतनाट्यम डांसर लीला सैमसन की शिष्या बन गई थीं. लेकिन इंडस्ट्री में इतने सालों तक अभिनय करने के बाद भी अब तक अदिति को अपना डांसिंग टैलेंट दिखाने का कोई खास मौका नहीं मिला है. अब तक अदिति बॉलीवुड की कई बड़ी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं.

बता दें कि अदिति की पर्सनल लाइफ भी काफी दिलचस्प है. साल 2007 में एक्ट्रेस ने सत्यदीप मिश्रा से शादी की थी. अदिति ने काफी समय तक अपने रिश्ते को सबसे छिपाए रखा. लेकिन 2013 में एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी मैरिड लाइफ का खुलासा किया. हालांकि उसी वक्त उन्होंने अपने इंटरव्यू में अपने तलाक के बारे में भी बताया था.

## विश्व में बैंकों पर संकट के बावजूद भारतीय बैंक सुरक्षित : अशवनी राणा

**नई दिल्ली।** अमेरिका में सिल्वरगेट, सिग्नेचर और सिलिकॉन वैली बैंकों के डूबने की वजह से दुनियाभर के वित्तीय बाजारों में कोहराम मचा हुआ है। लेकिन, भारत के बैंकों पर इसका कोई असर नहीं हो सकता। क्योंकि, यहां भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की निगरानी और बैंकों द्वारा सही निवेश के कारण उनकी स्थिति मजबूत है। इसके बावजूद सरकार को खाता धारकों का भरोसा जीतने की जरूरत है। वॉयस ऑफ बैंकिंग के फाउंडर अशवनी राणा ने बातचीत में यह बात कही। राणा ने कहा कि दो अमेरिकी बैंकों के डूब जाने के बाद दुनियाभर में जहां हड़कंप मचा हुआ है। वहीं, स्विट्जरलैंड के क्रेडिट सुइस बैंक पर भी खतरा मंडरा रहा है। इसके बावजूद भारतीय बैंकों पर इसका असर नहीं पड़ने वाला है। इसकी सबसे बड़ी वजह आरबीआई की निगरानी और बैंकों द्वारा सही निवेश के कारण उनकी स्थिति मजबूत है। इसका असर एक ओर पूरी दुनिया के शेयर बाजारों पर हो रहा है। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि दुनिया के अधिकांश शेयर बाजार दबाव में हैं। इसकी वजह शेयर बाजार बहुत कुछ सेंटीमेंट पर निर्भर करते हैं। लेकिन, भारत के बैंकों पर इसका कोई असर नहीं हो सकता। क्योंकि भारतीय बैंक आरबीआई की निगरानी और बैंकों के सही निवेश की वजह से मजबूत स्थिति में हैं। उन्होंने आगे कहा कि विश्व में हो रही घटनाओं के कारण देश के बैंकों के खाताधारकों को किसी तरह की घबराहट, डर या दबाव में नहीं आना चाहिए। इसके लिए सरकार को खाता धारकों को भरोसा दिलाने की जरूरत है। इसके साथ ही बैंकों द्वारा पांच लाख रुपये तक की जमा पर गारंटी की सुविधा को बढ़ाये जाने या एक डिपॉजिट बीमा योजना शुरू करने की बात कही, ताकि जमाकर्ता अपनी जमा राशि की बीमा पॉलिसी लेकर अपनी जमा-पूंजी को सुरक्षित महसूस कर सकें।

## हरित ऊर्जा परिवर्तन का ध्वजवाहक बनने के लिए प्रतिबद्ध है इंडियन ऑयल : एस.एम. वैद्य

**बेगूसराय।** देश का शीर्ष रिफाइनर और ईंधन खुदरा विक्रेता इंडियन ऑयल ने भारत के हरित ऊर्जा परिवर्तन को उत्प्रेरित करने के लिए सतत प्रयासों की विस्तृत श्रृंखला साझा किया है। कंपनी ने अपनी सभी मौजूदा हरित संपत्तियों को एक छतरी के नीचे समेकित करने, जैव ईंधन, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और सीसीयूएस जैसे स्थाई ऊर्जा मार्गों में तेजी से विस्तार करने के अपने इरादे को रेखांकित किया है। इंडियन ऑयल के अध्यक्ष एस.एम. वैद्य ने कहा है कि इंडियन ऑयल भारत की तेजी से बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम भारत के हरित ऊर्जा परिवर्तन के ध्वजवाहक बनने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। इस प्रकार हम अपने हरित प्रयासों को बढ़ा रहे हैं। एक निश्चित फोकस और आगे बढ़ते हुए हम बेहतर सहक्रिया के लिए अपनी हरित संपत्तियों को एक छतरी के नीचे समेकित करेंगे। हमारे महत्वाकांक्षी हरित रोडमैप में वाणिज्यिक स्तर के हरित व्यवसायों को पोषित करने के लिए प्रभावी सहयोग स्थापित करना भी शामिल है।

हम दुनिया भर में निवेशकों और प्रौद्योगिकी प्रदाताओं को अवसर प्रदान करेंगे। हमारी यात्रा में भागीदार बनने के लिए हमारा लक्ष्य एक पोर्टफोलियो बनाना है। 2025 तक तीन गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा और 0.6 एमएमटी जैव ईंधन, 2030 तक 35 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा, चार एमएमटी जैव ईंधन एवं एक एमएमटी बायोगैस तथा 2050 तक दो सौ गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा, सात एमएमटी जैव ईंधन और नौ एमएमटी बायोगैस का लक्ष्य है। परियोजना निष्पादन पर इंडियन ऑयल की सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास क्षमता प्रत्येक भारतीय को सुलभ, कम लागत वाली ऊर्जा प्रदान करने में महत्वपूर्ण होगी।

## कंपनियां वर्क फॉम होम को वापल लेने का मन बना रहीं, दफ्तर से काम करने को दिया जा रहा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** मेटा प्लेटफॉर्म्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग अब कर्मचारियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं कि वे ऑफिस पहुंचकर सहकर्मियों के साथ व्यक्तिगत रूप से मिलकर काम करने के अधिक अवसर खोजें। मेटा नवीनतम हाई-प्रोफाइल कंपनी है जो उदार वर्क-फ्रॉम-होम नीतियों को वापस लेने का मन बना रही है। कंपनी 2023 में अपने कर्मचारियों को दफ्तर वापस बुलाने की तैयारी कर रही है। अमेजन, स्टारबक्स और वॉल्ट डिज्नी जैसी कंपनियां भी वर्क फ्रॉम की नीति को वापस लेना चाहती है। कंपनियों के मन में वर्क फ्रॉम होम समाप्त करने की धारणा ऐसे समय में आई है जब महामारी के बाद के वर्षों में अमेरिका में ऑफिस पहुंचकर काम करने वालों की संख्या 50त्न तक पहुंच हुई। जेपी मॉर्गन चेस एंड कंपनी के जेमी डिमोन जैसे सीईओ अब वर्क फ्रॉम होम को अस्वीकार कर रहे हैं। डिमोन ने हाल ही में कहा कि घर से काम करना प्रबंधकों या युवा कर्मचारियों के लिए अच्छा नहीं है। इस साल की रिटर्न-टू-ऑफिस नीतियां गोल्डमैन सैक्स ग्रुप इंक, मॉर्गन स्टेनली, एपल और पेलोटन इंटरएक्टिव इंक जैसे 2022 के उस कदम से प्रेरित हैं जब इन कंपनियों ने अपने कर्मियों को कम से कम तीन दिन से काम करने को कहा था।

# टीसीएस के सीईओ राजेश गोपीनाथन ने दिया इस्तीफा

### कंपनी ने के. कृतिवासन को बनाया नया सीईओ

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजेश गोपीनाथन ने इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने राजेश गोपीनाथन के इस्तीफे के बाद के. कृतिवासन को नया सीईओ नियुक्त करने का ऐलान भी कर दिया है।

टीसीएस ने जारी बयान में कहा कि राजेश गोपीनाथन की जगह के. कृतिवासन को सीईओ बनाया गया है। कृतिवासन प्रभारी सीईओ के रूप में कंपनी का कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति अगले वित्त वर्ष में पूर्ण सीईओ के रूप में होगी। फिलहाल, वे कंपनी के बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई) बिजनेस समूह



के अध्यक्ष और वैश्विक प्रमुख हैं। वे कंपनी से 34 साल से ज्यादा समय से जुड़े हैं।कंपनी के मुताबिक राजेश गोपीनाथन ने 22 सालों तक टीसीएस के साथ जुड़े रहने के बाद अपने पद से इस्तीफा दिया है। वह बीते छह साल से कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ पद पर तैनात हैं। हालांकि, कंपनी ने कहा कि राजेश गोपीनाथन सितंबर महीने तक कंपनी के साथ बने रहेंगे।

# 'गुड़ी पाड़वा' के दौरान घर खरीदी बढ़ने की उम्मीद

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में गुढीपाडवा के अवसर पर घर खरीदी बढ़ने की उम्र में विशेषज्ञों ने जताई है। उम्मीद है कि इस त्योहारी मौसम में पिछले कुछ वर्षों की तुलना में मुंबई और उपनगरीय इलाकों में प्रॉपर्टी खरीदने में 3 फीसद की बढ़ोतरी हो सकती है। नरेडको नेरल कर्जत ने ग्राहकों को कई तरह की प्रॉपर्टी की पेशकश की है, जिसमें किफायती आवास से लेकर अलग-अलग आकार के भूखंड और लक्जरी विला शामिल हैं। नरेडको प्रोग्रेसिव नेरल-कर्जत- रियल एस्टेट उद्योग के अध्यक्ष दिनेश दोशी के अनुसार इस बार गुड़ी पाड़वा के मौके पर त्योहार के जबरदस्त उत्साह को देखते हुए प्रॉपर्टी की खरीदारी में निश्चित तौर पर बढ़ोतरी दिखाई देगी, जो मुंबई 3 में प्रॉपर्टी खरीदने की चाहत को कई गुना बढ़ा देगा। लगातार बढ़ते शहरीकरण की वजह से न केवल लोगों को सस्ते घर उपलब्ध कराना बेहद आवश्यक हो जाता है, बल्कि इससे जुड़ी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने की भी जरूरत होती है। 'अफोर्डेबल सिटी' ही आने वाले समय की जरूरत है, जहां जरूरत के अनुरूप बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर और मल्टी-नोडल पॉइंट्स से कनेक्टिविटी के साथ कार्बन न्यूट्रल क्षेत्र विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाता हो। नरेडको प्रोग्रेसिव नेरल-कर्जत के अध्यक्ष गौतम ठक्कर ने बताते हैं कि प्राधिकरणों की ओर से इस क्षेत्र के विकास के लिए जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। प्राधिकरणों की ओर से नेरल-कर्जत क्षेत्र के आसपास इन्फ्रास्ट्रक्चर, ज्ञान-आधारित उद्योगों और अनुसंधान केंद्रों का विकास किया जा रहा है। सरकार ने भी इसके साथ तालमेल बिठाते हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी कई परियोजनाओं की शुरुआत की है। यही वजह है कि इस बार गुड़ी पाड़वा के मौके पर प्रॉपर्टी खरीदने या निवेश करने की संभावना काफी अधिक है। नरेडको प्रोग्रेसिव नेरल-कर्जत के माननीय सचिव, श्री आनंद दोशी ने नरेडको-नाइट फ्रैंक की एक रिपोर्ट का ज़िक्र किया, जिसका शीर्षक 'ब्रिक बाय ब्रिकः रीइमेजिनिंग अफोर्डेबल मुंबई' है। अक्टूबर 2022 में नरेडको प्रोग्रेसिव नेरल-कर्जत द्वारा आयोजित 'मंथन - अफोर्डेबल सिटी' पहल के दौरान यह रिपोर्ट जारी की गई थी, जिसमें किफायती आवास के संदर्भ में मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (एमएमआर) में मांग एवं आपूर्ति के बीच एक बड़े अंतर की ओर संकेत किया गया है।

# वित्त वर्ष 2023-24 में 6 फीसदी की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था : क्रिसिल

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने देश की अर्थव्यवस्था के वित्त वर्ष 2023-24 में छह फीसदी की धीमी रफ्तार से बढ़ने की उम्मीद जताई है। क्रिसिल ने कहा है कि अगले वित्त वर्ष में भारतीय कंपनियों के राजस्व में दोहरे अंकों में वृद्धि हो सकती है। इस लिहाज से आगामी वित्त वर्ष के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि कमजोर दिख रही है। हांलाकि, एजेंसी का मानना है कि अगले पांच वित्त वर्ष में भारत की औसत आर्थिक वृद्धि दर 6.8 फीसदी रहेगी। एजेंसी ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई अगले वित्त वर्ष में औसतन पांच फीसदी रहेगी जबकि चालू वित्त वर्ष में यह करीब 6.8 फीसदी रहेगी।

घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल



के मुख्य अर्थशास्त्री डीके जोशी ने कहा कि भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, लगातार ऊंची मुद्रास्फीति, इसका मुकाबला करने के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी ने वैश्विक परिवेश को और ज्यादा निराशाजनक बना दिया है। उन्होंने एजेंसी के वार्षिक वृद्धि अनुमान में कहा कि मई, 2022 से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की नीतिगत दर रेपो रेट में 2.50 फीसदी की वृद्धि का प्रभाव अगले वित्त वर्ष में ज्यादा देखने को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि संसद में पेश आर्थिक सर्वे में वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की विकास दर 6 से 6.8 फीसदी और वित्त वर्ष 2022-23 में 7 फीसदी रहने का अनुमान जताया गया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन (एनएसओ) ने भी चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर सात फीसदी रहने की संभावना जताई है। हालांकि, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2022-23 में 6.8 फीसदी रहने का अनुमान जताया है लेकिन ज्यादातर विश्लेषक इसे एक महत्वाकांक्षी आंकड़ा मान रहे हैं।

## भारतीय स्टार्टअप्स के एसवीबी में एक अरब डॉलर से अधिक जमा, आईटी राज्यमंत्री ने जताया अनुमान

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि सैकड़ों भारतीय स्टार्टअप्स के तालाबंदी झेलने वाले बैंक एसवीबी में एक अरब डॉलर से अधिक जमा थे। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने साथ ही यह भी सुझाव दिया कि स्थानीय बैंकों को स्टार्टअप्स को दिए जाने वाले ऋष्ण का दायरा बढ़ाना चाहिए।

कैलिफोर्निया के बैंकिंग नियामकों ने 10 मार्च को सिलिकॉन वैली बैंक (एसवीबी) को बंद कर दिया, जिसके पास 2022 के अंत में 209 अरब डॉलर की संपत्ति थी। जमाकर्ताओं ने एक ही दिन में बैंक से 42 अरब डॉलर की निकासी कर ली जिससे यह दिवालिया हो गया। अमेरिकी सरकार ने अंततः यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाया कि जमाकर्ताओं की पहुंच उनकी जमा राशि तक हो। प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने देर रात एक ट्विटर स्पेस चैट में कहा, मुद्दा यह है कि हम आने वाले महीने में अपनी सभी अनिश्चितताओं के साथ जटिल सीमा पार अमेरिकी बैंकिंग प्रणाली पर निर्भर होने के बजाय स्टार्टअप को भारतीय बैंकिंग प्रणाली में कैसे बदल सकते हैं? चंद्रशेखर ने इस सप्ताह 460 से अधिक हितधारकों से मुलाकात की, जिसमें एसवीबी के बंद होने से प्रभावित स्टार्टअप भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि मुलाकात के बाद उन्होंने अपने सुझाव वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को दे दिए हैं। चंद्रशेखर ने वित्त मंत्री को दिए गए सुझावों में से एक का हवाला देते हुए कहा कि भारतीय बैंक एसवीबी में धन रखने वाले स्टार्टअप्स को जमा-समर्थित क्रेडिट लाइन की पेशकश कर सकते हैं।

# उप्र के खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्लांट की यूनिट-एक का बॉयलर हाइड्रो टेस्ट सफल

**ऋषिकेश।** टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में अपने निर्माणाधीन ताप आधारित परियोजना 2 गुणा 660 मेगावाट के खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्लांट की यूनिट-एक का बॉयलर हाइड्रो टेस्ट सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है।

यह टेस्ट गुरदीप सिंह, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एनटीपीसी लिमिटेड, राजीव विश्नोई, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, उज्ज्वल कांति भट्टाचार्य, निदेशक परियोजना एनटीपीसी लिमिटेड, जे. बेहेरा, निदेशक वित्त, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की उपस्थिति में किया गया।

बॉयलर हाइड्रो टेस्ट बॉयलर ट्यूबों में 52,209 वेल्डिंग ज्वाइंट की इंटीग्रिटी की जांच करने के लिए किया गया था। इस जांच में, बॉयलर के प्रेशर पार्ट्स वाले हिस्से को पानी से भर दिया गया और 439.4 किग्रा. फोर्स प्रति वर्ग सेमी. दाब



के अधीन किया गया जो बॉयलर के अधिकतम परिकल्प दाब का लगभग 1.5 गुना है (अर्थात 291.9 किग्रा फोर्स प्रति वर्ग सेमी.)।

इसके लिए गुरदीप सिंह, सीएमडी, एनटीपीसी ने परियोजना स्थल पर कार्यरत सभी कर्मचारियों को बधाई दी और उन्हें बताया कि सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है और इसलिए सभी के योगदान को पहचानना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने परियोजना को पूरा करने? की दिशा में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को उसके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि टीएचडीसीआईएल को हर पहलू में एनटीपीसी से पूरा समर्थन प्राप्त है।

राजीव विश्नोई, सीएमडी, टीएचडीसीआईएल ने परियोजना स्थल पर काम कर रहे टीएचडीसीआईएल के सभी कर्मचारियों और अन्य एजेन्सीज और सलाहकार कंपनियों की टीमों को बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे उच्च प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने उल्लेख किया कि टीएचडीसीआईएल ने समय पर यह उपलब्धि हासिल की है और परियोजना को पूरा करने की दिशा में समय पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि परियोजना प्रबंधन एक महत्वपूर्ण अवधारणा है और इस परियोजना का तेजी से निर्माण इसका एक उदाहरण है।

फरवरी 2024 तक खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्लांट की लक्षित कमीशनिंग की दिशा में बॉयलर हाइड्रो टेस्ट का सफल होना टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है। टीएचडीसीआईएल हाइड्रो, पवन और सौर ऊर्जा संयंत्र की श्रेणी में संचालित प्रमुख ?बिजली उपयोगिता है। खुर्जा एसटीपीपी के पूरा होने के साथ, निगम के पास सभी संसाधनों से विविधीकृत बिजली उत्पादन का एक पूरा पोर्टफोलियो होगा। इस अवसर पर कुमार शरद, कार्यपालक निदेशक, खुर्जा एसटीपीपी और टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अन्य अधिकारियों के अलावा सी.पी. सिंह (आईएएस) जिलाधिकारी, बुलंदशर और ?श्लोक कुमार, (आईपीएस) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बुलंदशहर भी उपस्थित थे।

# 5 दिन की गिरावट के बाद मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**मुंबई।** वैश्विक दबाव के बावजूद दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद भारतीय शेयर बाजार में आज मामूली बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार का अंत किया। पिछले 5 कारोबारी दिन से लगातार गिरावट का सामना करने के बाद आज पहली बार घरेलू बाजार हरे निशान में बंद हुआ है। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.14 प्रतिशत और निफ्टी 0.08 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान रियल्टी, एफएमसीजी, एनर्जी, पीएसयू और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में तेजी का रुख बना रहा। दूसरी ओर आईटी और मेटल सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। पूरे दिन हुई खरीद-बिक्री के बाद मिडकैप इंडेक्स सपाट स्तर पर और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.69 प्रतिशत गिरकर बंद हुए।

आज के कारोबार में हुई बिकवाली के कारण शेयर बाजार के निवेशकों को करीब 50 हजार करोड़ रुपये का फायदा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 256.40 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 255.90 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों के टोटल वेल्थ में आज 50 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी



हो गई। दिन भर हुई खरीद बिक्री के दौरान बीएसई में 3,640 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,402 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। 2,125 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, जबकि 113 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। दूसरी ओर एनएसई में आज 2,057 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 782 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 1,275 शेयर नुकसान उठाकर उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर बढ़त के साथ और 13 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 28 शेयर हरे निशान में और 22 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

वैश्विक दबाव के बीच बीएसई के सेंसेक्स ने आज सपाट स्तर पर कमजोर शुरुआत की। ये सूचकांक 45.10 अंक लुढ़क कर 57,510.80 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद से ही शेयर बाजार में लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान की स्थिति बन गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव बना रहा। बिकवाली के दबाव में सुबह 10 बजे के करीब ये सूचकांक 397.21 अंक का गोता लगाकर 57,158.69 अंक तक पहुंचा। खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 2:30 बजे के करीब सेंसेक्स ने निचले स्तर से 728.77 अंक की छलांग लगाकर 331.56 अंक की मजबूती के साथ आज के सर्वोच्च स्तर 57,887.46 अंक तक पहुंचने में सफलता भी हासिल की। दिनभर हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 78.94 अंक की मामूली बढ़त के साथ 57,634.84 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने आज सपाट स्तर पर मामूली मजबूती के साथ कारोबार की शुरुआत की। ये सूचकांक 22.50 अंक उछलकर 16,994.65 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार शुरू होते ही बाजार में तेज खरीद बिक्री शुरू हो गई। बिकवाली के दबाव में निफ्टी 122 अंक टूटकर 16,850.15 अंक तक लुढ़क गया। वही खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर इसने निचले स्तर से 212.30 अंक की छलांग लगाकर 90.30 अंक की बढ़त के साथ आज के ऊपरी स्तर 17,062.45 अंक को भी टच किया। दिन भर के कारोबार के बाद निफ्टी ने 13.45 अंक की मामूली बढ़त के साथ 16,985.60 अंक के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया। दिन भर हुए कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के शेयरों में से बीपीसीएल 6.24 प्रतिशत, नेस्ले 2.54 प्रतिशत, एशियन पेंट्स 2.33 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनिलीवर 2.21 प्रतिशत और टाइटन कंपनी 2.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए।

# एफसीआई ने छठी ई-नीलामी में 4.91 लाख मीट्रिक टन गेहूं बेचा

**नई दिल्ली।** देश में गेहूं और आटे की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार की पहल के तहत भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने छठी ई-नीलामी में 4.91 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) गेहूं बेचा है।

उपभोक्ता एवं खाद्य मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि एफसीआई) ने 15 मार्च को गेहूं की छठी ई-नीलामी की है। एफसीआई ने 23 क्षेत्रों के 611 डिपो से कुल 10.69 लाख मीट्रिक टन गेहूं बिक्री के लिए रखा, जिसमें 970 बोलीदाताओं ने हिस्सा लिया और 4.91 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) गेहूं की बिक्री हुई।

मंत्रालय ने बताया कि छठी ई-नीलामी में अखिल भारतीय भारित औसत आरक्षित मूल्य 2140.46 रुपये प्रति क्विंटल की तुलना में भारित औसत बिक्री मूल्य 2214.32 रुपये प्रति क्विंटल प्राप्त हुआ। छठी नीलामी में सबसे अधिक मांग 100 से 499 मीट्रिक टन तक की रही, जिसके बाद 500 से 999 मीट्रिक टन



की और उसके बाद 50 से 100 मीट्रिक टन मात्रा की रही।

देश में गेहूं की पहली नीलामी एक और 2 फरवरी को आयोजित की गई थी, जिसमें 9.13 लाख मीट्रिक टन गेहूं 1016 बोलीदाताओं को 2474 रुपये प्रति क्विंटल के औसत मूल्य पर बेचा गया। इसके बाद 15 फरवरी को दूसरी नीलामी में 3.85 लाख मीट्रिक टन गेहूं 1060 बोलीदाताओं को 2338 रुपये प्रति क्विंटल के औसत मूल्य पर बेचा गया। वहीं, तीसरी ई-नीलामी के दौरान 875 सफल बोलीदाताओं को 5.07 लाख मीट्रिक टन गेहूं 2173 रुपये प्रति क्विंटल के औसत मूल्य पर बेचा गया। चौथी ई-नीलामी के दौरान 5.40 लाख मीट्रिक टन गेहूं 1049 सफल बोलीदाताओं को 2193.82 रुपये प्रति क्विंटल के औसत मूल्य पर बेचा गया। 5वीं ई-नीलामी में 5.39 लाख मीट्रिक टन गेहूं 1248 बोलीदाताओं को 2197.91 रुपये प्रति क्विंटल के औसत मूल्य पर बेचा गया। इस तरह 5वीं ई-नीलामी तक 28.86 लाख मीट्रिक टन गेहूं का स्टॉक बेचा जा चुका है, जिसमें से 14 मार्च, 2023 के अनुसार 23.30 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उठान हो गया है। छठी ई-नीलामी के बाद ओएमएसएस (डी) के तहत गेहूं की संचयी बिक्री 45 लाख मीट्रिक टन गेहूं के कुल आवंटन के मुकाबले 33.77 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गई है। गेहूं की इस बिक्री का देशभर में गेहूं और आटे के मूल्यों को कम करने में काफी असर हुआ है। मंत्रालय के मुताबिक ओएमएसएस (डी) के तहत गेहूं की खुली बिक्री के लिए भविष्य की निविदाओं के कारण मूल्यों के स्थिर बने रहने की संभावना है।

# दीपक मोहंती बने पीएफआरडीए के चेयरमैन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दीपक मोहंती को पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) का चेयरमैन नियुक्त किया है। मोहंती ने सुप्रतिम बंदोपाध्याय की जगह ली है, जिनका कार्यकाल जनवरी में समाप्त हो गया था। सरकार की एक अधिसूचना में दीपक मोहंती को पीएफआरडीए के चेयरमैन के पद पर नियुक्त करने की जानकारी दी गई है। एक अन्य अधिसूचना में सरकार ने खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग में वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार ममता शंकर को पूर्णकालिक सदस्य (अर्थशास्त्र) के पद पर नियुक्त किया है। दीपक मोहंती पीएफआरडीए के चेयरमैन पद पर अलगे 5 साल या नए आदेश तक बने रहेंगे। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व कार्यकारी निदेशक मोहंती इससे पहले पीएफआरडीए के पूर्णकालिक सदस्य थे। मोहंती को इकोनॉमिक रिसर्च, मौद्रिक नीति और स्टैटिक्स के क्षेत्र में महारत हासिल है। वह जेएनयू और येले विश्वविद्यालय से मास्टर्स डिग्री होल्डर हैं।

## नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय का ट्विटर अकाउंट फिर से बहाल

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद कार्यालय का आधिकारिक ट्विटर अकाउंट हैक होने के बाद फिर से बहाल हो गया है। कार्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि 15 मार्च से ट्विटर हैंडल में अनधिकृत प्रवेश और असंबद्ध ट्वीट की घटना की जांच जारी है। कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि टूफैक्टर ऑथेंटिकेशन सहित सभी सुरक्षा उपायों को अपनाए जाने पर भी ट्विटर हैंडल पर अनधिकृत एक्सेस था। कहा जा रहा है कि इस बारे में सच्चाई जल्द ही सामने आ जाएगी। इससे पहले, नेपाल के प्रधान मंत्री कार्यालय के ट्विटर अकाउंट पर कुछ असामान्य विषयों को रीट्वीट किया गया था। तीन अलगअलग समय पर तीन अलगअलग और अप्रासंगिक रीट्वीट ने सरकारी एजेंसियों की वेबसाइटों और सोशल नेटवर्क की सुरक्षा का मुद्दा उठाया था।

## पेरिस में भड़के सरकार विरोधी प्रदर्शन, हजारों लोग सड़कों पर उतरे, आगजनी-पथराव

**पेरिस।** फ्रांस में सरकार विरोधी उग्र प्रदर्शन हो रहे हैं। इसके चलते पेरिस की सड़कों पर जगह-जगह आगजनी और पथराव, नारेबाजी देखने को मिल रही है। दरअसल सरकार के फैसले की वजह से यह विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। खबर के अनुसार, फ्रांस की इमैनुएल मैक्रों सरकार ने रिटायरमेंट की उम्र में दो साल का इजाफा कर दिया है। जिसे लेकर विरोध उग्र हो गया है।

**जानिए क्यों हो रहे हैं प्रदर्शन**

बता दें कि फ्रांस के राष्ट्रपति ने रिटायरमेंट की उम्र 62 साल से बढ़ाकर 64 साल कर दी है। सरकार का तर्क है कि फ्रांस के पेंशन सिस्टम को कंगाल होने से बचाने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है। इसके लिए फ्रांस की संसद में वोटिंग होनी थी लेकिन बताया जा रहा है कि फ्रांस के राष्ट्रपति ने एक संवैधानिक प्रावधान का इस्तेमाल करते हुए संसद में बिना वोटिंग के ही नए कानून को लागू कर दिया।

**पेरिस की सड़कों पर आगजनी**

सरकार के इस फैसले के विरोध में पेरिस में लोग सड़कों पर उतर गए और सरकार विरोधी नारेबाजी की। इस दौरान भारी भीड़ को जब पुलिस ने नियंत्रित करने की कोशिश की तो प्रदर्शन उग्र हो गया। इसके बाद जगह जगह पेरिस की सड़कों पर आगजनी और पथराव देखने को मिला। पुलिस ने भी आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की। वहीं फ्रांस की संसद में भी इस कानून का विरोध हो रहा है और कई सांसद इसका विरोध कर रहे हैं।

विरोध प्रदर्शन की कई वीडियों और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। पुलिस ने प्रदर्शनों के चलते करीब 120 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## रूस के वैगनर ग्रुप ने इटली के रक्षा मंत्री पर रखा 1.5 करोड़ डॉलर का इनाम

**मास्को।** इटली की खुफिया एजेंसियों ने खुलासा किया है कि रूस के वैगनर ग्रुप ने इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो पर 1.5 करोड़ डॉलर (करीब 123 करोड़ रुपये) का इनाम रखा है। इटली के एक न्यूज पेपर ने खूफिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह दावा किया है। इसके बाद इटली के रक्षा मंत्री की सुरक्षा को कड़ी करने की मांग उठ रही है। हालांकि इटली के रक्षा मंत्री ने धमकी के बावजूद अपनी सुरक्षा बढ़ाने से इनकार कर दिया है।

बता दें कि इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो ने रूस के वैगनर ग्रुप की आलोचना की थी और कहा था कि अफ्रीकी देशों से पलायन बढ़ने की वजह रूस के वैगनर ग्रुप की हाइब्रिड लड़ाई की रणनीति का हिस्सा है। इटली ने कहा कि यूक्रेन का समर्थन करने के लिए रूस द्वारा ऐसा किया जा रहा है। हालांकि वैगनर ग्रुप के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि पलायन संकट क्यों बढ़ रहा है, वह इसके बारे में नहीं जानते और ना ही उन्हें इसकी परवाह है। हालांकि उन्होंने कहा कि इटली के रक्षा मंत्री को अन्य मामलों पर फोकस करना चाहिए। साथ ही प्रिगोझिन ने इटली के रक्षा मंत्री के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल भी किया। गुइडो क्रोसेटो ने कहा था कि अफ्रीकी तटों से पलायन करने वाले प्रवासियों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। यह साफ तौर पर वैगनर ग्रुप की हाइब्रिड लड़ाई की रणनीति है और वह अफ्रीका के कुछ देशों में अपनी ताकत के दम पर ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि यूरोपीय यूनियन, नाटो और पश्चिमी देशों में साइबर हमले भी यूक्रेन युद्ध का हिस्सा हैं। बता दें कि रूस के भाड़े के सैनिकों का संगठन वैगनर ग्रुप काफी ताकतवर माना जाता है और कई अफ्रीकी देशों जैसे लीबिया, माली और मध्य अफ्रीकी देशों में इसकी प्रभावी मौजूदगी है। यूक्रेन के बख्मुत शहर पर कब्जे की कोशिश भी वैगनर ग्रुप द्वारा की जा रही है और यूक्रेन में कई मोर्चों पर लड़ रहे हैं।

# फ्रांस में सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने का विरोध, सड़कों पर आगजनी व पथराव

**पेरिस।** फ्रांस में सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने का विरोध हिंसक हो रहा है। सड़कों पर उग्र प्रदर्शन कर रहे लोग आगजनी और पथराव कर रहे हैं। पुलिस ने भी जगह-जगह जवाबी बल प्रयोग किया है।

जानकारी के मुताबिक फ्रांस की इमैनुएल मैक्रों सरकार ने सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष से बढ़ाकर 64 वर्ष कर दी है। सरकार ने फ्रांस की पेंशन प्रणाली को कंगाल होने से बचाने के लिए यह कदम उठाने की बात कही है। इसके लिए फ्रांस की संसद में वोटिंग होनी थी, लेकिन फ्रांस के राष्ट्रपति ने उन्हें मिले संवैधानिक अधिकारों के प्रावधान का इस्तेमाल करते हुए संसद में बिना वोटिंग के ही नए कानून को लागू कर दिया। फ्रांस की संसद में भी इस कानून का विरोध हो रहा है



और कई सांसद इसका विरोध कर रहे हैं। उनका विरोध संसद में चर्चा के बिना इस कानून को लागू करने को लेकर भी है। सरकार के इस फैसले के विरोध में राजधानी पेरिस सहित देश भर में लोग सड़कों पर उतर आए हैं। सरकार विरोधी नारेबाजी से शुरू हुआ विरोध का सिलसिला पुलिस के विरोध तक पहुंचा। आंदोलित प्रदर्शनकारियों की भीड़ को पुलिस ने नियंत्रित करने का प्रयास किया तो प्रदर्शन उग्र हो गया। इसके बाद जगह जगह पेरिस की सड़कों पर आगजनी और पथराव देखने को मिला। पुलिस ने भी आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की है। पुलिस ने सौ से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा व पुलिस के बल प्रयोग में भारी संख्या में लोग जख्मी भी हुए हैं। विरोध प्रदर्शन के कई वीडियो व तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। आंदोलनकारी सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने का फैसला वापस लेने तक आंदोलन जारी रखने पर अड़े हुए हैं।

## इराक में रहस्यमयी हेलीकॉप्टर दुर्घटना में कई लोगों की मौत

**दोहुक।** उत्तरी इराक में एक रहस्यमय हेलीकॉप्टर दुर्घटना में प्रतिबंधित कुर्द विद्रोही समूह से जुड़े आतंकवादियों सहित कई लोग मारे गए। इराकी कुर्द द्वारा संचालित आतंकवाद रोधी संगठन के बयान में यह जानकारी दी गई। आतंकवाद रोधी संगठन ने एक बयान में कहा कि एक



हेलीकॉप्टर पिछली रात इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्द क्षेत्र में दोहुक प्रांत के चमांके जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बयान में कहा गया है कि हेलीकॉप्टर में सवार सभी यात्री मारे गए। दुर्घटनास्थल पर मौजूद एक अन्वेषक ने कहा कि हेलीकॉप्टर में कम से कम सात लोग सवार थे। बयान में कहा गया है कि हेलीकॉप्टर प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी या पीकेके के आतंकवादियों को ले जा रहा था। यह घटना रहस्य बनी हुई है क्योंकि अभी तक किसी भी पार्टी ने सैन्य हेलीकॉप्टर के स्वामित्व का दावा नहीं किया है। पीकेके के प्रवक्ता जाग्रोस हिवा ने कहा कि समूह के पास हेलीकॉप्टर नहीं है और वे भी इस घटना की जांच कर रहे हैं।

## अमेरिका सहित पांच देशों में प्रतियोगी सैन्य अभ्यास, ईरान-चीन संग रूस का नौ सैनिक अभ्यास

**वाशिंगटन/मॉस्को।** अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच सैन्य अभ्यास को लेकर उत्तर कोरिया के विरोध के बीच अब सैन्य अभ्यासों में भी अमेरिका बनाम चीन प्रतिस्पर्धा हो रही है। अमेरिका सहित पांच देशों में प्रतियोगी सैन्य अभ्यास चल रहा है, वहीं ईरान और चीन के सात रूस का नौ सैनिक अभ्यास भी चल रहा है। युद्धाभ्यास के दौर में अमेरिका ने भारत, कनाडा, जापान और दक्षिण कोरिया के साथ साझा पनडुब्बीरोधी युद्धाभ्यास शुरू किया गया है। 'सी ड्रैगन 23' अभ्यास 270 घंटे से अधिक समय तक चलेगा। सभी भाग लेने वाले देशों के पायलट और उड़ान अधिकारियों के लिए कक्षा प्रशिक्षण सत्र भी



इस अभ्यास का हिस्सा हैं, जिसमें वे अपने देश की क्षमता और उपकरणों को शामिल करने की योजना बनाने और रणनीति पर चर्चा करेंगे। यह अभ्यास एक प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें शामिल सभी देश 'ड्रैगन बेल्ट' जीतने के लिए सबसे अधिक अंक हासिल करने की कोशिश करेंगे। इस बीच रूस ने अरब सागर में चीन और ईरान के साथ नौ सैनिक अभ्यास शुरू कर दिया है। रूस की कोशिश है कि चीन और ईरान के साथ रिश्ते मजबूत हों।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि समुद्री सुरक्षा बेल्ट 2023 नामक त्रिपक्षीय अभ्यास चाबहार के ईरानी बंदरगाह के आसपास के क्षेत्र में शुरू हुआ है। इस बीच अमेरिका ने कहा है कि वह इस युद्धाभ्यास पर नजर बनाए हुए है। इससे अमेरिका या सहयोगी देशों को खतरा नहीं होना चाहिए।

## लाहौर में इमरान के समर्थकों और पुलिस के बीच झड़प, प्राथमिकी दर्ज

**लाहौर।** पाकिस्तान में पुलिस ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान के खिलाफ आतंकवाद समेत कई आरोपों में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पंजाब पुलिस की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी के मुताबिक इमरान खान ने ज़मान पार्क में मौजूद अपनी पार्टी के 2,500 से अधिक कार्यकर्ताओं को पुलिसकर्मियों पर हमला करने के लिए उकसाया, जो पूर्व प्रधानमंत्री को भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तार करना चाहते थे। पुलिस के मुताबिक, पीटीआई समर्थकों ने पुलिस वाहनों को आग लगा दी, पुलिसकर्मियों और रेंजर्स पर पेट्रोल बम फेंके, जिसके कारण कई पुलिसकर्मियों को चोटें आईं।

इमरान के खिलाफ देशभर में 83 प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं, जिनमें उनपर जनता को भडक़ाने, महिला न्यायाधीश की अवमानना और आधिकारिक काम में हस्तक्षेप से लेकर हत्या, हत्या के लिए उकसाने, आतंकवाद, देशद्रोह और ईशनिंदा तक के कई आरोप शामिल हैं। लाहौर के पॉश जमान पार्क इलाके में खान (70) रहते हैं। यहां तोशाखाना मामले में मंगलवार को इमरान खान को गिरफ्तार करने पहुंचे पुलिसकर्मियों की उनके समर्थकों के साथ झड़प हुई थी। खान समर्थक पुलिस को अपने नेता को गिरफ्तार करने से रोक रहे थे।

## अमेरिका ने रूसी लड़ाकू विमानों के उसके ड्रोन पर ईंधन गिराने का वीडियो जारी किया

**कीव।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने काला सागर के ऊपर अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में अमेरिकी वायु सेना के निगरानी ड्रोन के मार्ग में रूसी लड़ाकू विमान के असुरक्षित तरीके से आने का वीडियो जारी किया है। 42 सेकंड का यह वीडियो जारी किया गया। पेंटागन ने कहा कि वीडियो में एक रूसी एसयू-27 अमेरिका के एमक्यू-9 ड्रोन के पीछे की तरफ से आ रहा है और इसके गुजरने पर ईंधन छोड़ना शुरू कर देता है। अमेरिकी सेना ने कहा कि उसनेएमक्यू-9 रीपर को समुद्र में गिरा दिया जब रूसी लड़ाकू विमान ने मानव रहित विमान पर ईंधन डाला जो इसके ऑप्टिकल (नजर रखने संबंधी) उपकरणों को देखने से रोकने और इसे क्षेत्र से बाहर निकालने तथा इसके प्रोपेलर को बाधित करने का स्पष्ट प्रयास था। वीडियो का जारी अंश कथित तौर पर ईंधन डाले जाने को लेकर टकराव के पहले या बाद की घटनाओं को नहीं दिखाता है।

रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल मार्क मिले ने रूसी लड़ाकू जेट विमानों के साथ मुठभेड़ के बाद अमेरिकी ड्रोन के नष्ट होने के बारे में अपने रूसी समकक्षों से बात की है।

**इस घटना के बाद दोनों देशों के रक्षा व सैन्य नेतृत्व के बीच हुई यह बातचीत इस मामले की गंभीरता को रेखांकित करती है।**

रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू और रूसी जनरल स्टाफ के प्रमुख जनरल वालेरी गेरासिमोव के साथ बुधवार को अक्टूबर के बाद पहली बार कॉल की गई।

विमानों के खतरनाक तरीके से एक-दूसरे के सामने आने के प्रयास असामान्य नहीं हैं लेकिन यूक्रेन में युद्ध के बीच हुई इस घटना ने चिंता बढ़ाई है कि ऐसे मामले अमेरिका और रूस को सीधे संघर्ष के करीब ला सकते हैं। इस घटना के बाद दोनों देशों के रक्षा व सैन्य नेतृत्व के बीच हुई यह बातचीत इस मामले की गंभीरता को रेखांकित करती है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने ऑस्टिन के साथ फोन पर हुई बातचीत को लेकर अपनी रिपोर्ट में कहा कि शोइगू ने अमेरिका पर यूक्रेन में उसके (रूस के) सैन्य अभियानों के कारण क्रेमलिन द्वारा लगाए गए उड़ान प्रतिबंधों की अनदेखी करके घटना को भड़काने का आरोप लगाया। रूस ने रूसी संघ के हितों के खिलाफ खुफिया गतिविधियों में तेजी का भी आरोप लगाया।

## नेपाल पर बीआरआई प्रोजेक्ट थोपने की कोशिश में चीन

**काठमांडू।** चीन नेपाल पर बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) थोपने की कोशिश कर रहा है। चीन ने घोषणा की है कि नेपाल में बीआरआई परियोजना शुरू हो चुकी है लेकिन नेपाल सरकार ने अभी तक इसे स्वीकार नहीं किया है।

नेपाल में चीन के राजदूत छान सोंग ने काठमांडू में आयोजित एक कार्यक्रम में दावा किया कि बीआरआई पूरी तरह से खुला, समावेशी और पारदर्शी है। उन्होंने कहा कि अब हम बीआरआई में उच्च स्तरीय सहयोग को आगे बढ़ाएंगे। बीआरआई कोई भू-राजनीतिक उपकरण नहीं है। नेपाल ने वर्ष 2017 में तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व में बीआरआई दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि, बीआरआई परियोजना आगे नहीं बढ़ी। नेपाल ने एक स्टैंड ले ली है कि वह केवल अनुदान ले सकता है लेकिन बीआरआई ऋण नहीं।

चीन ने दावा किया कि बीआरआई परियोजना नेपाल में आगे बढ़ी है। वह कहते रहे हैं कि पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बीआरआई के तहत एक परियोजना है।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने नेपाल के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति रामचंद्र पौडयाल को बधाई देते हुए बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का मुद्दा उठाया था। दोनों पक्षों से मानवीय आदान-प्रदान और सहयोग के क्षेत्र का विस्तार करते हुए उच्च स्तरीय वाली बेल्ट एंड रोड के निर्माण के साथ आगे



बढ़ने की उम्मीद है। ऐसे में चीन नेपाल पर बीआरआई प्रोजेक्ट थोपने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, नेपाल चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट के तहत कर्ज लेने के पक्ष में नहीं है।

## दुनिया के लिए फिर कोरोना की नई मुसीबत, इस्त्राइल में वायरस के नए वैरिएंट के दो मामले मिले

**इस्त्राइयली।** कोरोना संक्रमण को लेकर आएदिन कोई न कोई नई खबर आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस्त्राइल में कोरोनावायरस के नए वैरिएंट के दो मामले सामने आए हैं। इस्त्राइल के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से ये जानकारी दी गई है। मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि वे इसको लेकर ज्यादा चिंतित नहीं हैं। यह नया वैरिएंट कोविड-19 के ओमिक्रॉन वैरिएंट के दो सब-वैरिएंट BA.1 और BA.2 का मिश्रण है। रिपोर्ट्स के अनुसार, नए वैरिएंट से संक्रमित की पहचान इस्त्राइल के बेन गुरियन एयरपोर्ट पर हुई। यहां उतरे दो यात्रियों की RT-PCR रिपोर्ट में यह वैरिएंट पाया गया है।

**मंत्रालय ने और क्या कहा?**



स्वास्थ्य मंत्रालय ने साथ ही कहा है, 'अभी पूरी दुनिया में इस वैरिएंट के बारे में कोई जानकारी नहीं। इस वैरिएंट के जो दो मामले सामने आए हैं, उनमें हल्का बुखार, सिरदर्द और मांसपेशियों का विकार जैसे लक्षण देखने के मिले हैं। हालांकि, इसके मरीजों को कोई विशेष मेडिकल सुविधा की जरूरत नहीं है। 'रिपोर्ट्स के अनुसार, नए वैरिएंट से संक्रमित की पहचान इस्त्राइल के बेन गुरियन एयरपोर्ट पर हुई। यहां उतरे दो यात्रियों की RT-PCR रिपोर्ट में यह वैरिएंट पाया गया है। इस्त्राइल के पैनडेमिक रिस्पांस चीफ सलमान जरका ने इस नए वैरिएंट से किसी तरह के खतरे को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि हम इसको लेकर चिंतित नहीं हैं। बता दें कि इस्त्राइल की 92 लाख आबादी में से 40 लाख से अधिक लोगों को कोरोनावायरस वैक्सीन की तीन-तीन डोज लग चुकी हैं।

## रूस की चेतावनी के बाद यूक्रेन की मदद के लिए जोखिम उठाएगा ये देश, भेजेगा फाइटर जेट्स

**मास्को।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुए एक साल से भी ज्यादा का समय हो चुका है। पुतिन की सेना के खिलाफ यूक्रेनी सेना की मदद के लिए अमेरिका समेत कई पश्चिमी देश लगातार आर्थिक और सैन्य मदद भेज रहे हैं।

इसके बावजूद अपनी हवाई क्षमताओं के चलते रूस ने युद्धक्षेत्र में यूक्रेन पर बढ़त बना रखी है। पश्चिमी देश भी अब तक यूक्रेन को हवाई क्षेत्र में रूस से भिड़ने के लिए अहम फाइटर जेट्स मुहैया नहीं करा पाए हैं। हालांकि, अब यूक्रेन के पड़ोसी देश ने जेलेंस्की की सेना की मदद के लिए अपने फाइटर जेट्स मुहैया कराने का फैसला किया है।



यह देश है पोलैंड, जो कि यूक्रेन के पश्चिमी हिस्से से सटा हुआ है। पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा ने कहा है कि आने वाले दिनों में वे यूक्रेन को सोवियत काल के मिग फाइटर जेट्स मुहैया कराएंगे।

मजेदार बात यह है कि जहां ज्यादातर पश्चिमी देश यूक्रेन को सीधे तौर पर लड़ाकू विमान न देने की बात कहते रहे हैं, वहीं पोलैंड नाटो से जुड़ा पहला ऐसा देश है, जिसने फाइटर जेट देने का वादा किया है।

बताया गया है कि फिलहाल पोलैंड चार मिग फाइटर जेट्स यूक्रेन को देगा। इस फैसले पर पोलैंड की डिप्टी स्पीकर ओलेना कोंद्रात्युक ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही बाकी देश भी पोलैंड से सीख लेते हुए यूक्रेन को अपनी सुरक्षा के लिए लड़ाकू विमान मुहैया कराएंगे।

# टॉवर ऑफ लंदन में ब्रिटिश साम्राज्य के 'विजय प्रतीक' के तौर पर प्रदर्शित होगा कोहिनूर

**ब्रिस्बेन।** ब्रिटेन की महारानी के मुकुट पर लगे कोहिनूर हीरे की एक बार फिर से चर्चा शुरू हो गई है। पिछले साल महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद कोहिनूर हीरे से जड़ा ताज किंग चार्ल्स तृतीय की पत्नी क्वीन कंसोर्ट कैमिला को सौंपा गया था। लेकिन, क्वीन कैमिला ने इस विवादित ताज को पहनने से इनकार कर दिया था। अब खबर है कि इस कोहिनूर हीरे को मई में सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। अभी इसे शाही खजाने में रखा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अब कोहिनूर लगे मुकुट, कुछ अन्य शाही आभूषणों और प्रतीक चिह्नों को 'टावर आफ लंदन' में सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए रखा जाएगा। इसे 'विजय के प्रतीक' के तौर पर प्रदर्शित किया जाएगा। विजुअल के लिए इसके इतिहास को भी बताया जाएगा। ये प्रदर्शनी मई में आम लोगों के लिए खोल दी जाएगी।

**क्या है कोहिनुर की कहानी**

भारत से ब्रिटेन पहुंचे कोहिनूर 105.6 कैरेट का है। इसे दुनिया का सबसे बड़ा हीरा माना जाता है। इसका इतिहास पांच हजार साल से भी पुराना है। हीरे का वर्तमान नाम फारसी में है, जिसका अर्थ है 'रोशनी का पहाड़'। इतिहासकार बताते हैं कि पांच हजार साल पहले इस हीरे की खोज आंध्र प्रदेश गुंटूर जिले में स्थित गोलकुंडा की खदानों में खुदाई के दौरान हुई थी।

इसके बाद 1304 में ये मालवा पहुंचा। यहां से 1306 में ओरुगल्लु, 1323 में दिल्ली, 1339 में समरकंद उज्बेकिस्तान, 1526 में वापस दिल्ली, 1739 में पार्शि (मौजूदा समय ईरान), 1747 में काबुल अफगानिस्तान, 1800 में पंजाब, 1849 में लाहौर, 1854 में ये ब्रिटेन चला गया।

कोहिनूर हीरा अविभाजित पंजाब के महाराजा रणजीत सिंह के खजाने में था। वहां से इसे अंग्रेज अपने साथ ले गए और तत्कालीन ब्रिटिश गवर्नर ने महारानी विक्टोरिया को भेंट किया था। इसके बाद कोहिनूर हीरे को मुकुट में जड़वाकर उसे पहना गया। बताते हैं कि मुकुट में जड़वाने के दौरान कारीगरों ने हीरे को तराशकर छोटा कर दिया। बावजूद इसके कोहिनूर दुनिया में उपलब्ध सबसे बड़े हीरों में शुमार है। कोहिनूर हीरे के असली उत्तराधिकारी महाराजा दलीप सिंह को तो सभी जानते हैं, लेकिन उनका देहरादून जिले की मसूरी से भी गहरा नाता था। पंजाब के महाराजा रणजीत सिंह के बेटे महाराजा दलीप सिंह का जन्म वर्ष 1838 में हुआ था। पिता की मौत के बाद दलीप सिंह को छोटी सी उम्र में उनकी मां रानी जिंद कौर के संरक्षण में राजगद्दी पर बैठा दिया गया। इसके बाद हालात बिगड़े और वर्ष 1845 में सिख-अंग्रेजों के युद्ध में अंग्रेजों की जीत हो गई। इसके बाद सिखों को सतलुज नदी के बायीं ओर का सारा क्षेत्र और जलंधर अंग्रेजों को समर्पित करना पड़ा। अंग्रेजों ने रानी जिंद कौर से नाबालिग राजा दलीप सिंह का संरक्षण भी छीन लिया और उनके सारे अधिकारों को सिखों की परिषद में निहित कर दिया। इतिहासकार गोपाल भारद्वाज बताते हैं कि वर्ष 1852 में अंग्रेज दलीप सिंह को 14 वर्ष की उम्र में गोपनीय तरीके से मसूरी लेकर आए थे। यहां उन्हें दो साल तक बार्लोगंज के बारलो मेनोर हाउस में सर जॉन लॉगइन और उनकी पत्नी लेडी लॉगइन के संरक्षण में रखा गया था।

## कॉनवे का अर्धशतक, न्यूजीलैंड के दो विकेट पर 155 रन

**वेलिंगटन ।** सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे के अर्धशतक की मदद से न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के बारिश से प्रभावित पहले दिन शुक्रवार को यहां अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 155 रन बनाए। बारिश के कारण दिन भर में केवल 48 ओवर का खेल ही हो पाया। श्रीलंका ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। कॉनवे ने 78 रन की तेजतर्रार पारी खेली तथा टॉम लैथम (21) के साथ पहले विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी करके टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। खराब रोशनी के कारण जब दिन का खेल जल्दी समाप्त किया गया उस समय केन विलियमसन 26 और हेनरी निकोल्स 18 रन पर खेल रहे थे। भारी बारिश के कारण सुबह लंच से पहले का खेल नहीं हो पाया था। इसके बाद श्रीलंका के कप्तान दिमुथ करुणारत्ने ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला करने में कोई देर नहीं लगाई लेकिन पिच से उनके तेज गेंदबाजों को वैसी मदद नहीं मिली जिस तरह की वह उम्मीद कर रहे थे।

कॉनवे और लैथम ने सतर्क शुरुआत की। लैथम ने 73 गेंदों पर 21 रन बनाने के बाद कासुन रजिता की गेंद पर हवा में शॉट खेल कर सीमा रेखा पर कैच दिया। कॉनवे ने 69 गेंदों पर अपना आठवां अर्धशतक पूरा किया। वह बड़ी पारी खेलने की स्थिति में दिख रहे थे लेकिन इस स्पिनर धनंजय डिसिल्वा की गेंद पर वापस उनको कैच थमा बैठे। उन्होंने अपनी पारी में 13 चौके लगाए।

## 'हमें पता था कि हमें आज यह करना है', जीत के बाद गुजरात की कप्तान राणा ने दिया बयान

**मुंबई।** वीमेंस प्रीमियर लीग में गुजरात जायंट्स ने दिल्ली कैप्टिल्स वीमेंस को रोमांचक मुकाबले में 11 रनों से मात दी। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 148 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में दिल्ली की पूरी टीम 18.4 ओर में 136 रनों पर सिमट गई। इस मुकाबले मे जीत के बाद गुजरात की कप्तान स्नेह राणा ने कहा कि उनकी टीम साकारात्मक मानसिकता में थीं और उन्हें पता था कि उन्हें आज मैच जीतना ही है।स्नेह राणा ने कहा, ÷मुस्कान हमेशा रहती है। हमें लगा कि इस मैदान और परिस्थितियों के हिसाब से 150 का स्कोर बराबर है। (मेग लैनिंग के विकेट पर) हां, यह एक बड़ा विकेट था, इसका लुत्फ उठाया। मुझे लगता है कि गति हमारे पक्ष में ही थी, किम गर्थ ने शानदार शुरुआत की। जो भी टीम में योगदान देगा, वह सर्वश्रेष्ठ होगा। अच्छा स्कोर हासिल करने के लिए हमें दो अच्छी साझेदारियों की जरूरत है और आज हमें वह मिल गई। वार्म-अप से ही हर कोई सकारात्मक मानसिकता में था और हमें पता था कि हमें आज यह करना है। मैच की बात करें तो पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात की और से लौरा वोल्वाईट ने 45 गेंदों में 6 चौके और 1 छक्के की मदद से 57 रनों की पारी खेली, जबकि एशले गार्डनर ने 33 गेंदों में 9 चौकों की मदद से 51 नाबाद रनों की पारी खेली।इन दोनों बल्लेबाजों के अलावा सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकले मात्र 4 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद हरलीन देओल ने पारी को संभाला और उन्होंने 31 रनों की पारी खेली। दयालन हेमलता मात्र 1 रन पर ही आउट हो गईं। दिल्ली की ओर से जेस जोनासेन से सर्वश्रेष्ठ दो विकेट चटकाए।

## कोको गॉफ और फिट्ज इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**इंडियन वेल्स ।** कोको गॉफ ने तीसरे सेट में एक ब्रेक से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए यहां स्वीडन की क्वालीफायर रेबेका पेटरसन को हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामिंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

गॉफ ने तीसरे और निर्णायक सेट में 2-4 से पिछड़ने के बाद वापसी की और 4-4 के स्कोर पर तीन ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए अपनी सर्विस बचाई और फिर अगले गेम में मुकाबला अपने नाम किया। उन्होंने 6-3, 1-6, 6-4 से जीत दर्ज की। चार साल पहले रेबेका ने तब 14 साल की गॉफ को मिशिगन में चैलेंजर टूर्नामिंट में हराया था। छठी वरीय अमेरिकी गॉफ अगले दौर में दूसरी वरीय एरीना सबालेंका से भिड़ेंगी जिन्होंने 16वीं वरीय बारबरा क्रेसिकोवा को 6-3, 2-6, 6-4 से हराया। चौथे दौर के अन्य मुकाबलों में सातवीं वरीय मारिया सकारी ने 17वीं वरीय केरोलिना प्लिसकोवा को 6-4, 5-7, 6-3 से शिकस्त दी। पुरुष वर्ग में गत चैंपियन टेलर फ्रिट्ज ने मार्टोन फुकसोविक्स को 6-4, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पांचवें नंबर के दानिल मेदवेदेव ने 12वें वरीय एलेक्सांद्र ज्वेरेव को 6-7, 7-6, 7-5 से जबकि 10वें वरीय कैमरन नोरी ने छठे वरीय आंद्रे रूबलेव को 6-2, 6-4 से हराया।

## यूएई को हरा कर वर्ल्ड कप क्वालीफायर में पहुंचा नेपाल

**काठमांडू।** नेपाल की क्रिकेट टीम यूएई को हराकर वर्ल्ड कप क्वालीफायर में पहुंच गई है। त्रिवि इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड में यूएई को हराकर नेपाल ने वर्ल्ड कप क्वालीफायर में अपनी जगह पक्की कर ली है। अंधेरा होने के कारण मैच रोके जाने के बाद डकवर्थ-लुईस नियम के अनुसार नेपाल ने 9 रन से मैच जीत लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई ने नेपाल को 311 रनों का टारगेट दिया। खेल रोके जाने से पहले नेपाल ने 44 ओवर में 6 विकेट खोकर 269 रन जोड़े थे। वर्ल्ड कप क्वालीफ़ायर प्लेऑफ



का आयोजन 26 मार्च से पांच अप्रैल तक नामीबिया में होगा। इसमें मेजबान नामीबिया के अलावा यूएई, यूएसए, पापुआ न्यू गिनी, जर्सी और कनाडा की टीमें हिस्सा लेंगी।

## ओडिशा एफसी ने सीजन के अंत तक क्लिफर्ड मिरांडा को बनाया मुख्य कोच

**कटक।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब ओडिशा एफसी ने क्लिफर्ड मिरांडा को सीजन के अंत तक मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की है। मिरांडा, जो आईएसएल 2022-23 सीज़न से पहले सहायक कोच के रूप में क्लब में शामिल हुए थे, टीम की कमान संभालेंगे क्योंकि वे सुपर कप 2023 की तैयारी कर रहे हैं।

ओडिशा एफसी ने इससे पहले शनिवार को पूर्व मुख्य कोच जोसेप गोम्बाउ के साथ साझेदारी की थी। स्पैनियार्ड ने ओडिशा को आईएसएल 2022-23 सीज़न में छठे स्थान पर रहने के लिए निर्देशित किया, जिससे टीम ने इतिहास में पहली बार प्लेऑफ़ में स्थान सुनिश्चित किया। ओडिशा एफसी को अंततः एटीके मोहन बागान ने नॉकआउट में बाहर कर दिया था। ओडिशा एफसी में शामिल होने से पहले, मिरांडा पहले एफसी गोवा की विकास टीम और रिजर्व पक्ष के प्रभारी थे। वह 2018 में गोवा में शामिल हुए थे। पूर्व भारतीय खिलाड़ी तब सहायक कोच के रूप में एफसी गोवा की पहली टीम का हिस्सा थे। सर्जियो लोबेरा के जाने के बाद आईएसएल 2019-20



सीज़न के अंत में उन्हें एफसी गोवा का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। उनके निर्देशन में गोवा ने लीग विनर्स शील्ड हासिल की थी।

## आईएसएल : 100 से अधिक अंडर-23 फुटबॉलरों ने लीग में बिखेरी चमक

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉलरों की युवा ब्रिगेड को विकसित करने की हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की प्रतिबद्धता को प्रतिस्पर्धी टीमों ने इस सीजन में पूरा किया। इन टीमों ने इस सीजन में 100 से अधिक अंडर-23 खिलाड़ियों को मैदान पर उतारा और उन्हें मैच टाइम दिया, जिनमें से 47 फुटबॉलरों ने अपने क्लबों के लिए कम से कम 10 मैचों में शिरकत की।

इस सप्ताह के अंत में ग्रैंड फाइनल खेला जाने वाला है और उससे पहले भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों को 32 नवोदित खिलाड़ियों की प्रतिभा के दर्शन हुए, जो सीजन शुरू होने के समय 23 या उससे कम उम्र के थे। इनके अलावा ऐसे अंडर-23 खिलाड़ियों की एक लंबी सूची है, जो इस सीजन में अपनी टीमों पर छाप छोड़ गए हैं। उभरते हुए भारतीय हीरोज के इस समूह में से शिवशक्ति नारायणन, लिस्टन कोलाको, सुरेश वांगजाम, आशीष राय और रोशन नौरेम जैसे युवा खिलाड़ी बेंगलुरू एफसी और एटीके मोहन बागान के लिए शनिवार, 18 मार्च को फाइनल में खेलेंगे। ये सभी सीजन में अपनी टीमों की सफलता का अभिन्न हिस्सा रहे हैं।

बहुत ही प्रतिस्पर्धात्मक सीजन की शुरुआत के बाद से, आईएसएल के नए प्रारूप और इसके आकर्षक शेड्यूल ने टीमों को शीर्ष स्तर पर अपने युवाओं को आगे बढ़ाने के भरपूर अवसर प्रदान किए हैं।

नए प्रारूप ने छह टीमों को इस सीजन में हीरो आईएसएल के प्लेऑफ चरण में पहुंचाया है। इस फॉर्मेट से टीमों में टूर्नामेंट के अंतिम चरण में जगह बनाने के लिए पहले से कहीं अधिक भूख



थी। इसने युवा भारतीय सितारों को अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने के अवसर दिए क्योंकि टीमों ने आगे बढ़ने के लिए उनका भरपूर इस्तेमाल किया। प्लेऑफ में भी यह सच रहा है, 20 वर्षीय विबिन मोहनन (केरला ब्लास्टर्स एफसी) और 19 वर्षीय लालरिनलियाना हनामते (एटीके मोहन बागान) जैसे युवा खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के सबसे महत्वपूर्ण चरण में उनकी टीमों ने मैदान पर उतारा। मुम्बई सिटी एफसी और बेंगलुरू एफसी के बीच सेमीफाइनल के दूसरे चरण में वांगजाम भी सडेन-डेथ और पेनल्टी लाइन-अप का हिस्सा थे, जबकि नारायणन ने उस मैच में ओपन प्ले से अपनी टीम के एकमात्र गोल में सहायता प्रदान की थी। लीग पहले से कहीं अधिक तेज-तर्रार और प्रतिस्पर्धी हुई है और इस सीजन में युवा भारतीय खिलाड़ियों के विकास ने लीग को रोमांचक स्तर पर पहुंचा दिया। सभी टीमों ने अपनी अकादमी से होनहार युवाओं को फर्स्ट टीम में पदोन्नत किया और साथ ही देश भर में अपने स्काउटिंग नेटवर्क के माध्यम से प्रतिभाओं को आकर्षित किया। चेन्नइयन एफसी के जितेश्वर सिंह ऐसे ही एक खिलाड़ी है, जिन्होंने लीग चरण में टीम के 20 मुकाबलों में से 16 मैच खेले।

आयुष देव छेत्री ने इस सीजन में एफसी गोवा के लिए 19 वर्षीय युवा फुटबॉलर के रूप में डेब्यू किया और टीम की ओर से सभी 20 लीग मैचों में खेले। ऐसा करने वाले वह एकमात्र अंडर-23 भारतीय खिलाड़ी बने। ईस्ट बंगाल एफसी सेंटर-बैक लालचुंगनुंगा का प्रदर्शन अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण था। उन्होंने 21 साल की उम्र में क्लब के लिए डेब्यू करने के बाद 19 मैच खेले थे और वह लीग चरण के दौरान क्लीयरेंस करने वाले डिफेंडरों की सूची में दूसरे स्थान पर रहे। पार्थिब गोगोई (18 मैच) और एमिल बेनी (16 मैच, दोनों नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी), सौरव मंडल (13 मैच) और ब्राइस मिरांडा (12 मैच, दोनों केरला ब्लास्टर्स) ऐसे अन्य युवा खिलाड़ी रहे, जो इस सीजन में डेब्यू करने के बाद अपनी टीम का नियमित हिस्सा बने। ये सभी इस सीजन में अपनी टीम के आधे से अधिक मैचों में खेलने वाले नौ अंडर-23 खिलाड़ियों में शामिल थे।

## दक्षिण अफ्रीका की पूर्व कप्तान डेन वैन नीकेर्क ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी रूपों से लिया संन्यास

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान डेन वैन नीकेर्क ने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी रूपों से संन्यास ले लिया है।

29 वर्षीय नीकेर्क ने देश के लिए एक टेस्ट, 107 एकदिवसीय और 86 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने टेस्ट में एक विकेट, वनडे में 138 विकेट और टी20ई में 65 विकेट लिए। उन्होंने टेस्ट में 22 रन, वनडे में 2175 और सबसे छोटे प्रारूप में 1877 रन बनाकर बल्ले से भी उपयोगी योगदान दिया। वैन नीकेर्क ने आखिरी बार 2021 में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया था। पूर्व कप्तान आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2023 में टीम का हिस्सा नहीं थीं। वैन नीकेर्क की अनुपस्थिति में सुने लुस को प्रोटियाज महिला टीम की बागडोर सौपीं गई थी। घर में आयोजित टी-20 विश्व कप में दक्षिण ने फाइनल में जगह बनाई थी।

वैन नीकेर्क ने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट द्वारा जारी एक




आधिकारिक बयान में कहा,बहुत दुख के साथ है कि मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा करती हूं। अपने देश का नेतृत्व और प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान रहा है। मैं अपने परिवर्तनकारी वर्षों के माध्यम से टीम का नेतृत्व करने के लिए अविश्वसनीय रूप से खुद को धन्य महसूस करती हूं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि महिला खेल एक रोमांचक समय में है और इस खूबसूरत खेल को देखने के लिए उत्सुक हूं, जिसे मैं विकसित करना पसंद करती हूं।

उन्होंने कहा, मैं अपने करियर को प्यार करती हूं और कुछ अविश्वसनीय यादें बनाई हैं और समर्थन के लिए क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका और अन्य सभी हितधारकों को धन्यवाद देना चाहती हूं। अक्सर यात्रा अकेली, दर्दनाक और भावनात्मक हो सकती है, लेकिन मैं इसे किसी भी चीज़ के लिए नहीं बदलूंगी इस खेल ने मुझे जो दिया है, उसके लिए मैं आभारी हूं।

वह फ्रैंचाइज़ी क्रिकेट में भाग लेना जारी रखेगी, जहाँ वह वर्तमान में महिला प्रीमियर लीग के उद्घाटन संस्करण में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम की सदस्य हैं।

## मेसी के प्रति अटूट दिवानगी, टिकट खरीदने को उमड़े 10 लाख प्रशंसक

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना का विश्व चैंपियन बनने के बाद स्वदेश में पहला मैत्री मैच देखने के लिए 10 लाख से अधिक प्रशंसक ऑनलाइन टिकट खरीदने के लिए उमड़ पड़े। लियोनेल मेसी की टीम 23 मार्च को पनामा के खिलाफ ब्यूनस आयर्स के मोनुमेंटल डे नुनेज स्टेडियम में मैत्री मैच खेलेगी। अर्जेंटीना के फुटबॉल संघ ने इस मैच के लिए 63000 टिकट बिक्री के लिए रखे थे जिनकी कीमत 57 अमेरिकी डॉलर से 240 अमेरिकी डॉलर रखी गई थी। टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुरू होने के कुछ समय बाद ही मैच के सभी टिकट बिक गए। टिकटों की कीमतों ने आर्थिक संकट से जूझ रहे दक्षिण अमेरिका के इस देश में चर्चा शुरू हो गई है लेकिन इसके बावजूद सभी टिकट केवल दो घंटे में बिक गए। अर्जेंटीना 28 मार्च को सैंटियागो डेल एस्टेरो प्रांत में कुराकाओ के खिलाफ एक और मैत्री मैच खेलेगा। उस मैच के टिकट अभी उपलब्ध नहीं हैं।



## भारत का FIH Pro League में दमदार प्रदर्शन, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ा

**नई दिल्ली।** एफआईएच प्रो लीग मैचों में विश्व चैंपियन जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो-दो जीत के दम पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच (विश्व हॉकी महासंघ) रैंकिंग में दो स्थान की छलांग लगाकर चौथे पायदान पर पहुंच गई। इससे भारत रैंकिंग में हॉकी की सबसे मजबूत टीमों में से एक ऑस्ट्रेलिया से स्थान आगे निकल गया। ऑस्ट्रेलिया की टीम पांचवें स्थान पर खिसक गई है।

इस साल जनवरी में ओडिशा में विश्व कप खिताब जीतने के बाद शीर्ष स्थान पर पहुंचने वाला जर्मनी भारत से लगातार दो मैच हारने के बाद भी दो पायदान नीचे तीसरे स्थान पर खिसक गया। इस विश्व कप में भारतीय टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में नाकाम रही



थी। भारत ने प्रो लीग के अपने मैचों में जर्मनी को 3-2 और 6-3 जबकि ऑस्ट्रेलिया को 5-4 और नियमित समय में मैच 2-2 की बराबरी पर छूटने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से शिकस्त दी। लगातार चार मैचों में जीत से भारत एफआईएच प्रो लीग के अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। इसके साथ ही हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने एफआईएच छठे से चौथे स्थान पर आ गयी। विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाला नीदरलैंड शीर्ष स्थान पर है जबकि उपविजेता बेल्जियम नवीनतम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, '' ये चीजें (विश्व रैंकिंग) हमारे लिए ज्यादा मायने नहीं रखती हैं। जब हम खेलते हैं तो हम इसे ध्यान में नहीं रखते हैं। हमारी एकमात्र प्राथमिकता अपने मौके को भुनाना और प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाए रखने की होती है।

## रोमांचक मैच में गुजरात की जीत, दिल्ली को 11 रन से मिली शिकस्त

**नई दिल्ली।** वीमेंस प्रीमियर लीग में गुजरात जायंट्स ने दिल्ली कैप्टिल्स वीमेंस को रोमांचक मुकाबले में 11 रनों से मात दी। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 148 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में दिल्ली की पूरी टीम 18.4 ओर में 136 रनों पर सिमट गई। दिल्ली को 2 ओवर में 12 रनों की जरूरत थी, जबकि उनके पास एक विकेट हाथ में थी, लेकिन गुजरात की ओर से पूनम यादव ने आखिरी विकेट चटकाकर टीम को जीत दिलाई।

पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात की और से लौरा वोल्वाईट ने 45 गेंदों में 6 चौके और 1 छक्के की मदद से 57 रनों की पारी खेली, जबकि एशले गार्डनर ने 33 गेंदों में 9 चौकों की



मदद से 51 नाबाद रनों की पारी खेली।इन दोनों बल्लेबाजों के अलावा सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकले मात्र 4 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद हरलीन देओल ने पारी को संभाला और उन्होंने 31 रनों की पारी खेली। दयालन हेमलता मात्र 1 रन पर ही आउट हो गईं। दिल्ली की ओर से जेस जोनासेन से सर्वश्रेष्ठ दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की ओर से मारिजैन कप्प ने सर्वश्रेष्ठ 29 गेंदों में 36 रनों की पारी खेली। उनके अलावा एलिस कैप्सी ने 22, अनुधती रेड्डी ने 25 और कप्तान मैग लैनिंग ने 18 रनों की पारी खेली। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 10 का आंकड़ा भी नहीं छू पाया और टीम को आखिरी पलों में हार का सामना करना पड़ा। गुजरात की ओर से किम गार्थ, तनुजा कनवर और एशले गार्डनर तीनों ने 2-2 विकेट चटकाए, जबकि स्नेह राणा और हरलीन देओल ने 1-1 विकेट हासिल की।

## ऋषभ पंत से मिले Yuvraj Singh, फोटो शेयर कर लिखा- यह चैम्पियन फिर से उभरेगा

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व ऑलराऊंडर युवराज सिंह ने सोशल मीडिया पर ऋषभ पंत के साथ एक फोटो शेयर की है। पंत बीते साल कार हादसे का शिकार हो गए थे। वह अभी अपने पैतृक स्थान पर हैं जहां उनका इलाज चल रहा है। इसी बीच युवराज उनसे मिलने पहुंचे और उनका उत्साह बढ़ाया। युवराज ने पंत के साथ फोटो शेयर कर लिखा- बच्चों के कदमों पर। यह चैम्पियन जल्द उभरेगा। उनके साथ बातचीत करना अच्छा रहा। वह सकारात्मक और हास्यास्पद आदमी है। आपके लिए अधिक शक्ति ऋषभ पंत। फोटो बाहर आते ही सोशल मीडिया पर कमेंट्स की भरमार हो गई। पंत ने कुछ दिन पहले अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शतरंज खेलते हुए अपनी एक फोटो भी शेयर की थी। एक छत पर टेबल पर उसके सामने शतरंज की बिसात पड़ी थी, साथ ही एक खाली कुर्सी भी थी। वह किसी के साथ शतरंज खेलते हुए दिखाई दिए, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि विकेटकीपर-बल्लेबाज किसके साथ



खेल रहा था। उन्होंने फोटो के साथ कैप्शन भी दिया- क्या कोई अनुमान लगा सकता है कि कौन खेल रहा है?इससे पहले, पंत ने लिगामेंट टियर से संबंधित अपनी सर्जरी पर अपडेट दिया था। पंत ने ट्विटर पर लिखा था- मैं सभी समर्थन और शुभकामनाओं के लिए आभारी और आभारी हूं। मुझे



आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मेरी सर्जरी सफल रही। ठीक होने की राह शुरू हो गई है और मैं आगे की चुनौतियों के लिए तैयार हूं। बीसीसीआई और सरकारी अधिकारियों को उनके अविश्वसनीय समर्थन के लिए धन्यवाद। बता दें कि हादसे के बाद से पंत लगातार रिकवरी के रास्ते पर हैं। क्योंकि क्रिकेट विश्व कप इसी साल भारत में होना है तो ऐसे में क्रिकेट फैंस उम्मीद लगाए बैठे हैं कि वह ठीक होकर टीम इंडिया में वापसी कर लेंगे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 18 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

## न्यूज फ्लैश

### मोतिहारी: ओलावृष्टि ने मचायी तबाही

**टीम एक्शन इंडिया/मोतिहारी**

जिले में बीते आधी रात के बाद तेज हवा के साथ जमकर बारिश और ओलावृष्टि ने भारी तबाही मचाई है ।मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार तेज हवा के साथ पानी और ओलावृष्टि से खेतों में लगी गेहूँ,मक्का समेत सभी रबी फसलो को भारी नुकसान हुआ है ।वही पककर तैयार हो चुके या कटनी के बाद खलिहान में पहुंच चुके सरसो की फसल के साथ आम और लीची के फसल को भी काफी नुकसान हुआ है। तेज हवा ने गेहूँ और मक्का के फसल को जमींदोज कर दिया है ।हर तरफ बबार्दी का आलम देखने को मिल रहा है। कृषि विभाग की माने तो तेज हवा के साथ बारिश और ओलावृष्टि से जिले के सभी 27 प्रखंड प्रभावित हुए है लेकिन इसका सर्वाधिक असर जिले के तेतरिया,मधुबन,राजेपुर,चकिया व पकड़ीदयाल में देखने को मिल रहा है। जहां ओलावृष्टि से खेतो में सफेद चादर सा बिछ गया था। जिला कृषि पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि क्षति व्यापक पैमाने पर हुआ है ।उन्होने बताया कि किसानों के फसलों क्षति का आकलन करने के लिए सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी,कृषि समन्वयक व कृषि सलाहकार को निर्देश देते प्रतिवेदन जल्द सौपने को कहा गया है,उक्त रिपोर्ट आने के बाद पक्के तौर नुकसान का आकलन हो पायेगा ।फिलहाल नुकसान का आकलन कब होगी किसानो के बर्बाद फसलो की भरपायी होगी या नही इन सभी यक्ष प्रश्नो के बीच जिले के किसानो में मायूसी व्याप्त है।

### उप्र में 29 अपर पुलिस अधीक्षकों के तबादले

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में लगातार तबादले हो रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को राज्य सरकार ने 29 अपर पुलिस अधीक्षकों का तबादला किया है। तबादले के क्रम में पुलिस मुख्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात ओमप्रकाश सिंह तृतीय को अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल मिजार्पुर बनायाा गया है। इसी तरह ज्ञानेंद्र नाथ प्रसाद इटावा से गाजीपुर, हरिगोविंद को मथुरा से एएसपी प्रशिक्षण मुख्यालय लखनऊ, अरुण सिंह को एडीजी जोन आगरा से डिप्टी कमांडेंट पीएसी लखनऊ, दिनेश पुरी को फायर सर्विस का चार्ज सौंपा गया है। इसी तरह राजेश पांडेय को डिप्टी कमांडेंट पीएसी लखनऊ से एएसपी कानपुर देहात, राजेश कुमार श्रीवास्तव को अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ से कानपुर कमिश्नरेट का अपर पुलिस उपायुक्त, अभय नाथ त्रिपाठी लखनऊ में बने रहेंगे। अवनीश मिश्रा को अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ से एएसपी क्राइम मथुरा, घनश्याम को कानपुर देहात से एएसपी इंटेलिजेंस लखनऊ, पुलिस अकादमी मुरादाबाद से मोनिका चड्ढा को एएसपी इंटेलिजेंस लखनऊ, बसंत लाल एडीसीपी कानपुर से हटाकर लखनऊ भेजा गया है।

# राम मंदिर का गर्भगृह 70% तैयार

**200 बीम की नक्काशी का काम पूरा, चौखट-दीवार और सिंहद्वार तैयार हो रहे, रामलला के दर्शन यानी गर्भगृह तक पहुंचने के लिए 32 सीढ़ियां बननी हैं, इनमें से 24 बन चुकी हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

**अयोध्या** में बन रहे राम मंदिर की नई तस्वीरें सामने आई हैं। पहली बार इनमें दिख रहा है कि मंदिर के गर्भगृह में सभी स्तंभ खड़े किए जा चुके हैं। रामलला के दर्शन यानी गर्भगृह तक पहुंचने के लिए 32 सीढ़ियां बननी हैं, इनमें से 24 बन चुकी हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक मंदिर अब आकार लेने लगा है। भूतल का 70% काम पूरा हो चुका है। इन तस्वीरों को ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने जारी किया है।

**राम मंदिर के गर्भगृह के तीन तरफ दीवारें:** राम मंदिर के गर्भगृह के एक हिस्से में चौखट और 20 फीट ऊंची दीवारें आकार लेती दिख रही हैं। ये मकराना के सफेद संगमरमर से बनाई जा रही हैं। इनके अलावा तस्वीरों में सिंहद्वार, गर्भगृह की दीवारें और पिलर निर्माण भी नजर आ रही है। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने



बताया, "मंदिर निर्माण का काम तय समय से आगे बढ़ रहा है। जल्द ही गर्भगृह की बीम डालने का काम शुरू हो जाएगा। राम मंदिर की छत के करीब 200 बीम की नक्काशी का काम हो चुका है। बीम की तराशी रामसेवक पुरम और रामघाट स्थित कार्यशाला में हो रही है। जो पत्थर तराशे जा चुके हैं, उन्हें राम जन्मभूमि परिसर में पहुंचाया जा रहा है।"

**अयोध्या में सोने के सिंहासन पर विराजेंगे रामलला:** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की अयोध्या। इस वक्त यहां रामलला के भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण कार्य जारी है। मंदिर का काम 3 फेज में होना है। पहले फेज का काम दिसंबर 2023 में पूरा हो जाएगा। इसमें गर्भगृह भी शामिल है। जनवरी 2024 में मकर संक्रांति के दिन इसी गर्भगृह में रामलला विराजमान होंगे। नेपाल के जनकपुर से 40 टन वजनी शालिग्राम की 2 शिलाएं 7 दिन के सफर के बाद अयोध्या पहुंचीं। इन्हीं शिलाओं से भगवान राम और माता सीता की भव्य मूर्तियां बनाई जाएंगी। माना जा रहा है कि ये मूर्तियां अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर के गर्भगृह में स्थापित की जाएंगी। त्रिपुरा में भाजपा की जन विश्वास यात्रा की सभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की तारीख का ऐलान किया है। उन्होंने कहा- 1 जनवरी 2024 तक मंदिर तैयार हो जाएगा। उन्होंने त्रिपुरा के लोगों से टिकट बुक कराने के लिए भी कहा था।

### काम जोरों पर

- 'मंदिर निर्माण का काम तय समय से आगे बढ़ रहा है। जल्द ही गर्भगृह की बीम डालने का काम शुरू हो जाएगा'

## 350 मजदूर और कारीगर दिन-रात मंदिर निर्माण काम में जुटे

### टाइमलाइन के अनुसार

- जन्मभूमि पर 350 मजदूर और कारीगर काम कर रहे हैं। एक हजार मजदूर और कारीगर वंशी पहाड़पुर में काम कर रहे हैं

श्रीराम जन्मभूमि के ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र बताते हैं कि मंदिर निर्माण का कार्य बहुत तेजी से चल रहा है। फिलहाल जन्मभूमि पर 350 मजदूर और कारीगर दिन-रात काम कर रहे हैं। इसके साथ ही करीब एक हजार मजदूर और कारीगर राजस्थान में भरतपुर जिले के वंशी पहाड़पुर में काम कर रहे हैं। यहां वो मंदिर में इस्तेमाल होने वाले पत्थरों को तराशने का काम कर रहे हैं।




यहीं से पिंक स्टोन मंदिर के लिए लाए जा रहे है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि राम मंदिर का निर्माण पहले से चल रहे टाइमलाइन के अनुसार हो रहा है और इस साल के आखिर तक हम प्राण प्रतिष्ठा कर सकते हैं। रामलला की प्रतिमा आसमानी और ग्रे कलर के पत्थरों से तैयार होगी, जो देखने में काफी खूबसूरत होगी। यह मूर्ति 5 साल के बालक के स्वरूप पर बनाई जाएगी। जिसकी ऊंचाई साढ़े आठ फीट होगी। मूर्ति के प्रारूप के तौर पर 9 इंच से 12 इंच तक के मॉडल बनाए जाएंगे। राय ने बताया राम भक्तों को अपने आराध्य के दर्शन लगभग 30 से 35 फीट की दूरी से होंगे।

## सीएम धामी ने स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/गैरसैंण**

**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैरसैंण का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों का हालचाल लेते हुए अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता व मरीजों के लिए अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने बन रहे 50 बेड के उप जिला चिकित्सालय के नवीन भवन की कार्य प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को इसका निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने



के लिए सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य के दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत बनाने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं। आयुष्मान योजना के तहत इस बार बजट में वृद्धि की गई है। इस योजना का लाभ सभी कार्ड धारकों को मिले, यह सरकार की प्राथमिकता है।

## 'हेमवती नंदन ने कभी नहीं किया मूल्यों से समझौता'

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर उन्हें राज्य सरकार और प्रदेशवासियों की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कांग्रेस ने इस देश में लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश की तब हेमवती नंदन बहुगुणा को मतभेद के चलते मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देना पड़ा था। इसके बावजूद बहुगुणा जी ने कभी भी अपने मूल्यों और आदर्शों को नहीं छोड़ा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि स्वर्गीय बहुगुणा का



जन्म आज के उत्तराखंड के पौड़ी जनपद में हुआ था। बचपन की शिक्षा गांव में प्राप्त करने के बाद आगे की पढ़ाई के लिए वे प्रयागराज आए। उच्च शिक्षा के दौरान ही देश की आजादी के आंदोलन से जुड़ गये। भारत छोड़ो आंदोलन और अन्य आंदोलनों में उन्होंने बढ़ चढ़कर भाग लिया। स्वतंत्र भारत में अनेक सामाजिक, राजनीतिक गतिविधियों के साथ जुड़ते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने अपना योग्य और तेजस्वी नेतृत्व दिया।श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं केशव प्रसाद मौर्य, वित्तमंत्री सुरेश खन्ना और मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र मौजूद रहे।

### याद किया

- लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश की तब हेमवती नंदन को मतभेद के चलते सीएम पद से त्यागपत्र देना पड़ा था


## 'निर्माण कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/झांसी**

**झांसी** के सर्किट हाउस पहुंचे लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने साफ शब्दों में अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस संबंध में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। वह सर्किट हाउस में बैठक के बाद पत्रकारों से मुखातिब हो रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि आज उन्होंने विधायकों व अधिकारियों के साथ बैठकर एक एक सड़क निर्माण से लेकर सेतु निर्माण के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की है।



डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को परिसर के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में भव्यता से सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल आन्दीबेन पटेल ने की।



MARUTI
nandan printers

8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE

Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

THE PRINTING HUB
COMPLETE
CTP UNIT
BASYS PRINT




Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546

## लोकसभा-विधानसभा लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर: कुलदीप सिंह पठानिया

**टीम एक्शन इंडिया /शिमला/चमन शर्मा**

**गत** दिवस को को पूर्वाह्न 10 :30 बजे 14वीं विधानसभा के बजट सत्र देखने आये संजौली महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं के साथ विधान सभा परिसर में सदन की कार्यवाही देखने से पूर्व हिमाचल प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मुलाकात की। इस दौरान छात्र–छात्राओं ने विधान सभा अध्यक्ष से आज होने वाली कार्यवाही के बारे पूछा तथा संसदीय प्रणाली की जानकारी ली ।इस अवसर पर पठानिया ने छात्र–छात्राओं को अपनी शुभकामनायें देते हुए कहा



कि लोकसभा तथा विधान सभा लोकतन्त्र के सबसे बड़े मन्दिर है तथा आज के युवा जिस तरह संसदीय प्रणाली की ओर आकर्षित हो रहे है इससे लोकतन्त्र की मजबुती को और बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि सदन ही एक ऐसा सर्वोत्तम स्थान है जहां चुने हुए प्रतिनिधि जनहित से जुड़े मुद्दों को उठा सकते है तथा उनका समाधान भी सम्भव हो पाता है।

## अग्निवीर वायु भर्ती के आवेदन 17 से 31 मार्च तक जमा होंगे

**बीकानेर:** भारतीय वायु सेना में अग्निपथ स्कीम के तहत अग्निवीर वायु भर्ती प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन आवेदन 17 मार्च से 31 मार्च तक जमा करवाए जा सकेंगे। 5 ए एस सी ए एफ के विंग कमांडर कमांडिंग ऑफिसर अभिषेक सिंह ने बताया कि साढे. 17 से 21 वर्ष आयु के( 26 दिसंबर 2002 से 26 जून 2006 के बीच जन्मे) अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवार पात्र हैं। आवेदक का 12वीं कक्षा, विज्ञान संकाय में गणित, भौतिक, अंग्रेजी विषय एवं कला तथा वाणिज्य संकाय में किसी भी विषय के साथ 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है।

**बढ़ता कुनबा** करौली, धौलपुर व भरतपुर के जंगलों को जोड़कर प्रदेश का पांचवा टाइगर रिजर्व तैयार किया जा रहा

## दस जिलों के जंगलों को एक बार फिर से बाघों का घर बनाने की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

**वन** विभाग की ओर से प्रदेश में बाघों के बढ़ते कुनबे को देखते हुए प्रदेश के दस जिलों के जंगलों को एक बार फिर से बाघों का घर बनाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए वन विभाग की ओर से रिवाइल्डिंग प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। इसी क्रम में वन विभाग की ओर से हाल ही में करौली, धौलपुर व भरतपुर के जंगलों को जोड़कर प्रदेश का पांचवा टाइगर रिजर्व तैयार किया जा रहा है। जल्द ही अन्य जिलों में भी बाघों को बसाने की दिशा में वन विभाग की ओर से कार्य किया जाएगा। वर्ष 1970-75 तक राजस्थान के 21 जिलों के जंगलों



में टाइगर की दहाड़ सुनाई देती थी। अब जल्द ही राजस्थान के 10 से ज्यादा जिलों में टाइगर की दहाड़ सुनाई दे सकती है। इसके लिए उन जिलों में जंगल बसाए जाएंगे, जहां 50 साल पहले तक बाघ थे। गौरतलब है कि वर्तमान में प्रदेश के जंगलों में 100 से अधिक बाघ-बाघिन है। राजस्थान देश का ऐसा नौंवां राज्य है जहां के जंगलों में सौ से अधिक बाघ-बाघिन है। धौलपुर के बाद अगला नम्बर कुम्भलगढ़ के जंगलों का है जिसे टाइगर सेंचुरी के लिए केन्द्र सरकार की मंजूरी जल्द ही मिल सकती है। वर्तमान में राजस्थान में सवाईमाधोपुर, कोटा, बूंदी, करौली, धौलपुर, अलवर जिलों में ही बाघ पाए जाते हैं। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार भीलवाड़ा, चितौड़गढ़, बूंदी जिलों के सीमावर्ती क्षेत्र मेनाल, रावतभाटा, बिजौलिया, भीमलत के जंगलों में 1975 तक टाइगर देखे गए हैं। इन जंगलों में अब भी टाइगर के लिए संभावनाएं मौजूद हैं।